राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# चौथी वाणी

एक अखबार, पूरा हिन्दुस्तान

पटना (बिहार) से प्रकाशित

वर्ष : 01 | अंक : 47 | बृहस्पतिवार, 17 फरवरी 2022 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2 रुपये | ई मेल : chauthivanii@gmail.com | www.chauthivani.com




डोभाल के घर में जबरन घुस रहा था शख्स, गिरफ्तार

# पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने राजगीर में किया जू सफारी का लोकार्पण

■ राजगीर ।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को और बढ़ावा दिया जायेगा। 2019 में बोधगया व गया के बाद राजगीर देखने के लिए दो करोड़ पर्यटक लोग आए हैं।अब अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर में लोग वन्य प्राणी जू सफारी का आनंद ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने यह बातें बुधवार को जू सफारी का उद्घाटन करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि' जू सफारी का निर्माण बेहतर तरह से कराया गया है। इस सफारी को देखने में कम से कम पर्यटकों को डेढ़ घंटे लगेंगे। इस सफारी के अंदर 6 शेर, 2 बाघ, दो तेंदुआ, दो भालू व काफी संख्या में हिरण हैं। पहले हिरण इधर-उधर जंगल में भटकते रहते थे उनको एक जगह पर किया गया है। उन्होंने कहा कि नेचर सफारी की आधारशिला 2016 में रखा गयी थी। जिसका डिजाइन कई बार किया गया। अंत में 2022 फरवरी को पूरा कर इसको पर्यटकों के लिए चालू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जू सफारी में टिकट बाउंड्री, कंट्रोल रूम ,180 थिएटर, शौचालय सहित अन्य की सुविधाएं लोगों को मुहैया करायी गयी हैं। इतना ही नहीं जू सफारी के अंदर पर्यटकों के लिए सेल्फी फोटो लेने का स्थल भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जू सफारी के संबंध में प्रधानमंत्री से बात की थी। जिसके बाद जू सफारी के लिए 6 शेर उपलब्ध कराये गये। इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र से संपर्क किया जा रहा है ताकि यहां और वन्य प्राणी लाए जा सकें।



गाड़ी पर सवार होकर जू सफारी का आनंद लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

उन्होंने कहा कि जू सफारी के अंदर जितनी तरह के जीव हैं उनके भोजन से लेकर चिकित्सा तक की उत्तम व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि जू सफारी का आनंद लेने वाले लोगों के लिए वर्तमान समय में 20 वाहनों का खरीदारी की गयी है। इतना ही नहीं पर्यटकों के लिए पेयजल, शौचालय सहित अन्य तरह की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नेचर सफारी का निर्माण जू सफारी के बगल में कराया गया है । इस सफारी के अंदर ग्लास स्काईवॉक है जो देश का इकलौता है। उन्होंने कहा कि नेचर सफारी का आनंद लेने के लिए काफी संख्या में लोग आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 2019 के आंकड़ों के अनुसार बताया कि बोधगया व गया के बाद राजगीर देखने के लिए दो करोड़ पर्यटक लोग आए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। 2009 में दिसम्बर में 7 दिनों के लिए प्रयास किए थे उसके जिक्र करते हुए कहा कि उस समय कई तरह के राजगीर के चीजों को देखकर विकसित किया गया। यहां पर पांडू पोखर, इको टूरिज्म के रूप में घोड़ा कटोरा जलाशय,अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया गया। इतना ही नहीं जहां भगवान बुद्ध रहा करते थे उस वेणु वन का विस्तार किया गया है। उसे अच्छी संख्या में

- बोले-सफारी को देखने में कम से कम पर्यटकों को डेढ़ घंटे लगेंगे
- इसके अंदर 6 शेर, 2 बाघ, दो तेंदुआ, दो भालू व काफी हिरण हैं
- पर्यटकों के लिए सेल्फी फोटो लेने का स्थल भी बनाया गया है
- तमिलनाडु और महाराष्ट्र से यहां और वन्य प्राणी लाए जायेंगे
- राजगीर,नवादा, गया व बोधगया के हर घर तक गंगाजल मुहैया होगा

लोग देखते हैं। घोड़ा कटोरा जलाशय के बीच भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गयी है। इतना ही नहीं घोड़ा कटोरा के पास इको पार्क का निर्माण कराया गया है। जिसका अच्छी संख्या में लोग आनंद ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ' राजगीर पांच धर्मों का संगम स्थल है। इस स्थल का सर्वांगीण विकास करना हमारा दायित्व था और विकास किया गया।' उन्होंने कहा कि ' नेचर सफारी में जाने के लिए एक रास्ते का निर्माण कराया जाएगा जिसका स्थल का चयन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोन भंडार से होकर जरासंध के अखाड़ा होते हुए जाते हैं जिसके कारण स्वर्ण भंडार और जरासंध के अखाड़ा को लोग नहीं देख रहे हैं। इसी के आलोक में नेचर सफारी के लिए अलग से रास्ता का निर्माण कराया जाएगा। यह रास्ता जू सफारी के निकट से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर,नवादा,गया व बोधगया के घर-घर तक गंगाजल मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि राजगीर पर्यटन स्थल पर सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया गया। उसके उपरांत पटना एवं बोधगया में सेंटर का निर्माण कराया गया। राजगीर को इस तरह से संवारा या सजाया जा रहा है कि बच्चे यहां के बारे में जाने और एहसास कर सकें। उन्होंने कहा कि राजगीर में पहले एक सीट का रोपवे हुआ करता था। उसके बगल में अब पर्यटकों के लिए 8 सीट के रोपवे का निर्माण कराया गया है। जिसका आनंद पर्यटक लोग ले रहे हैं। उन्होंने पहले राजगीर की स्थिति बहुत ही दयनीय थी और अब जो विकास किया गया है वह देखने योग्य है। उन्होंने कहा कि राजगीर में पांच पहाड़ हैं इन पहाड़ों पर साइक्लोपीयन वॉल है। इस तरह का साइक्लोपीयन वॉल पूरे विश्व में कहीं एक देश में और है। उन्होंने कहा कि साइक्लोपीयन वॉल को विश्व धरोहर की सूची में जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, प्रेम कुमार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, आरक्षी अधीक्षक अशोक कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता सेनानी स्व. रामनारायण बाबू के पुत्र का निधन

**लालगंज(चौथी वाणी)।** सराय थाना क्षेत्र के प्रबोधी नरेंद्र ग्राम के पूर्व मुखिया एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामनारायण सिंह के 70 वर्षीय पुत्र श्री रणविजय कुमार सिंह के असामयिक निधन होने से लालगंज सहित अन्य क्षेत्रों



में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि रणविजय बाबू की मृत्यु 10 फरवरी कि रात्री में हुई।स्वर्गीय सिंह कुछ समय से न्यूरो की समस्या से ग्रसित थे। ये अपने पीछे एक पुत्र शिक्षक राजेश कुमार "टुनटुन" जी एवं तीन पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस संदर्भ में स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वर्गीय सिंह का परिवार समाज एवं देश के हित में अपना तन मन और धन को निछावर किया है, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मुखिया राम नारायण सिंह एवं उनका परिवार गरीब निःसहाय परिवारों के लिए हमेशा खड़े रहे है। उनके परिवार द्वारा अनवरपुर पंचायत में पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र, देशप्रेमी तरुण मंडल पुस्तकालय एवं विद्यालय निर्माण हेतु जमीन दान दिया गया।इस खबर के सुनते ही लालगंज विधायक संजय कुमार सिंह,भाजपा नेता राकेश सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मुखिया सुनील कुमार सिंह, मुखिया कुणाल सिंह, रूपेश कुमार सिंह, प्रगति जी, नकुल गुप्ता, रिंटू सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष नवल सिंह, निरंजन कुमार सिंह, श्रीकांत सिंह, अरुण कुमार सिंह, अजय सिंह, गोपाल सिंह, सुधीर कुमार, सतीश कुमार सिंह, डॉ आमोद प्रबोधी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होकर इस दुःख की घड़ी में परिवार को ढाढ़स बंधाया और अपनी शोक संवेदना प्रगट किये।

### विज्ञान के विकास पर ही निर्भर करता है देश का भविष्य अचार्य सुदर्शन

**चौथी वाणी / पटना :-** अचार्य सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल परिसर में धूमधाम के साथ विज्ञान प्रदर्शनी सह व्यंजन मेला का आयोजन किया गया` इस मौके पर बच्चों ने तरह-तरह के विज्ञान मॉडल को प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा और कौशल से दर्शकों का मन मोह लियो इसके अलावा समाज विज्ञान, कला और साहित्य से संबंधित मॉडल भी प्रदर्शित किए गए` बच्चों की वाणिज्य प्रतिभा प्रदर्शन हेतु कई सुंदर भोज्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए गए` इस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आई.पी.एस. अधिकारी विकास वैभव मौजूद थे`

### फतुहा में लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान का भव्य स्वागत

**चौथी वाणी / फतुहा।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का पटना से मोकामा जाने के दौरान फतुहा फोर लाइन सड़क पर पटना



जिला पूर्वी युवा अध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में लोजपा कार्यकताओं के फूल -मलाओं से भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर लोजपा (रामविलास) के युवा जिला अध्यक्ष पटना पुर्वी रंजीत यादव ने फतुहा के धवस्त पुनपुन लोहा पुल के निर्मॉण के लिए एक आवेदन देकर बनवाने की मांग की जिस पर उन्होंने कहा की संबधित विभाग के केन्द्रीय मंत्री और बिहार सरकार के पथ निर्मॉण मंत्री से बात करने का भरोसा दिया।मौके पर महेंद्र पासवान, राजु कुमार, सोनु कुमार ,मनीष , मंटु कुमार आदि मौजूद थे।

### मैट्रिक परीक्षा आज से

**पटना।** मैट्रिक वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू होगी। यह परीक्षा 24 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा संचालन के लिए राज्यभर में 15,25 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इस वर्ष 16,48,894 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पटना जिले में कुल 74 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिले से 70,995 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रथम दिन यानी 17 फरवरी को दोनों पालियों में गणित विषय की परीक्षा ली जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 से 12.45 बजे तक संचालित होगी। दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 1.45 से 5.00 बजे तक संचालित होगी।

### कश्मीर में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**श्रीनगर।** कश्मीर में बुधवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के पहलगाम इलाके में था। भूकंप के कारण किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी के मुताबिक,कश्मीर में भूकंप के यह झटके तड़के करीब पांच बजकर 43 मिनट पर महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गयी।

### राहुल पर टिप्पणी को लेकर असम के सीएम पर मुकदमा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रमुख और पार्टी सांसद ए आर रेड्डी की शिकायत पर जुबली हिल्स थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया,' कानूनी राय लेने के बाद आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।' रेड्डी ने शिकायत में सरमा पर राहुल गांधी के खिलाफ 11 फरवरी को उत्तराखंड में एक जनसभा में राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए पूर्व नियोजित तरीके से आपत्तिजनक भाषण देने का आरोप लगाया और असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी।

# नहीं रहे 'डिस्को किंग' बप्पी लाहिड़ी

**मुंबई (भाषा)।** भारत में 80 और 90 के दशक में सिनेमा में डिस्को संगीत को लोकप्रिय बनाने वाले गायक-संगीतकार बप्पी लाहिड़ी का स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतों के कारण निधन हो गया। उनका इलाज कर रहे एक डॉक्टर ने बुधवार को यह जानकारी दी। लाहिड़ी ने जुहू के क्रिटिकेयर हॉस्पिटल में मंगलवार की रात को अंतिम सांस ली। वह 69 वर्ष के थे।

अस्पताल के निदेशक डॉ. दीपक नमजोशी ने बुधवार को बताया,'लाहिड़ी करीब एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे और उन्हें सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दी गयी थी,लेकिन उनकी सेहत मंगलवार को बिगड़ गई और उनके परिवार ने एक डॉक्टर को घर बुलाया। उन्हें अस्पताल लाया गया। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतें थीं। उनकी देर रात ओएसए (ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया) के कारण मौत हो गई।' गायक ने पिछले साल सितम्बर में उन खबरों को खारिज कर दिया था कि उन्होंने अपनी आवाज खो दी है। उन्होंने ऐसी अफवाहों को दिल तोड़ने वाली बताया था। सोने की मोटी जंजीरें और चश्मा पहनने के लिए पहचाने जाने वाले गायक-संगीतकार ने 70-80 के दशक में कई फिल्मों के लिए



- ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया सहित कई रोगों से जूझ रहे थे
- गायक-संगीतकार का मुम्बई में आज होगा अंतिम संस्कार

संगीत रचना की जिन्हें खासी लोकप्रियता मिली। इन फिल्मों में 'चलते-चलते', 'डिस्को डांसर' और 'शराबी' शामिल हैं। लाहिड़ी के परिवार में उनकी पत्नी चित्राणी,पुत्री रीमा और पुत्र बप्पा लाहिड़ी हैं। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा क्योंकि परिवार उनके बेटे एवं संगीतकार बप्पा लाहिड़ी के अमेरिका के लॉस एंजिलिस से लौटने का इंतजार कर रहा है। लाहिड़ी के दामाद गोविंद बंसल ने कहा,'अंतिम संस्कार जुहू के पवन हंस शवदाहगृह में किया जाएगा।' लाहिड़ी के परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है "यह हमारे लिए अत्यंत दुखद समय है। हमारे प्रिय बप्पी दा बीती रात हमें छोड़ गए। हम उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा।' लाहिड़ी ने आखिरी बार सितम्बर 2021 में 'गणपति बप्पा मोरिया' में काम किया था। उन्होंने अमेरिका स्थित भारतीय गायक अनुराधा जुजु पलाकुर्ती की आवाज वाले भक्ति गीतों के लिए भी संगीत दिया। लाहिड़ी को 1970 से लेकर 1990 के दौरान भारतीय सिनेमा में "आय एम ए डिस्को डांसर", "जिम्मी जिम्मी", "पग घुंघरू", "इंतेहा हो गयी", "तम्मा तम्मा लोगे", "यार बिना चैन कहां रे", "आज रपट जाए तो" तथा "चलते चलते" जैसे गीतों से डिस्को संगीत का दौर शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने 2000 के दशक में "टैक्सी नंबर 9211" (2006) का "बम्बई नगरिया" और "द डर्टी पिक्चर" (2011) के "उह ला ला" जैसे हिट गीतों को भी अपनी आवाज दी।

# अपराधियों से मुक्ति दिला रही भाजपा सरकार : मोदी

**सीतापुर(वार्ता)।** समाजवादी पार्टी का नाम लिये बगैर उसे दंगाइयों,माफिया और गुंडों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता कानून का राज स्थापित करने वाली भाजपा की दोबारा सरकार बनाने का फैसला ले चुकी है।

सीतापुर के मिलिट्री ग्राउंड में बुधवार को एक चुनावी सभा में श्री मोदी ने कहा' दंगावादी, आप लोगों को बांटने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं मगर जागरूक जनता जानती है कि जो दंगाइयों, माफिया और गुंडों को बढ़ावा देते हैं, वे यूपी का विकास कर ही नहीं सकते। योगी सरकार लोगों को इन दंगाइयों से, अपराधियों से, मुक्ति दिलाने का काम कर रही है। इसलिए आज पूरा यूपी कह रहा है 'जो कानून का राज लाए हैं, हम उनको लाएंगे।' उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में खनन माफिया और भूमाफिया का ही राज चलता था। माफियावादियों को तब बार-बार बाढ़ से जूझते सीतापुर की चिंता कभी नहीं रही। सीतापुर के किसान कभी नहीं भूल सकते कि कैसे गन्ना बेचने आए किसानों पर मिल के फाटक के सामने लाठियां बरसाई गई थीं। इनका ट्रैक रिकॉर्ड गन्ना फैक्ट्रियों को बंद करने का भी रहा है। योगी सरकार नई गन्ना फैक्ट्रियां भी लगा रही हैं और पुरानी फैक्ट्रियों की क्षमता भी बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा और बसपा की सरकारों ने 2007-2017 तक के बीच 10 साल में दो लाख से भी कम सरकारी नौकरियां यूपी के युवाओं को दी थी जबकि योगी सरकार ने पांच साल में 4.5 लाख सरकारी नौकरियां दी है। घोर परिवारवादियों की सरकार में नौकरियां किस तरह मिलती थीं, ये यूपी के लोग अच्छे से जानते हैं। उन्होंने कहा 'दंगावादी, आप लोगों को बांटने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन आपको एकजुट रहना है। याद रखिए, पहले मतदान, कमल निशान, फिर दूसरा कोई काम। यूपी का



- सीतापुर की चुनावी सभा में बोले पीएम
- पहले की सरकार ने दंगाइयों, माफिया को बढ़ावा दिया था
- आज लोग कह रहे हैं 'जो कानून का राज लाए हैं, हम उनको लाएंगे'

विकास वो लोग नहीं कर सकते जो दंगाइयों को, गुंडों को, माफिया को बढ़ावा देते हों। उत्तर प्रदेश के जागरूक लोग इस बात को जानते हैं। इसलिए तो वो कह रहे हैं ' आएगी तो भाजपा ही, आएंगे तो योगी ही।'श्री मोदी ने कहा ' भाजपा सरकार का मतलब बहनों बेटियों की मनचलों से सुरक्षा, भाजपा का मतलब गरीब के कल्याण के लिए निरंतर काम, भाजपा का मतलब केन्द्र की योजनाओं पर डबल स्पीड से काम। माफियाओं के राज में गरीब की सुनवाई नहीं होती। उत्तर प्रदेश में जो पहले घोर परिवारवादियों की सरकार थी, उन्होंने यही माहौल बना रखा था। अगर आपके पास घर है, बंगला है, गाड़ी है, उद्योग है, खेत खलिहान है, सुख ही सुख है, लेकिन आपकी जवान बेटी या बेटा घर से बाहर गया हो, और शाम को उसका शव आए तो ये घर, ये पैसे किस काम के। आपको चाहिए, सुरक्षा। जब कानून का राज नहीं होता, तो सबसे ज्यादा पिसना गरीब को ही पड़ता है।

# पूर्णियां के अवर निबंधक के ऑफिस व आवास पर छापे

**पूर्णिया।** बिहार राज्य सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो ने पूर्णिया जिले के अवर निबंधक पदाधिकारी उर्मिलेश प्रसाद सिंह के पूर्णियां स्थित सरकारी आवास, कार्यालय एवं पटना स्थित आवास पर बुधवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि अवर निबंधक पदाधिकारी उर्मिलेश प्रसाद सिंह के ऑफिसर कॉलोनी स्थित आवास पर निगरानी विभाग की 12 सदस्यों की टीम ने आज सुबह छापेमारी की। टीम ने एक-एक कर पूरे घर की तलाशी ली। इसके बाद निबंधन कार्यालय में पदाधिकारी के कार्यालय की जांच की गई। पुलिस उपाधीक्षक (निगरानी) अरुण पासवान ने बताया कि जिला अवर निबंधक पदाधिकारी उर्मिलेश कुमार सिंह के विरुद्ध कांड संख्या 6/ 22 दर्ज किया गया था जिसमें प्रारंभिक जांच प्रारंभ की गई। जांच में सवा करोड़ से अधिक से अधिक की संपत्ति का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान अबतक चार लाख 27 हजार 300 रुपए, निवेश से संबंधित दस कागजात, चार बैंक पासबुक, दो एटीएम कार्ड और कुछ जेवर बरामद हुआ है।

- चार लाख नकद, निवेश से संबंधित दस कागजात, 4 बैंक पासबुक, दो एटीएम कार्ड और जेवर बरामद

## डिवाइडर से टकराया वाहन, 5 महिलाओं की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह एक एसयूवी डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच महिलाओं की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कार में सवार लोग दुर्ग जिले के रहने वाले थे और माघ मेले में शामिल होने के लिए गरियाबंद जिले के राजिम जा रहे थे। अभनपुर थाना प्रभारी ए ए अंसारी ने बताया कि वाहन बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर केन्द्री इलाके से गुजर रहा था, तभी वाहन चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर से जा टकराई।

### नौ करोड़ ग्रामीण घरों में पहुंचा नल का पानी

**नई दिल्ली।** देशभर में नौ करोड़ से ज्यादा घरों में जल जीवन मिशन के तहत पीने का साफ पानी पहुंच रहा है। 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा होने के बाद से 98 जिलों, 1,129 ब्लॉक, 66,067 ग्राम पंचायतों और 1,36,135 गांवों में नल का साफ पानी पहुंच रहा है।

## जैश के लिए काम करने वाले 10 गिरफ्तार

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर पुलिस की प्रदेश खुफिया एजेंसी (एसआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआईए का हाल में गठन किया गया और एजेंसी को आतंकवाद तथा अलगाववाद से जुड़े अपराधों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि एसआईए के अधिकारियों ने कश्मीर के दक्षिण और मध्य जिलों में विभिन्न स्थानों पर रात भर छापे मारे और दस लोगों को गिरफ्तार किया गया। एसआईए की जांच के दौरान प्रतिबंधित आतंकी समूह की 'स्लीपर सेल्स' या समूह के लिए काम कर रहे 10 लोगों की पहचान की गयी। उनमें से कोई भी एक-दूसरे की गतिविधियों से अवगत नहीं था और वे सीधे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी कमांडरों से निर्देश ले रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि इस मॉड्यूल के लोग इस तरह काम कर रहे थे कि अगर एक सदस्य पकड़ा भी जाए तो बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ न हो। इस मॉड्यूल का लगातार निगरानी के जरिए पता लगाया गया। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है वे युवाओं की भर्ती करने, पैसों का इंतजाम करने और दक्षिण तथा मध्य कश्मीर में हथियारों को पहुंचाने में शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान सेल फोन, सिम कार्ड, बैंकों में लेनदेन संबंधी रिकॉर्ड तथा एक डमी पिस्तौल भी जब्त की गई। गिरफ्तार लोगों में वह शख्स भी शामिल है, जिसके घर में चार अप्रैल 2020 को चार आतंकवादी मारे गए थे। उन्होंने बताया कि इन लोगों का मकसद दक्षिण तथा मध्य कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों का वित्त पोषण करना और स्कूल तथा कॉलेज जाने वाले छात्रों की भर्ती करना था।

**कश्मीर**

- इनमें से कोई भी एक दूसरे की गतिविधियों से अवगत नहीं था

## लखीमपुर के दोषियों को जेल भेजेंगे : अखिलेश



**औरैया (भाषा)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखीमपुर मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे को जमानत मिलने को लेकर राज्य सरकार की निंदा करते हुए कहा कि वह सत्ता में आने पर सुनिश्चित करेंगे कि अपराधी और उसके संरक्षक जेल जाएं। यादव ने कहा, जिन्हें कानून व्यवस्था हाथ में लेनी है, कानून को नहीं मानना है वे सपा को वोट न दें, जिन्हें गरीब पर अन्याय करना है वे सपा को वोट न दें। अखिलेश ने कहा, मंत्री पुत्र जिसने गाड़ी से किसानों को कुचला था उसको जमानत मिल गई। जो पैरवी सरकार को करनी चाहिए थी वह पैरवी नहीं हुई। एक अदालत से हो सकता है जमानत मिल गई हो, लेकिन जनता की अदालत से जमानत मिलनी चाहिए थी या नहीं मिलनी चाहिए थी? सपा की सरकार बनने वाली है, ऐसी पैरवी होगी जिसने किसानों की जान ली वह तो जेल जाएंगे ही, साथ ही उनको पालने-पोसने वालों को जेल भेजने का काम आने वाले समय में होगा।

## बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रही भाजपा : योगी

**महोबा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी अबकी बार 300 पार के लक्ष्य के साथ बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ रही है। उसे रोकने के विपक्षी दलों के सारे प्रयास नाकाम साबित होंगे। बुंदेलखंड के महोबा में एक सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि नाम से समाजवादी, काम से तमन्चावादी और परिवारवादी लोगों को सूबे की तरक्की रास नहीं आ रही है। वे सैफई की शाम की रंगीनियों को भुला नहीं पा रहे हैं। माफिया के काले कारनामों पर रोक लग गई है। यही कारण है कि कमाई के सभी रास्ते बंद हो जाने से चाचा-भतीजा की परेशानी बढ़ गई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बुन्देलखण्ड को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाया लेकिन भाजपा सरकार ने हर घर नल योजना से लोगों को पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराया तो अर्जुन सहायक जैसी महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र की सूखी बंजर धरती की प्यास बुझाई।

पटना संस्करण

चौथी वाणी

बृहस्पतिवार, 17 फरवरी, 2022

## खबरें एक नजर में

### सिनेमा जगत में पावर स्टार पवन सिंह ने जो लकीर खिंची, वो शायद ही कोई मिटा पाए

**चौथी वाणी / पटना (गोविन्द पाण्डेय ):-** भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं. उनके काम की सराहना अब सिर्फ भोजपुरी में ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड से लेकर इंटरनेशनल हो गयी है. पवन सिंह के साथ काम करने को लेकर हर कोई उत्सुक रहता है, क्योंकि उनकी फैन फोलोइंग तेजी से बढ़ा है. यूँ कहें कि आरा जैसे छोटे शहर से आने वाले पवन ने सिनेमा के क्षेत्र में एक ऐसी लकीर खींच दी है, जिसे मिटाना पाना फिलहाल तो असंभव ही मालूम पड़ता है. पवन सिंह अपनी गायकी की बदौलत लोगों के बीच हर माध्यम में सबके चहेते बने हैं. यही वजह है कि वे रिल्स कल्चर में भी सबसे लोकप्रिय हैं. और वाहवाही बटोर रहे हैं. वहीं, वे भी अक्सर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिल्स बना कर जलवा बिखेर रहे हैं. इसी बीच उन्होंने अपना रीसेंट रिल्स भोजपुरी की एवरग्रीन एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा के साथ मिलकर बनाया है, जो उनके फैंस को खूब पसंद आ रही है. पवन का यह रिल्स उनके फैन्स को भी खूब पसंद आ रहा है. रिल्स एक खूबसूरत गाने पर बना है, जिसमें पवन और स्मृति सिन्हा बेहद अलग अंदाज में नजर आये हैं. इस वजह से रिल्स को अब तक लाखों लाइक मिल चुके हैं. पवन के इस रिल्स से उनके फैन्स भी गदगद हैं. फैंस कह रहे हैं कि पवन सिंह ने इंडस्ट्री में एक लकीर खींची है, जिसे शायद ही कोई तोड़ पाए. उनके फैन्स ने इस रिल्स को खूब शेयर भी किया है. वैसे पवन सिंह भोजपुरी के एक मात्र ऐसे सुपर स्टार हैं, जिनके चार्टबस्टर कई गानों पर मिलियन मिलियन रिल्स बन चुके हैं. इनमें पुदीना जैसे गाने शामिल हैं. तो उनका सबसे फेमस गाना लॉलीपॉप ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ ही रखा है और उसकी गूंज चीन में भी हाल के समय में सुनाई दी है. इसके रिल्स भी बहुत बने हैं. यही वजह है कि पवन जहां एक ओर भोजपुरी म्यूजिक और बॉलीवुड म्यूजिक से ट्रेंड सेट कर रहे हैं, वहीं रिल्स की दुनिया में भी वे काफी लोकप्रिय हैं.



### फिल्म मृदंग के लिए निर्देशक रितेश एस कुमार को मिला बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार

**चौथी वाणी / पटना (गोविन्द पाण्डेय ) :-** हाल के दिनों में ओटीटी प्लेटफार्म एमएक्स प्लेयर पर धूम मचा रही वेब सीरीज 'बुलेट पेन' के निर्देशक रितेश एस कुमार को बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड मिला है. उन्हें यह अवार्ड उनकी पहली फीचर फिल्म 'मृदंग' के लिए दिया गया है. अवार्ड उन्हें दिल्ली में आयोजित कीफा के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिया गया है. इस फिल्म में मनोज कुमार राव, रोज लस्कर और आदित्य सिंह हैं. इस अवार्ड को लेकर उन्होंने खुशी का इजहार किया. उन्होंने कहा कि अब तक मैंने 5 फिल्मों का निर्देशन किया और मेरी पहली फिल्म मृदंग थी. यह फिल्म 2017 में रिलीज हुई थी और खूब सराहा भी गया था. अब हमारी फिल्म को अवार्ड भी मिल गया है. इसके लिए हम अवार्ड शो के ज्यूरी मेम्बर का शुक्रिया अदा करते हैं. आपको बता दें कि रितेश एस कुमार ने बतौर वीडियो एडिटर अपने करियर की शुरूआत की थी. लेकिन अब वे फिल्म निर्देशक के रूप में कई प्रजेक्ट पर काम कर रहे हैं. निर्देशन में उनके हालिया रिलीज सीरिज बुलेट पेन और उनकी फीचर फिल्म मृदंग को खूब सराहना मिली है. इसके बाद वे ओशो के जीवन पर आधारित फिल्म 'सीक्रेट्स ऑफ लव' लेकर आ रहे हैं. इसमें रवि किशन मुख्य भूमिका में हैं. लखीसराय के रितेश एस कुमार ने बताया कि यह फिल्म बेहतरीन है. इसमें रवि किशन का अभिनय शानदार है. रवि किशन को निर्देशित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है.



### भोजपुरी की दो फिल्में 'श्री सत्य नारायण स्वामी' और 'बाप बीस बेटा तीस' का भव्य मुहूर्त संपन्न

**चौथी वाणी /पटना (गोविन्द पाण्डेय ) :-** के भी पी इंटरटेनमेंट प्रस्तुत भोजपुरी की दो शानदार फिल्म क्रमशः 'श्री सत्य नारायण स्वामी' और 'बाप बीस बेटा तीस' का भव्य मुहूर्त आज पटना में संपन्न हो गया. दोनों फिल्में एकदूसरे से अलग है. दोनों का जोनर भी एक दूसरे से भिन्न है. इन दोनों फिल्म के निमार्ता राजेन्द्र कुमार चक्रबर्ती और निर्देशक रामाकांत प्रसाद हैं. दोनों फिल्मों में म्यूजिक और लिरिक्स पवन पांडेय का होगा. पीआरओ रंजन सिन्हा हैं. निर्देशक रामाकांत प्रसाद किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, जो इन दोनों फिल्मो का निर्देशन करने वाले हैं. उन्होंने बताया कि दोनों प्रोजेक्ट अलग है, लेकिन हम इस पर खूब काम कर रहे हैं और इतना कह सकते हैं कि दो अच्छी फिल्में लेकर हम आ रहे हैं. यह दर्शकों के मनोरजन को दुगना करेगा. उन्होंने कहा कि 'श्री सत्य नारायण स्वामी' एक धार्मिक पटकथा पर आधारित फिल्म होगी. जिसकी कहानी दर्शकों को मनोरंजन के साथ धर्म - कर्म से जोड़ेगा. हम इसका निर्माण भव्य पैमाने पर कर रहे हैं.उन्होंने आगे कहा कि बात अगर 'बाप बीस बेटा तीस' की करें तो यह फिल्म ह्यूमर वाला होगा. फिल्म की कहानी दर्शकों को खूब हंसाएगी. यह फिल्म भी पटकथा और संगीत के मामले में बेहद नायब और अलग होगा. हम दोनों फिल्मों को अलग डेट में लेकर आयेंगे. फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी. हम बस दर्शकों से इतना अपील करेंगे कि आप हमारी फिल्म अपने परिवार के साथ देखिएगा. हम बेहद संस्कारों वाली पारिवारिक फिल्म बना रहे हैं.




### हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी

**चौथी वाणी / खुसरुपुर :-** बुधवार को माघी पूर्णिमा के अवसर पर खुसरूपुर के विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकि लगाई. गंगा स्नान को लेकर सुबह से ही सभी घाटों पर भीड़ देखी गई. गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भोले की नगरी कहे जाने वाले खुसरूपुर के प्राचीन श्री गौरीशंकर बैकुण्ठनाथ मंदिर पहुंच बाबा पर जलाभिषेक किया व पूजा -अर्चना की. इस अवसर पर तमाम श्रद्धालुओं ने अपने व अपने परिवार के लिए सुखद व मंगलमय की कामना की. इस पुनीत अवसर पर श्रद्धालुओं ने ब्राह्मण व गरीब लोगों को दान देकर व खाना खिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



# दादी नानी ने लगाई दौड़, किया मौज मस्ती



**महिलाओं ने अपना बचपन फिर लौटाया**

**चौथी वाणी / पटना :-** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन की महिलाओं ने बसन्तोत्सव पर एम आई जी पार्क, कंकड़बाग में अपने बचपन को लौटाते हुए खूब मौज मस्ती की. सम्मेलन की अध्यक्ष गीता जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष सम्मेलन की महिलायें बसन्त पर कुछ नया करती हैं. इस बार कोरोना के कारण यह पहले नहीं किया जा सका. आज करीब 50 से अधिक महिलायें पटना के एम आई जी पार्क में इकट्ठा होकर अपने बचपन में की जाने वाली मौज मस्ती की एवं कई तरह के गेम खेले. महिलाओं ने चुटकुला सुनाया गीत गाया. कार्यक्रम में आई बुजुर्ग 70- 75 वर्ष की महिलाओं, दादी एवं नानी ने दौड़ लगाई. उन्हें दौड़ता देख बच्चों ने खूब तालियाँ बजाई. महिलाओं ने पार्क के अन्दर डांस एवं मौज मस्ती भी किया. बैलून दौड़ प्रतियोगिता में रेणु अग्रवाल, दीपा अग्रवाल एवं सुधा अग्रवाल ने पुरस्कार प्राप्त किया. दौड़ में प्रथम पुरस्कार अनुभा अग्रवाल एवं नीना मोटानी को मिला. पंक्चुअलिटी का पुरस्कार दया अग्रवाल एवं अर्चना जैन को प्राप्त हुआ. मेगा हाउजी में नीरू जैन, अनीता अग्रवाल, नीना मोटानी, लता एवं गुंजन अग्रवाल, तथा सुरभि अग्रवाल ने जीता. पार्क में महिलाओं ने गर्मागर्म पनीर पकौड़ा, कटलेट, मटर चौप, पानी पूरी एवं चाय काफी आदि का आनन्द उठाया. गेम के बाद महिलाओं ने खाने का आनन्द उठाया. मौज मस्ती में डॉ गीता जैन, अर्चना जैन, पुष्पा जैन, रेनू अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल एवं नीता गोयल, दया अग्रवाल, नीरजा कृष्ण, सुनीता अग्रवाल, सहित काफी अधिक महिलायें उपस्थित थी. गीता जैन ने बताया कि अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा इस वर्ष अनेक सामाजिक कार्यों की योजना बनाई गयी है।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती में पहुंचे भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार




**चौथी वाणी / पटना :-** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार ब्रह्मपुरा गांव में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि भक्ति की महत्ता व सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पूजनीय संत श्री रविदास जी की जयंती पर पूरा देश उन्हें नमन कर उनके जीवन से प्रेरणा ले रहा रहा है। उनके संदेश व विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उन्होंने अपने उपदेशों और रचनाओं से समाज के कल्याण और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके संदेश गरीब कल्याण की प्रेरणा देते हैं। कुमार ने सभी को संत रविदास जंयती की शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुंजन मिश्रा ने महान कवि, सम्पूर्ण विश्व को आपने आत्मिक वचनों से समानता, एकता व सामाजिक सौहार्द की शिक्षा देने वाले महान आध्यात्मिक समाज सुधारक, संत शिरोमणि रविदास जी को नमन कर पुष्प अर्पित किया व कहा की गुरु रविदास जी ने कर्म मार्ग, ज्ञान मार्ग और प्रेम भक्ति मार्ग को पहल दी है।

## श्री श्री महाशिवरात्री महोत्सव शोभा यात्रा प्रचार रथ को झंडी दिखा किया रवाना

**चौथी वाणी / पटना :- :-** 1 मार्च मंगलवार को श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति, के द्वारा पटना के विभिन्न 22 स्थानों से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इन सभी शोभा यात्राओं का भव्य अभिनंदन पटना के बेली रोड स्थित खाजपुरा, षिव मंदिर के पास किया जायेगा।

इस अभिनंदन समारोह में बिहार के राज्यपाल, बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, बिहार के मंत्रीगण, विधायकगण, एवं विधान पार्षद एवं अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी जो इन सभी शोभा यात्राओं में आये सभी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत आरती एवं पुष्प वर्षा के द्वारा करेंगे तथा इन्हें पुरस्कृत भी किया जायेगा। गौरतलब है इन झांकियों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या एवं गंगा आरती के साथ-साथ 12 ज्योतिलिंगों का दर्षन विभिन्न झांकियों के माध्यम से होगा। महाशिवरात्रि की विभिन्न शोभा यात्राओं के प्रचार-प्रसार हेतु षिव-विवाह प्रचार रथ को बिहार सरकार के माननीय मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह एवं दीघा के विधायक सह कार्यक्रम संयोजक डॉ0 संजीव चौरसिया ने संयुक्त रूप से मंगलवार को झंडी दिखाकर रवाना किया साथ इस मौके पर महाषिवरात्रि महोत्सव आयोजन का कैलेण्डर का भी विमोचन किया गया। ज्ञातव्य हो कि महाशिवरात्री के आयोजन में आम जनता की सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देष्य से पूरे क्षेत्र के लगभग 201 मंदिरों में एक साथ षिव-चर्चा के आयोजन का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस मौके पर महाशिवरात्री समिति के कोर कमिटि के सदस्य प्रभात कुमार सिन्हा, अजय कुमार, जगन्नाथ सिंह, जय प्रकाष ह्यपुनील जीह्न, कुणाल अग्रवाल, पंकज कुमार, विवेक सिन्हा, एवं समिति के अन्य गणमान्य सदस्य के साथ-साथ दिनेष कुमार दीपू, मनोज सिंह, पंकज कुमार गुड्डु, गुंजन, संजय कुमार उपस्थित रहें।

## लालू जी को सजा होने से गरीबों में हताशा : मांझी



**चौथी वाणी / गया।** बहुचर्चित चारा घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को सजा सुनाए जाने के बाद पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गया जिले के बोधगया में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि लालू जी को सजा होने के बाद गरीब-गुरबों में हताशा है। उन्होंने कहा है कि लालू जी सामाजिक न्याय के पुरोधा हैं और उनका समाज के प्रति काफी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि वे एक समाजवादी नेता है और किस वजह से उन्हें बार बार जेल जाना पड़ रहा है? यह तो न्यायालय प्रक्रिया से जुड़े न्यायाधीश लोग ही बेहतर समझ सकते हैं। न्यायालय के फैसले पर हम ज्यादा कुछ नहीं बोल सकते है। मांझी ने लालू की तुलना भगवान श्री कृष्ण से भी की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भी जेल में रहे थे, तो वह वजह क्या थी? उस समय के लोग ज्यादा बेहतर समझते होंगे। आज के परिवेश में लालू जी भी बार बार जेल जा रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि हम ऐसी कामना करते हैं कि उनका स्वास्थ्य लाभ ठीक रहे और ऐसी परिस्थिति में भगवान उन्हें हर स्थिति से निपटने के लिए शक्ति दे।

## राजद कार्यालय में मनाई गई संत शिरोमणी गुरू रविदास की जयन्ती

**चौथी वाणी / पटना :-** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की 645वीं जयन्ती प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानन्द सिंह ने कहा कि संत गुरू रविदास धर्म में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ लोगों को ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। वे भजन के कवि थे। वे सभी धर्मों के प्रति आदर भाव रखते थे। उनके बारे में कहा जाता है कि चारो वेद करे खंडौती, जन रविदास करे दंडौती। संत रविदास जी की जयन्ती पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री उदय नारायण चैधरी ने कहा कि रविदास जी का उपदेश जनकल्याण के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। उनके आचरण तथा व्यवहार से प्रमाणित हो गया है कि मनुष्य जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्मों से महान होता है। संत रविदास जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करने वाले नेताओं में राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, डॉ0 तनवीर हसन, विधायक रणविजय साहू, प्रवक्ता एजाज अहमद, चन्देश्वर प्रसाद सिंह, मदन शर्मा, डॉ0 प्रेम कुमार गुप्ता, निर्भय अम्बेदकर, भाई सहित कई नेतागण मौजूद थे।

## मानव समाज के पथदर्शक थे संत रविदास : नंदकिशोर



**चौथी वाणी / पटना ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने आज संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि संत रविदास मानव समाज के महान पथदर्शक थे। उन्होंने समस्त प्राणियों से प्रेम करने और जीवन में शुचिता अपनाने की सीख दी।

यादव ने कहा की संत शिरोमणि के उपदेशों को हृदयंगम कर जीवन को सार्थक और सफल बनाया जा सकता है। संत रविदास ने कहा है, 'रविदास जन्म के कारनै, होत न कोउ नीच। नकर कूं नीच करि डारी है, ओछे करम की कीच।।'अर्थात कोई व्यक्ति जन्म से नहीं, बल्कि कर्म से बड़ा या छोटा होता है। श्री यादव ने कहा कि संत रविदास ने अपने आध्यात्मिक वचनों से सारे संसार को आत्मज्ञान दिया। उन्होंने आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संत शिरोमणि के प्रति अपार श्रद्धा है। सरकार के कल्याणकारी कार्यों में संत रविदास की पवित्र भावनाएं निहित हैं।

## स्कूल के डायरेक्टर को अपराधियों ने मारी गोली, इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

**चौथी वाणी / पटना :-** राजधानी पटना में अपराधियों का कहर लगातार जारी है. मांगलावर को पटनासिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र इलाके का है। जहाँ दिनदहाड़े अपराधियों ने एक स्कूल के डायरेक्टर को गोली मारकर फरार हो गए। वही गंभीर रूप से घायल डायरेक्टर को इलाज के लिए ढटउऌ अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि सन एरा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मो. शाहिद जमाल को दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मार कर फरार हो गए। जहां सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वही आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### रजिस्ट्रार अमरेश प्रसाद सिंह के ऊपर निगरानी विभाग की दबिश

**चौथी वाणी / पटना :-** बिहार में लगातार भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई निगरानी विभाग की जारी है इसी कड़ी में पूर्णिया के रजिस्ट्रार अमरेश प्रसाद सिंह के ऊपर निगरानी की दबिश जारी है निगरानी विभाग के अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार में लिप्त बिहार सरकार के पूर्णिया के रजिस्ट्रार अमलेश प्रसाद सिंह ने पद का दुरुपयोग करते हुए 1 करोड़ 12 लाख की अकूत संपत्ति अर्जित की थी जिस मामले में निगरानी विभाग ने कोर्ट से सर्च वारंट लेकर करवाई की है । पूर्णिया के रजिस्टार अमलेश प्रसाद सिंह के कार्यालय आवास सहित पटना के राजीव नगर केसरी नगर ए13 के तीन मंजिला निमार्णाधीन इमारत में निगरानी विभाग की छापेमारी जारी है जहां से अब तक 12 लाख कैश 15 बैंक पास बुक,एक किलो से अधिक सोने के जेवरात ,, सहित जमीन के कागजात मिले है।फिलहाल इनके आवाज से मिले कई दस्तावेजों को निगरानी विभाग की टीम खंगालने में जुटी है।

### नैनो कार ने ईरिक्शा मे मारा ठोकर, तीन लोग जख्मी

**वीरपुर(चौथी वाणी):** नेपाल के भंटाबारी से तीन सवारी को लेकर आ रहे ईरिक्शा को वीरपुर मानसरोवर झील के समीप एनएच 106 पर वीरपुर से भीमनगर की ओर जा रही सफेद रंग की एक नैनो कार ने टक्कर मार दी । जिससे ई रिक्शा पर सवार एक महिला,एक पुरुष व एक युवती के साथ ई रिक्सा चालक सड़क पर गिर गए।जिसमे सभी को चोटें आईं हैं। जानकारी अनुसार घटना में नेपाल के गाय घाट निवासी 40 वर्षीय महिला सवारी रीता देवी और बसंतपुर हनुमान नगर वार्ड 09 के 45 वर्षीय ई रिक्सा चालक दयानंद मंडल बुरी तरह से घायल हो गए जिसे आनन-फानन में आसपास के लोगो ने वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया।घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर दानिश अहमद ने बताया कि दोनों मरीज का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है अब खतरे से बाहर है।

## संत रवि दास अध्यात्मिक और सामाजिक परिवर्तन के लिए संदेशवाहक थे : शास्त्री

**कमलपुर में संत शिरोमणि रविदास की 645 वीं जयंती समारोह हर्षोल्लासपूर्ण सम्पन्न**

**खगड़िया, (चौथी वाणी) 16 फरवरी ।** प्राथमिक विद्यालय,कमलपुर के प्रांगण में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 645 वीं जयंती समारोह हर्षोल्लासपूर्ण मनायी गई।आयोजकों के द्वारा गाजे-बाजे के साथ उनकी भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।मौके पर आगत अतिथियों के द्वारा श्रद्धा-भक्ति भाव से संत रविदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।जयंती समारोह की अध्यक्षता अनु0जा0/अनुजन जा0 कर्मचारी संघ के संरक्षक व जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष रामलखन प्रसाद पासवान ने की।जबकि मंच संचालन शिक्षक मनोज कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरीय कोषागार पदाधिकारी श्यामाकांत मेहरा व आरपीएफ इन्सपेक्टर अरविन्द कुमार राम ने कहा कि रवि दास जी के पवित्र मन और चरित्र रहने से हीं उन्हें ईश्वर भक्ति प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि समग्र समृद्ध बनने से हीं सामाजिक भेदभाव मिट सकती है। विशिष्ट अतिथि नगर समाज सेवी संदीप केडिया ने संत शिरोमणि रविदास जी महाराज को महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि, समाज सुधारक और ईश्वर के अनन भक्त बताया।उन्होंने कहा कि हम गरीबों की सेवा के साथ-साथ खगड़िया नगर परिषद् क्षेत्र के समुचित विकास करने का संकल्प लेते हैं। आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि संत रविदास जी अध्यात्मिक और सामाजिक परिवर्तन के लिए सशक्त संदेशवाहक थे।जिन्होंने जीवन पर्यन्त अपनी कविताओं, लेखनी तथा ईश्वरीय भक्ति के बल पर समरस समाज के स्थापना हेतु जन जन तक संदेश पहुंचाने का काम किये।ऊंच-नीच,जात-धर्म जैसे संकीर्ण विचारों को त्याग कर राष्ट्र की समृद्धि के लिए राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने का काम किये।उन्होंने अपने दोहा में भी लिखा है कि "जाति जाति में जाति है,जो केतन के पात।रैदास मनुष ना जुड़ सके,जबतक जाति न जात।।" अपने अध्यक्षीय संबोधन में रामलखन प्रसाद ने कहा कि संत रविदास जी ईश्वर की असीम भक्ति से भारतीय मानव समाज को धन्य धन्य कर दिया। उन्होंने मन चंगा तो कटौती में गंगा की विशेषता पर बल दिया।

## माघी पूर्णिमा को लेकर फतुहा के विभिन्न गंगा घाटों हजारों श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

**चौथी वाणी / फतुहा।** माघी पूर्णिमा को लेकर फतुहा के विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों की संख्या में महिला -पुरूष - बच्चे श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी।इस दौरान बुधवार को अहले सुबह से ही फतुहा के ऐतिहासिक त्रिवेणी संगम घाट,मस्ताना घाट,कटहिया घाट,दरियापुर गंगा घाट, रायपुरा गंगा घाट ,मौनिया गंगा घाट पर काफी भीड़ देखी गयी जहा लोगों ने गंगा स्नान कर दाण-पुण्य किया।स्थानीय प्रशासन के द्वारा गंगा घाटो पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है।



चौथी वाणी
बृहस्पतिवार, 17 फरवरी, 2022

## खबरें एक नजर में

### दरौंदा थाना में जब्त गाड़ियों का होगा नीलामी

**दरौंदा(चौथी वाणी)।** शराब मामले में जब्त गाड़ियों की नीलामी होगी। बता दें कि पूर्व में शराब मामले में जप्त दो ट्रक एक पिक अप एक कार एवं एक मोटरसाइकिल की नीलामी होगी। इस संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि 18 फरवरी 2022 को नीलामी होगी।जिसमे दरौंदा थाना परिषर में लगी ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एच आर 73 3234, दूसरा पीबी 10 जीके 4697, कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डब्लू बी 06 जे 1526, डिस्कवर बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 29 टी 3918 एवं एक पिकअप गाड़ी है।बता दें कि गाड़ी लेने से पहले डीटीओ में सिक्योरिटी मनी जमा करना होगा। उसके बाद नीलामी के दिन मौजूद रहकर गाड़ी को लेना होगा।

### फर्जी अधिकारी बन वसूली करने वाला गिरफ्तार, जेल

**पचरुखी(चौथी वाणी)।** पचरूखी सहायक थाना सराय पुलिस ने मंगलवार की संध्या बड़कागांव के चंवर से फरार फर्जी अधिकारी बनकर रंगदारी वसुली के मामले में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के मखदूम सराय निवासी सोनू खान के रूप में हुई है।थाना प्रभारी तनवीर आलम ने बताया की लम्बे समय से यह आरोपी फरार चल रहा था। जिसे मंगलवार की संध्या गश्ती के समय गुप्त सुचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।जिसे बुधवार को जेल भेज दिया गया।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार,जेल

**पचरुखी(चौथी वाणी)।** पचरुखी पुलिस ने मंगलवार की देर शाम थानाक्षेत्र के सादिकपुर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पूर्व के एक मामले के अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चुन्नू मांझी के रूप में हुई है।जो पचरुखी थाने के कांड संख्या 14/21 का अभियुक्त है और महीनों से फरार चल रहा था।बुधवार को उसे कोरोना जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

### वारंटी गिरफ्तार,जेल

**दरौंदा(चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र के करसौत गांव से गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।इस संबंध में बताया जा रहा है कि करसौत गांव निवासी जगजीतन सिंह के लड़के रविन्द्र सिंह पूर्व में मारपीट के मामले में वारंटी थे,जो काफी दिनों से पुलिस के गिरफ्त से बाहर थे।किसी ने थाना प्रभारी को गुप्त सूचना दिया कि मंगलवार की रात्रि के समय घर पर है। जिसके बाद थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह दल बल के साथ छापेमारी करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारंटी को पुलिस ने बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### प्रखंड प्रमुख ने मिट्टीकरण कार्य का किया शिलान्यास

**रघुनाथपुर(चौथी वाणी)।** प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने बुधवार को विभिन्न पंचायतों में मिट्टीकरण कार्य का शिलान्यास किया। श्री सिंह ने बताया कि नरहन, बडुआ पंचायतों में मनरेगा से मिट्टीकरण व फेवर ब्लॉक ईंट से सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इस कार्य के निर्माण में चार-पांच लागत से निर्मित की जायेंगी।इस मौके पर उपप्रमुख रोहित कुमार यादव,मुखिया फिरोज खान, पूर्व मुखिया आशकरण सिंह, राम पुकार सिंह, अर्जुन बीन, श्रीराम राम, विनोद साह, शंकर पटेल व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### अपहृत युवती पहुंची घर,दर्ज कराया ब्यान

**आंदर(चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र के मदेशिलापुर से कुछ दिन पुर्व अपहृत युवती मंगलवार को अपने घर आ गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मदेशिलापुर गांव की एक महिला ने बिगत कुछ दिन पुर्व अपनी पुत्री के अपहरण को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने कांड संख्या 22/22 दर्ज कर मामले कि छान बिन कर रही थी। इस बीच बुधवार को लड़की के परिजनो ने पुलिस को सुचना दिया कि हमारी पुत्री स्वेच्छा से मौसी के घर गई थी। कोई अपहरण नही किया था। और वह घर आ गयी है।जिसके बाद पुलिस द्वारा युवती का कोर्ट मे 164 का ब्यान करा कर परीजनो को सौंप दिया गया।

### नौतन पुलिस ने शराब के मामले में सात को भेजा जेल

**नौतन(चौथी वाणी)।** स्थानीय पुलिस ने शराबियों और शराब कारोबारियों सहित 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि मंगलवार की देर शाम स्थानीय पुलिस, थाना क्षेत्र के शाहरपुर नहर पुल के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चला रही थी। इस बीच उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे बाइक सवारों को रोककर तलाशी ली जा रही थी । तलाशी के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के शराब कारोबारियों एवं शराबियों सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया । इसके साथ ही उनके साथ बाइकें भी जब्त की गईं। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारियों में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया निवासी समसाद नट तथा महुअल निवासी राजू नट, तरवारा थाना क्षेत्र के तरवारा निवासी परशुराम साह, स्थानीय थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी महंत नट तथा गोपालगंज जिले के करकच माधोपुर निवासी सुरेश प्रसाद शामिल हैं। इनके पास से 5 लीटर शराब बरामद करने के साथ ही दो बाइकों को जब्त किया गया। वहीं शराब के नशे धुत्त दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया गया।

### आराध्या गारमेंट्स का धर्मेंद्र यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**दरौंदा(चौथी वाणी)।** स्थानीय बाजार स्थित आर्यन मार्केट पिपरा दरौंदा में बुधवार को जिला पार्षद धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ छुन्नी बाबू एवं जिलापार्षद नगीना यादव ने फीता काटकर किया।बता दें कि आराध्या रेडिमेंट गारमेंट्स में बच्चों एवं वयस्कों के लिए कपड़े मिलते हैं। इस दौरान मुखिया प्रभुनाथ यादव, सरफुद्दीन अंसारी,मोजाहिद हसन दिलावर,राजीव कुमार भारती, आशुतोष कु. चंदन, सुबोध यादव, सुनील यादव, कमलेश यादव, दीनानाथ यादव, धर्मनाथ यादव, पशुराम यादव, जयप्रकाश यादव , अजित यादव, गूलर ठाकुर,अभिषेक यादव के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।



# अनियंत्रित बालू लदे डंफर ने छात्रा को कुचला, मौत

**हसनपुरा(चौथी वाणी)।** एमएच नगर थानाक्षेत्र के हसनपुरा-दरौंदा मुख्य पथ पर फुटानी मोड़ महुवल-महाल के समीप बुधवार प्रातः करीब 7:30 बजे तेज गति से आ रही अनियंत्रित डंफर की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्रा की मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान पकड़ी निवासी बृजकिशोर राम की पुत्री रानी कुमारी (22) के रूप में हुई है। घटना के सन्दर्भ में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की मृत छात्रा अपनी साइकिल से दरौंदा स्थित ज्ञानकुंज कम्प्यूटर क्लासेस में पढ़ने जा रही थी। तभी फुटानी मोड़ महुवल-महाल के समीप दरौंदा की तरफ से आ रही अनियंत्रित बालू लदे डंफर ने छात्रा कुचल दिया। जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वही चालक डंफर छोड़ मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो द्वारा घटना की सूचना मृत्तिका के परिजनों व स्थानीय प्रशासन को दिया गया। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी प्रभात कुमार, बीडीओ राजेश्वर राम, थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, पुअनि अखिलेश कुमार सिंह, प्रशिक्षु दरोगा राहुल सिन्हा मौके पर पहुच जांच-पड़ताल में जुट गये। वही अधिकारी द्वय द्वारा परिजनों को हर सम्भव उचित मुआवजे यथा बिहार मोटर वाहन दुर्घटना सहायता निधि से मुआवजे के आश्वासन के बाद शव को पंचनामा के बाद ऑटोप्सी के लिये पुलिस अभिरक्षा में सिवान भेजा गया। वही पुलिस द्वारा डंफर को थाने लाने की कार्यवाही कि जा रही है। मृतका 4 बहन व एक भाई में दूसरे स्थान पर थी। घटना के बाद से पिता बृजकिशोर राम, माता कोशिला देवी, बहन संजु कुमारी, नेहा कुमारी, पूर्ति कुमारी, भाई सूरज कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है।




## हवन व पूजन के साथ हुई प्रतिष्ठात्मक यज्ञ की पूणार्हुति

**गुठनी(चौथी वाणी)।** गुठनी प्रखण्ड स्थित योगियाडीह गाँव में योगी बाबा और खाकी बाबा के स्थान पर 10 फरवरी से चल रहे प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ की पूणार्हुति बुधवार को विधिपूर्वक हवन,पूजन के साथ सम्पन्न हुई।पूणार्हुति के पूर्व यज्ञाचार्य विनय द्विवेदी नें बताया कि संचित,क्रियमाण और प्रारब्धद तीनों तरह के पाप यज्ञ में भाग लेने से नष्ट हो जाते हैं। साथ ही यज्ञ का महाप्रसाद हर श्रद्धालुओं को लेना चाहिए।यज्ञ वै विष्णुः। अर्थात यज्ञ श्री हरि विष्णु का ही स्वरूप है।इसी कारण से यज्ञनारायण भी कहा जाता है।वेदों में यज्ञ करना मनुष्यों के लिए अनिवार्य कार्य बताया गया है।अतः यज्ञ करने,कराने और यज्ञ में सहयोग करने से समस्त जीवों का कल्याण होता है।इस मौके पर पंडित पारस पाण्डेय,कुसुम जी पाण्डेय,बदशाह सिंह ,मोहित तिवारी,अभिषेक तिवारी, राजन सिंह,विनोद सिंह, शैलेंद्र दुबे, अम्बिका सिंह,सुबास सिंह,राजीव सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## किसानों को एचडीएफसी बैंक दे रहा किसान गोल्ड कार्ड-एग्री लोन

**सीवान(चौथी वाणी)।** जिले में ज्यादातर ऐसे किसान हैं, जिनके पास खेती करने के लिए प्राप्त संसाधन भी नहीं होते हैं, इसलिए वे अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अन्य दूसरे काम करने शुरू कर देते हैं। अगर आप भी एक किसान हैं और आपके पास भी खेती करने के लिए प्राप्त धन नहीं है, तो यह खबर आपके लिए हैं, प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक किसान को खेती करने के लिए एग्री लोन दे रहा है।बैंक ने इस लोन का नाम किसान गोल्ड कार्ड-एग्री लोन रखा है। इस किसान गोल्ड कार्ड-एग्री लोन में किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक, जैसे कि फसल के उत्पादन, कटाई के बाद, मरम्मत और रखरखाव आदि को सही से करने के लिए उनके बजट के अनुसार ऋृण देती है।उल्लेखनीय है कि एचडीएफसी बैंक की यह योजना सिर्फ खेती के कार्य पर ही लोन नहीं देती बल्कि यह किसानों को कृषि मशीनरी और भंडारण संरचनाओं के निर्माण के लिए भी ऋृण देती है।



**कौन-कौन लोन ले सकता है :**

एचडीएफसी बैंक के सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यह लोन ऐसे किसान को दिया जाएगा।जो अपने खेत के मालिक हैं।कृषि से संबंधी मशीनरी खरीदने के लिए किसानों को इस योजना के माध्यम से लोन दिया जाएगा।यही नहीं यह लोन उत्पादन लागत और खपत, कटाई के बाद के खर्च और मरम्मत और रखरखाव के खर्च के लिए भी दिया जाता हैं।

**किसान गोल्ड कार्ड-एग्री लोन के फायदे :**

एचडीएफसी बैंक के सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार किसान गोल्ड कार्ड-एग्री लोन से किसानों की कई परेशानियां दूर हो सकती है। वे बड़े कृषि यंत्रों को आसानी से खरीद सकते हैं।इसके अलावा इस योजना में किसान का 2लाख रुपये तक का निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज मिलता है।इसके अलावा इसमें फसल बीमा और फ्री ट्रांजैक्शन के लिए रुपे किसान प्लेटिनम डेबिट कार्ड जारी किया जाता है।

**लोन के लिए जरूरी दस्तावेज :**

बैंक सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार किसानों को किसान गोल्ड कार्ड-एग्री लोन के लिए बैंक के पास अपना आधार कार्ड,पैन कार्ड,आय का प्रमाण,निवास का प्रमाण,बैंक खाता,मोबाइल नंबर व पासपोर्ट साइज फोटो प्रस्तुत करना पड़ता है।

## स्टेडियम निर्माण में हुए अनियमितता से अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य

**गुठनी(चौथी वाणी)।** प्रखण्ड मुख्यालय के लोक मान्य तिलक हाई स्कूल में बने स्टेडियम आखिर विभागी के लापरवाही के कारण आज भी इस स्टेडियम का कार्य अधूरा है। जिसको लेकर इस खेल मैदान में प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों में काफी आक्रोश है। एलएमटी स्कूल के प्रांगण में बनने वाले इस स्टेडियम की आधारशिला वर्ष 2007-08 में तत्कालीन विधायक रामायण मांझी ने रखा था। इस स्टेडियम को बिहार सरकार के खेल मंत्रालय से निर्माण की मंजूरी खेल मंत्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने दिया था। बिहार सरकार की सरकारी एजेंसी एनआरईपी को दो किश्तों



में करीब 60 लाख रुपये का अलॉटमेंट भी मिल गया। इस स्टेडियम निर्माण का कार्य इतनी धीमी गति से चलता रहा जैसे कि कछुआ की रफ्तार हो।स्थानीय लोगों का कहना है कि हमलोगो ने शुरू से ही इस घटिये निर्माण कार्य का विरोध किया था। ग्रामीणो का कहना है कि इसके निर्माण में प्रयुक्त ईंट,बालू, सीमेंट, सरिया, सारे मानक के विपरीत लगाए गए है।

**स्थानीय लोगो ने डीएम व डीडीसी से जाँच करने की किया मांग**

एलएमटी हाई स्कूल में निर्माणधीन स्टेडियम में हुई धांधली की जांच को लेकर स्थानीय लोगों ने डीएम व डीडीसी से कई बार गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों में युवा समाजसेवी मनोज गुप्ता, हरिश्चन्द्र जयसवाल, अफजल हुसैन,अवधेश यादव, महन्थ उपाध्याय, प्रभात सिंह,नीरज सिंह, निरंकु सिंह, बनारसी लाल साहनी,संतोष पटेल का कहना है कि अगर इसकी जाँच डीएम की निगरानी में हो तो पूरे मामले का खुलासा हो जायेगा। इस मामले में पूछे जाने पर डीडीसी दीपक सिंह ने बताया की इस स्टेडियम के निर्माण की सूचना मुझे आज तक नही थी। लेकिन इसको एक टीम गठित कर इसकी जांच किया जायेगा।

**खिलाड़ियों व युवाओं को होती है काफी परेशानी**

प्रखण्ड के लोक मान्य तिलक हाई स्कूल में बने स्टेडियम को लेकर स्थानीय युवा व खिलाड़ी काफी खुश थे। उनका कहना है कि अगर ये स्टेडियम पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो जाता तो हम लोगो को मैरवा, दरौली, लार, सिवान, व देवरिया नही जाना पड़ता। युवाओं के साथ खिलाड़ियों ने ये आरोप लगाया कि स्टेडियम के अधूरे कार्य से उसका जमीन काफी कम पड़ गया है। और ग्राउंड में कई जगह गडे भी हो गए है। इस स्टेडियम में फुटबॉल, क्रिकेट, बालीबाल, कबड्डी, खो खो, सहित कई खेलो के खिलाड़ी खेलते है। जो बलुआ, योगियाडीह, मैरिटार,खड़ौली, ग्यासपुर,बसुहारी,धनौती, सहित कई गांवों के महिला व पुरुष खिलाड़ी आते है।

**डीएम के समीक्षा बैठक में उठा था मुद्दा**

डीएम अमित कुमार पांडेय की समीक्षा बैठक में स्टेडियम की रिपोर्ट सौंपी गई। जिसमें बीडीओ आनंद प्रकाश ने डीडीसी दीपक सिंह को बताया कि आज तक इसके निर्माण कार्य को पूरा नही किया गया और नही इस मामले की पूरी जानकारी ही स्थानीय प्रशासन और मुखिया को दी गई है। बीडीओ के साथ नियुक्त नोडल अधिकारीयो ने अपनी जाँच रिपोर्ट डीएम, डीडीसी और संबंधित अधिकारियों को सौप दिया है।

## गभीरार उच्च विद्यालय में लटका ताला

**रघुनाथपुर(चौथी वाणी)।** देश में रविदास जयंती मनाने में मशगूल हैं। जयंती के बहाने सीवान जिले के सरकारी विद्यालय के शिक्षको की खूब चांदी कट रही हैं। रघुनाथपुर प्रखंड स्थित गभीरार उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुबह 11 बजे तक विद्यालय व शिक्षक कार्यालय के दरवाजे में ताला लटका मिला। विद्यालय में 20 शिक्षकों के बदले सुबह के 10 बजकर 45 मिनट तक मात्र दो शिक्षक ही विद्यालय पहुचकर रविदास जयंती के फॉर्मलिटी को पूरा किया।इस विद्यालय गेट के पास दो-चार छात्र खड़े दिखे। इस सम्बंध में बच्चों ने बताया कि आज रविदास जयंती होने के कारण शैक्षिक कार्य बन्द है।सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की लेट लतीफी करतूत से अच्छे शिक्षकों की भी बदनामी हो रही है। 10 बजे लेट नही और 12 बजे भेंट नही को सही साबित करने वाले शिक्षकों को भी समान काम के बदले समान वेतन चाहिए।इस बाबत जब प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी उषा कुमारी के नम्बर 8544412049 पर सम्पर्क कर जानने की कोशिश की गई तो उक्त नम्बर स्वीच ऑफ बता रहा था,जिससे सिद्ध हो गया कि जब कप्तान ही ड्यूटी के प्रति लापरवाह है। इधर विद्यालय प्रधानाध्यपक गुप्ता ने बताया कि दो दिनों से छुट्टी पर है।विद्यालय का प्रभार अजय कुमार तिवारी को सौंप दिया गया है।



## पैंथर मोबाइल की टीम रख रही आपराधिक घटनाओं पर नजर

**दरौंदा(चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर पैंथर मोबाइल की टीम ने गस्त किया।जिला से आई पैंथर मोबाइल की टीम ने क्षेत्र में घूम कर अपराधिक गतिविधियों पर नजर रख रही है।पीटीसी सुनील कुमार का कहना है कि क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां बढ़ गई है।सोमवार को छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच 531 पर गंडक कार्यालय के समीप एक युवक से हथियार का भय दिखा कर बाइक सहित ग्यारह हजार रुपये लूट लिए है।इधर कई दिनों से अपराधी इसके गंडक भवन एवं ढाला के आसपास रह कर लोगों को शिकार बना रहे हैं।जिसको देखते हुए सीवान पुलिस प्रशासन के तरफ से पैंथर मोबाइल टीम को दरौंदा में गस्त करने के लिए भेजी गई है।इस दौरान टीम के सदस्यों ने दरौंदा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, सभी कंपनी के एटीएम, स्थानीय बाजार, लीला साह का पोखरा, बगौरा, डीबी-चंचौरा के अलावे अन्य बाजारों पर स्थित बैंक एटीएम एवं अन्य भीड़ भाड़ इलाकों में गस्त कर अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी।इस दौरान पीटीसी बबन कुमार, सुरक्षा बल सुभाष कुमार, सत्येंद्र कुमार एवं थाना के एएसआई गिरीश कुमार गश्ती टीम में शामिल रहे।



# 18 फरवरी से जिले में आरोग्य दिवस पर शुरू होगी ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन की सेवा

**सीवान(चौथी वाणी)।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुविधाजनक और सुलभ बनाने के उद्देश्य से अब तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। इस क्रम में ई-संजीवनी टेली मेडिसीन को लेकर एएनएम के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें योजना के तहत लाभुकों तक सेवाओं और सुविधाओं को पहुंचाने के लिये ज्ञानवर्धन किया गया। अब आरोग्य दिवस पर ई-संजीवनी टेलीमेडिसीन सेवा उपलब्ध करायी जायेगी।ई-संजीवनी के माध्यम से सभी आरोग्य दिवस सत्र पर पूर्व से दी जाने वाली सेवाओं के अतिरिक्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वीएचएसएनडी सत्र स्थल को चिह्नित कर जिलास्तरीय हब के साथ संबद्ध किया गया है। वहीं, स्पोक्स के रूप में यह सेवा प्रत्येक बुधवार व शुक्रवार पर अतिरिक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को हब में पंजीकृत किया गया है। वीएचएसएनडी सत्रों पर टेलीमेडिसिन से चिकित्सीय परामर्श के दौरान हाई रिस्क केसेस जैसे गर्भवती महिलाएं, अतिकुपोषित बच्चों आदि के लिए रेफरल सुविधा उपलब्ध करना है. स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किये गए रोगी के स्वास्थ्य की अद्यतन स्थिति को प्राप्त किया जाना है. आवश्यकतानुसार पैथोलॉजिकल सुविधाएँ, एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराना है. साथ ही ग्रीन चैनल सुविधा अंतर्गत कूरियर सेवा द्वारा आवश्यकतानुसार टेस्ट किट एवं दवाओं की उपलब्धता वीएचएसएनडी सत्रों पर सुनिश्चित करानी है।



**डॉक्टरों और चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी को दूर किया जा रहा है :**

डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया कि ई-संजीवनी समग्र रूप से जमीनी स्तर पर डॉक्टरों और चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी को दूर किया जा रहा है। यही नहीं माध्यमिक और तृतीयक स्तर के अस्पतालों पर बोझ को भी कम कर रही है। ई-संजीवनी एबी-एचडब्ल्यूसी (डॉक्टर टू डॉक्टर टेलीकंसल्टेशन सिस्टम) को स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से शहरी-ग्रामीण क्षेत्र का अंतर खत्म करने के लिए लांच किया गया है। उन्होंने बताया, ई-संजीवनी टेली मेडिसीन के दौरान जटिल प्रसव वाली गर्भवती महिलायें अतिकुपोषित बच्चों के लिए रेफरल की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी रेफरल अस्पतालों यथाः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक के सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा दी जा रही सेवाओं, रोस्टरवार चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति को सुचारू रूप से संचालित किया जाए।जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी इमामुल होदा ने कहा कि टेलीमेडिसीन की स्वास्थ्य सुविधा लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीकी चयनित स्वास्थ्य संस्थान पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद वहां तैनात एएनएम के द्वारा ऑनलाइन विभाग द्वारा जारी पोर्टल के माध्यम के टेलीमेडिसीन स्वास्थ्य सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# ढेबवा गांव में ग्रीन मैन डॉ सत्य प्रकाश को किया गया सम्मानित

**सभा में ग्रीन मैन के कार्यों का किया सराहना**
**पौधा और अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** समाजसेवी स्वर्गीय नंद किशोर राय की तीसरी पुण्य तिथि पर कुचायकोट प्रखंड के ढेबवां गांव में सुनंद फाउंडेशन द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में जिले के ग्रीन मैन की उपाधि से सम्मानित पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश को पर्यावरण के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद् को भरी सभा में अंग वस्त्र, पौधा और बुके देकर संस्था द्वारा सम्मानित करते हुए अबतक के पर्यावरण बचाने के लिए इनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया गया। इस मौके पर तमाम लोगों ने पर्यावरणविद् की उपलब्धियों के बारे में बताया। साथ ही इनके कार्यों का अनुसरण करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर पर्यावरणविद् डॉ प्रकाश ने कहा कि यह सम्मान उन पर्यावरण मित्रों के लिए है जिन्होंने पिछले पंद्रह वर्षों में एक एक पौधा लगाकर हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने। हम उनलोगों के प्रति आभार प्रकट करते है। पर्यावरणविद् ने यह भी कहा कि जीवन तभी बचेगा जब हम मिलकर पौधा लगाएंगे। वहीं समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार मनोज राय ने कहा कि पर्यावरणविद् डॉ प्रकाश ने प्राण वायु की फैक्ट्री को स्थापित करने एवं बचाने का जो मुहिम छेड़ा है वह समाज के लिए आईना के समान है। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्राण वायु के लिए हम एक एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण दें। तभी हमारा वर्तमान व भविष्य के जीवन को हम बचा सकेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी उमेश प्रधान ने डॉ प्रकाश की भुरी भुरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज समाज को ऐसे ही सपूत की आवश्यकता है जो लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सके। जिस आबध गति से पेड़ों की कटाई की जा रही है। इससे नहीं लग रहा है कि हम या हमारी आने वाली पीढ़ी अपने आप को बचा पाएगी। अपनी प्राणों की रक्षा के लिए हमें कम से कम प्रत्येक उत्सव पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात पर्यावरणविद् ने पौधा लगाकर लोगों को वृक्ष लगाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर कुचायकोट प्रखंड के राजस्व पदाधिकारी सुमन सौरभ, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ अमित बिसेन, दया किशोर राय, डॉ रविकांत, प्रोफेसर जनार्दन राय, विद्या मिश्र, दीनानाथ मांझी, उदय तिवारी, सुरेश सिंह, राज रोशन राय शर्मा, शैलेश राय, हरकेश राय, पंडित अभय तिवारी, पंडित उत्सव तिवारी, अमित मिश्रा, अमरेंद्र प्रधान, विनोद राय,विमलेश राय, जोगिंदर ठाकुर, बबलू राय, राजेंद्र राय, मिथिलेश राय, सुशील राय, मंटू राय, गप्पु शाही, रामानुज, राजा यादव सहित कई अन्य लोग आदि थे।

## खबरें एक नजर में

### आग से लगभग दस लाख रुपए की संपत्ति जलने का दावा

**7 लोगों पर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी**

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर खरेया गांव में अचानक लगी आग में मुर्गी ,गाय सहित लाखों की संपत्ति जल गयी । रामपुरखरेया गांव के किशमत मियां की पत्नी शायदा खातून ने 7 लोगों पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा देने की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कुचायकोट थाने में आवेदन दिया है । दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मंगलवार की रात गांव के ही 7 लोग मिट्टी का तेल लेकर आए तथा फूस के घर के चारों तरफ छिड़क दिए तथा उसमें आग लगा दी । जब तक लोग समझ पाते तब तक आग उसके घर को चारों तरफ से अपने आगोश में ले लिया तथा उसमें रखी घर की सारी संपत्ति जलकर राख हो गई ।

### प्रत्येक महीने के 19 तारीख को आयरन टॉनिक का होगा वितरण

**गोपालगंज(चौथी वाणी)।** 6 से 59 माह के बच्चों के बीच रक्तअल्पता या एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। एनीमिया बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सबसे बड़े अवरोधक का काम करता है। बच्चों में कम आयरनयुक्त आहार का समावेश एवं सेवन तथा अन्य बढ़ती शारीरिक आवश्यकताओं के कारण छोटे बच्चों में एनीमिया से ग्रसित होने की संभावना बढ़ जाती है। इस सन्दर्भ में कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समीति, बिहार संजय कुमार सिंह ने निदेशक, समेकित बाल विकास विभाग को पत्र जारी हर माह आंगनबाड़ी केन्द्रों पर होने वाले अन्नप्रासन कार्यक्रम में 6 माह और उससे ऊपर के बच्चों को जिनकी आयु 5 वर्ष से कम हो उन्हें उपलब्ध आयरन सिरप पिलाने की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। प्रत्येक माह की 19 तारीख को किया जाएगा आयरन फॉलिक एसिड सिरप का वितरण।

### 740 बोतल शराब जप्त आरोपी सुधीर प्रसाद फरार।

**गोपालगंज(चौथी वाणी)।** उचकागांव थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव में एक बगीचा के अंदर छापेमारी करते हुए पुलिस ने 740 बोतल शराब को जब्त किया है परंतु इस मामले में शराब तस्कर भागने में कामयाब रहा है हालांकि पुलिस ने तस्कर की पहचान कर ली है और यह नरकटिया गांव का ही रहने वाला सुधीर प्रसाद है जिस को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अभियान चला रही है और आरोपी के ऊपर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है पुलिस शराब को जप्त करते हुए तस्कर को पकड़ने में जुट गई है।


### हिरमती रानी मंदिर में निर्धन कन्या का विवाह संपन्न

**कटेया/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अमेया गांव स्थित हिरमति रानी मंदिर में एक निर्धन कन्या का विवाह सामाजिक सहयोग से संपन्न



हुआ. बताया जा रहा है कि वर और वधू दोनों ही पक्ष के निर्धन होने के कारण विवाह में अड़चन आ रही थी. ऐसे में ऑल इंडिया पुलिस सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष मलपुरा गांव निवासी अखिलेश पांडे ने इस नेक कार्य का बीड़ा उठाया और इसे निर्विघ्न संपन्न भी करवाया. प्राप्त सूचना के अनुसार भोरे थाने के कोरेया पंचायत अंतर्गत परसहीं गांव निवासी जितेंद्र मिश्र की 21 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी का विवाह फुलवरिया थाने के तिवारी ओझवलिया गांव निवासी जनक दुबे के 22 वर्षीय पुत्र सुनील दुबे से हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ. युवक व युवती का परिवार अत्यंत गरीब है. युवती के पिता घर पर रहते हैं. उनके पास आय का कोई भी स्रोत नहीं है.इस लड़की के अतिरिक्त उनकी और तीन लड़कियाँ तथा एक छोटा पुत्र भी है. युवती का कन्यादान ऑल इंडिया पुलिस सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने किया. मौके पर विवाह संपन्न कराने वाले पंडित के अलावे वर-वधु पक्ष के लोग तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### गोपालगंज - माघपूर्णिमा एवं संत रविदास जी की 645 वीं जयंती पर - जदयू मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार पटेल ने किया नमन




**गोपालगंज(चौथी वाणी)।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर जदयू0 मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि संतरविदास जी अपने विचारों से सम्पूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समाज मे समरसता का संदेश देनेवाले महाज्ञानी और सामाजिक परिवर्तन के महानायक महान संत ,दार्शनिक,कवि और समाज सुधारक थे। हम परमज्ञानी, संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज जी 645 वीं जयंती पर उनके श्रीचरणों में कोटि कोटि नमन करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित करते है।

संत जी का संदेश था ऐसा चाहूं राज मै जहां मिले सबन को अन्न ,,
छोटे -बड़े सब सम बसै , रविदास रहे प्रशन्न।
मन ही पूजा मन ही धूप,
मन ही सेउ सहज स्वरूप।

श्री पटेल मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि आज के आधुनिक युग में हम संत रविदास जी के बताएं रास्ते पर चल कर ही बाबा साहब अम्बेडकर, सरदार पटेल,महात्मा गांधी, भगवान बुद्ध के सपने को साकार किया जा सकता है।

# मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

**गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** अम्बेडकर भवन में जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी (भाङ्ग्प्राङ्गसेङ्ग) की अध्यक्षता में आगामी मैट्रिक परीक्षा हेतु सभी स्टेटिक दण्डाधिकारी/जोनल, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, गस्ती दंडाधिकारी सभी केंद्राधीक्षक के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने,परीक्षा में कदाचार की रोकथाम करने, परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विदित हो कि मैट्रिक की परीक्षा 17 मॉर्च 2022 से शुरू होना सुनिश्चित है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा सभी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर आपूरित गोपनीय प्रश्न-पत्र दोनों पालियों के लिए प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट्/दण्डाधिकारी केंद्राधीक्षक की उपस्थिति में खोले जाएंगे।तथा प्रश्न पत्र खोलने की अवधि की सम्पूर्ण विवरणी अंकित करते हुए उसकी वीडियोग्राफी करायी जायेगी। बैठक में बताया गया कि प्रथम पाली के परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय पूर्वाह्न 09:30 बजे से 10 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:20 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली के परीक्षा प्रारम्भ होने के समय अपराह्न 01:45 बजे से 10 मिनट पूर्व अर्थात 01:35 ब` तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। साथ ही साथ महोदय द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को नकल पर पूरी तरह लगाम लगाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया कि यदि कोई चिट पुर्जे के साथ नकल करते हुए पाया गया तो उसपर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही साथ यदि कोई किसी के बदले में परीक्षार्थी बन कर परीक्षा में बैठता है इस स्थिति में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। महोदय द्वारा बताया गया कि किसी भी हाल में परीक्षार्थी परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। महोदय द्वारा शहर में ट्रैफिक जाम के वजह से परीक्षार्थियों को समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों से नकल पर लगाम लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा की यदि किसी परीक्षार्थी के पास चिट पुर्जा पाया जाता है तो उसका नाम एक बोर्ड पर लिखा जाएगा और उक्त परीक्षार्थी को खुले मैदान में खड़ा किया जाएगा ताकि अन्य ऐसे परीक्षार्थियों को देखे और उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो मिनट पहले कमरे में प्रवेश दिया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन (भा0प्रा0से0) अपर समाहर्ता बीरेंद्र प्रसाद,अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज उपेंद्र कुमार पाल, अनुमंडल पदाधिकारी हथुआ राकेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा,वरीय उप समाहर्ता अनंत कुमार,डीपीओ स्थापना मनीष कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी शशिकांत आर्य सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## एक शराब तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** आए दिन कही न कहीं शराब तस्कर तो कहीं शराबी पकड़े जा रहे है और सजा भी हो रही है फिर बेल पर घर आ रहे है और फिर वही काम कर रहे है, ऐसे ही घटना भोरे थाना क्षेत्र के खलवा गांव की है जहां एक शराबी शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था, जिसको पकड़ कर हाल ही उसे जेल भेजा गया था और बेल पर आकर फिर चूलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि भोरे थाना क्षेत्र के खलवा गांव में एक व्यक्ति चलाई शराब लेकर जा रहा था। भोरे थाना को इसकी सूचना मिली, सूचना की सत्यापन के लिए भोरे से एस आई अपने दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस को देख शराबी शराब लेकर वहां से भागने लगा जिसको पुलिस द्वारा घेरा बना कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए शराब तस्कर के पास 200` देशी चुलाई शराब बरामद किया गया। पकड़े गए शराब तस्कर की पहचान खलवा गांव निवासी हृदया बीन के पुत्र बूलबुल बीन के रूप में हुई। पुलिस ने बूलबुल बीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बिजली कनेक्शन काटने गई विभागीय टीम पर ग्रामीणों का हमला

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजूरी गाँव में बिजली कनेक्शन काटने गई बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया` इस विषय में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कुचायकोट के कनीय विद्युत अभियंता ने कुचायकोट थाने में आवेदन देकर नामजद आरोपियों के उपर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की माँग की ` कनीय विद्युत अभियंता ने लिखित आवेदन में कहा है कि विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मीरगंज के निदेर्शानुसार लम्बे दिनों से बकाया चले आ रहे बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटने के लिए एक टीम का गठन किया गया था` इस टीम में कनीय सारणी पुरूष सहीत पाँच सदस्य थे` अपरान्ह तीन बजे करीब खजूरी गाँव के बाबूलाल शर्मा सहीत तीन लोगों का कनेक्शन काट दिया गया जिसके बाद बाबूलाल शर्मा के बेटे राजकुमार सहीत चार लोग नामजद और बारह अज्ञात ग्रामीण लाठी डंडा लेकर आए और विद्युत कर्मियों पर गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया जिसमें मानवबल नरेश कुशवाहा बूरी तरह से घायल हो गये जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुचायकोट में भर्ती कराया गया` इस बीच हमलावरों ने मोबाईल और गाड़ी के साथ साथ चालान के लगभग चौबिस हजार रुपए भी छीन लिया` लिखित आवेदन में माँग की गई है कि सरकारी कार्य में बाधा पहु?चाने, सरकारी कर्मियों पर हमला करने और सरकारी राशि की छिनतई करने के खिलाफ कार्रवाई की जाय`

### चोरों का उत्पात, पुलिस गस्ती के बावजूद स्वर्ण व्यवसाई को बनाया निशाना

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** भोरे थाना क्षेत्र में चोरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा, आए दिन चोरी छिनतई, लूट जैसी घटना को अंजाम देकर चोर नौ दो ग्यारह हो जा रही है और पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है, ऐसे ही घटना भोरे थाना क्षेत्र के कालिमोड स्थित जीनबाबा के स्थान से पचास कदम पश्चिम उत्तर की है जहां अज्ञात चोरों ने सतर का ताला काट कर एक स्वर्ण व्यवसाई के दुकान से गहने का अलमारी लेकर भाग गए। बताया जाता है कि संसारपुर निवासी स्व० जोगी वर्मा का पुत्र बुलेट कुमार कलिमोड स्थित जीनबाबा के स्थान से लगभग पचास कदम पश्चिम उत्तर मे स्वर्ण एवं बर्तन का दुकान किए हुए है। बुलेट कुमार अपने दुकान पर अन्य दुकानदारों से सोने एवं चांदी के गहना लाकर बेचते है। बीती रात वो अपना दुकान बंद कर बुलेट कुमार अपने घर चले गए जब सुबह मे आए तो देखा कि सटर का ताला टूटा हुआ है और सटर थोड़ा ऊपर उठा हुआ है,तब बुलेट कुमार सोरगुल किए और लोग इकट्ठा हो गए। बुलेट कुमार जब सटर से अन्दर झांक कर देखा तो उनके होस ही उड़ गया, जिसमे वे सोने एवं चांदी के आभूषण रखते थे वह अलमीरा ही गायब था।

# तृतीय चरण की काउंसलिंग को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**गोपालगंज(चौथी वाणी)।** समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी (भा0प्रा0से0) की अध्यक्षता में वैसे नियोजन इकाई जहां तृतीय चक्र में काउंसलिंग की प्रक्रिया कतिपय कारणों से नही हो सकी उन नियोजन इकाई के सदस्य सचिव,अध्यक्ष तथा प्रखंड विकास पदाधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभागीय अधिसूचना संख्या 114 दिनांक- 10/02/2022 के कंडिका 3 में अंकित प्रावधानों के तहत आयोजित की गयी। जिसमे स्पष्ट किया गया है कि काउंसलिंग एवं नियोजन प्रक्रिया पूर्ण नही करने वाले नियोजन इकाईयों पर इसे संवैधानिक दायित्वों का उलंघन मानते हुए दोषी पदाधिकारी/कर्मी तथा सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध प्रासंगिक अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपालगंज को निर्देश दिया गया कि शिक्षक नियोजन नियामवली एवं समय समय पर शिक्षा विभाग से निर्गत पत्र-परिपत्र की जानकारी सभी प्रतिभागियों को दिया जाए। साथ ही साथ रेंडम तरीके से कुछ पंचायत सचिव से कॉउंसलिंग के सम्बंध में जानकारी प्राप्त किया जाए। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि विभागीय प्रावधान के तहत मेधा सूची त्रुटि रहित करते हुए अनुमोदन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपालगंज द्वारा सभी सदस्य सचिव को मेधा अंक निर्माण,अधिभार अंको की गणना तथा नियोजन समिति के सदस्यों के सम्बंध मे स्पष्ठ जानकारी दी गयी। उक्त बैठक में प्रखंड नियोजन इकाई तथा पंचायत नियोजन इकाईयों की संख्या क्रमशः प्रखंड का 11 और पंचायत का 70 है। उक्त सभी नियोजन इकाईयों से दिनांक 27/02/2022 तक नियोजन समिति से अनुमोदित मेधा सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।ताकि जिला स्तर पर प्राप्त मेधा सूची का अनुमोदन जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से किया जा सके।तदनुसार एनआईसी के वेबसाइट पर अनुमोदित मेधा सूची अपलोड किया जा सके। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) मनीष कुमार मौजूद रहे।

# मधुबनी जिले में जलाशयों का अतिक्रमण

**मधुबनी(चौथी वाणी)** जिले में तालाब का अतिक्रमण होता जा रहा है।प्राचीन काल में पोखरे को खुदवाने पर लोग पुण्य का काम महसूस करते थे। उस समय लोग भोजन, पूजा अन्य धार्मिक कार्य पोखरे के पानी से करते थे। आजकल लोग धीरे धीरे मिट्टी, राख, गोबर ,से पोखर को भरते जा रहे हैं । भरने के बाद धीरे-धीरे उसमें खोपड़ी बनाकर रहने लगते हैं और बाद में शौचालय का निर्माण करते हैं ।उसके बाद रहने का घर बना लेते हैं ।बिहार के सभी जलाशय राज्य सरकार के अधीन हैं। और सभी प्रखंड मुख्यालय में इसको देखरेख करने वाले अंचल अधिकारी होते हैं। जिन्हें सीईओ भी कहा जाता है। लेकिन ऐसा लगता है जो यह काम सीओ साहब का न हो। लोग कई पोखरे को भर कर के अपना घर बना लिए हैं। ऐसा लगता है। जो वहां पर पोखरे का निर्माण नहीं किया गया हो ।जिला प्रशासन भी इस पर ध्यान नहीं देते हैं ।और अपने अन्य कनीय पदाधिकारियों को भी ध्यानाकर्षण नहीं कराते हैं। स्थानीय पुलिस का भी काम होता है। सरकारी संपत्ति की रक्षा करना ।वह भी अपना फर्ज नहीं निभाते हैं। एक दिन ऐसा समय आएगा। जल संचयन का क्षेत्र बंद हो जाएगा। और पोखर देखने को कहीं नहीं मिलेगा ।जिस प्रकार इनार पहले जमाने में होता था। वहीं इनार कहीं कहीं देखने को मिलता है ।जो प्रत्येक गांव में हुआ करता था। अब कहीं पर दिखाई नहीं पड़ता है। गिने-चुने गांव में यह देखने को मिलते हैं। क्योंकि लोग चापाकल के पानी से भगवान का पूजा करते हैं। पंचायती राज्य में प्रत्येक पंचायत को विकास के लिए 5 करोड रुपैया मिला था। लेकिन वह नल जल और ढलाई का रोड बना कर काम करके राशि का उपयोग कर लिए ।इनको देखने वाला कोई जनप्रतिनिधि नही और न कोई पदाधिकारी वर्तमान में देखे जाते हैं ।

### कोरोना जैसे विकट समय में सामुदायिक किचेन चलाने के नाम पर कई लाखों का घोटाला

**खजौली (चौथी वाणी)** खजौली अंचल में कोरोना के दूसरे लहर में मई - जून 2021 में सामुदायिक किचेन की व्यवस्था की गई थी जहाँ असहाय प्रवासी मजदूरों को निः शुल्क (मुफ्त) भोजन कराया जाना था लेकिन इस किचेन में व्यापक पैमाना पर फजीर्वारा किए जाने का कागजी प्रमाण मिला है। सामुदायिक किचेन में भोजन कताओं के नामों की सूची में ऐसे व्यक्तियों का नाम है जो इस धरा पर कभी आए ही नही तथा कुछ ऐसे भी नाम है जिसकी मृत्यु सामुदायिक किचेन व्यवस्था से पूर्व ही हो चुकी है । सैकड़ो काल्पनिक नाम है, जिन्हें दीपक लेकर खोजने पर भी खजौली अंचल भर में कहीं नही मिलेगा । उपस्थिति पंजी पर सभी हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान जाली है, तथा एक ही व्यक्ति द्वारा किया गया है । ऐसे व्यक्तियों का भी नाम है जो व्यपारी तथा संपन्न परिवार के है जो कभी किचेन की ओर कभी कदम भी नही रखा होगा । कुल मिला कर इस फजीर्वारा द्वारा कई लाख रुपए का अंचलाधिकारी खजौली द्वारा वारा न्यारा किया गया है , जो निष्पक्ष जाँच से सामने आ जाएगा ।

# आस्था का प्रतीक छिन्नमस्तिका स्थान

**दरभंगा(चौथी वाणी)** दरभंगा जिले के उज्जान ग्राम के बगल में लालपुर गांव में मां छिन्नमस्तिका के भव्य स्थान है। दशो महाविद्या में मां छिन्नमस्तिका का स्थान पांचवा है। माता का मूर्ति न होकर पत्थर का आकृति बना हुआ है । माता नीम के वृक्ष के नीचे स्थित है। मंदिर बनाने के लिए अनेकों भक्त यहां पर पहुंचते रहते हैं ।लेकिन लोगों का कथन है कि माता मंदिर में नहीं रहना चाहती है।यह स्थान प्राचीन काल से पूजनीय होता आ रहा है। यहां पर आकर भक्त माता से अपनी मनोकामना पूर्ति के गुहार लगाते हैं।दुर्गा पूजा के समय इस स्थान पर भारी मेला लगता है। अन्य दिन भी भक्त लोग आकर के झाग बलि चढ़ाते है। कुमारी भोजन भी करातेहैं। भक्त लोग प्रसाद का भोग लगाते है। इस स्थान पर मंत्री, पदाधिकारी, ठेकेदार और अन्य व्यक्ति भी आ करके अपनी कामना को पूर्ति करते आ रहे हैं। यदि किसी भक्तों को किसी प्रकार की कामना हो तो इस स्थान पर आकर अपनी मन्नत को मना सकते हैं। विशेष जानकारी मो 7281972003 पर संपर्क कर सकते है।



# प्रोन्नति के आस लगाए बैठे है पंचायतीराज संस्थान में कार्यरत शिक्षक

**खजौली (चौथी वाणी)** पंचायतीराज संस्थान में कार्यरत प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति के आश लगाए वर्षो से वाट जोह रहे है कि उनके सेवा शर्त के अनुसार समय आने पर उन्हें प्रोन्नति मिलेगी । विडंबना ऐसी है, कि जब उनका प्रोन्नति का समय नजदीक आता है, तो उनके सेवा शर्त में कुछ न कुछ परिवर्तन कर दिया जाता है । ज्ञातव्य हो कि इन शिक्षकों का सर्वप्रथम नियमावली 2006 आया उसके बाद 2012 एवं समय समय पर नियमावली में कुछ न कुछ संशोधन होता रहा अब उनके लिए बिहार सरकार शिक्षा विभाग अधिसूचना जारी कर संचिका संख्या 7 / नियो0 12 /2020--709 पटना दिनांक 21.08.2020 को बिहार पँचायत प्रारंभिक सजेवा ( नियुक्ति, प्रोन्नति, स्थानांतरण, अनुशासनिक ) करवाई एवं सेवा शर्त नियमावली 2020 बनाई गई है । बात करे नियमावली 2012 का तो उक्त नियमावली के कंडिका 15 (च) के तहत प्रोन्नति देने का प्रावधान है उक्त कंडिका में वर्णित है, कि आठ वर्षों के संतोषजनक सेवा उपरांत प्रशिक्षित शिक्षकों को अगले वेतन में ( स्नातक ) कोटि में प्रोन्नति दी जाएगी । इसके तहत वर्ष 2014 में ही इन शिक्षकों का प्रोन्नति हो जाना चाहिए था जो आज तक वाट जोह रहे है । 2012 के नियमावली के अनुसार प्रारंभिक शिक्षकों को तीन ग्रेड में विभक्त किया गया:-- बेसिक ग्रेड, स्नातक ग्रेड एवं प्रधानाध्यापक ग्रेड। पूर्व के जितने नियोजित शिक्षक थे उन्हें बेसिक ग्रेड के श्रेणी में ही रखा गया। नियमावली 2012 में बेसिक ग्रेड के वैसे शिक्षक जो स्नातक ग्रेड का भरत रखता था उन्हें सामंजन नहीं किया गया जिसकारण 2012 के नियमावली से नियुक्त शिक्षकों से वे कनीय हो गए जो उन शिक्षकों को आत्म सम्मान पर ठेस लगने जैसा है साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ - साथ वतीयता का भी ह्रास है । दूसरी ओर नियमावली 2020 की बात की जाय तो दोनों नियमावली में इस बात का चर्चा है कि लगातार 12 वर्षो की संतोषजनक सेवा उपरांत अगले वेतनमान में प्रोन्नति देने का प्रावधान है इसके बाबजूद भी आज तक इन शिक्षकों को प्रोन्नति नही दी गई । इस दर्द भरी दास्तान का सामाचार प्रकाश में आया है कि खजौली प्रखंड अंतर्गत पंचायतीराज संस्थान मे कार्यरत प्रखंड शिक्षक प्रदीप कुमार, रामउदगार यादव, राम परीक्षण यादव, बलराम साहू, संजीव कुमार, शोभाकांत सिंह एवं हेमंत कुमार ठाकुर ने नियमावली 2012 के कंडिका 15( च) का हवाला देते हुए जून 2019 में लिखित आवेदन प्रखंड नियोजन इकाई के सचिव को दे कर प्रोन्नति देने का गुहार लगया था जो आज तक संभव नही हो पाया । उनलोगों का कहना है कि अहर्ता रखने के बाबजूद भी अपने से कनीय शिक्षक के अधिनस्थ कार्य करने में आत्म ग्लानि महशुस हो रहा है साथ ही वरीयता के साथ- साथ आर्थिक क्षति हो रही है।

### स्पशार्घात से बालक की मौत

**खजौली (चौथी वाणी)** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय इनरवा पंचायत के वार्ड 09 में आज विद्युत स्पशार्घात से एक बालक की मौत हो गई। मृत बालक की पहचान स्व. ओम प्रकाश सिंह के छोटे पुत्र भरत कुमार (13) के रुप मे हुई है। जानकारी अनुसार भरत अपने घर में लगे पानी के मोटर का स्विच देकर पानी लेना चाह रहा था, इसी क्रम में वह अचानक विद्युत स्पशार्घात का शिकार हो गया। विद्युत स्पशार्घात के कारण वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। स्वजनों द्वारा उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद से स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

### 17 से 24 फरवरी तक चलेगा दिव्यांग प्रमाणीकरण शिविर

**खजौली (चौथी वाणी)** जिला पदाधिकारी मधुबनी के निदेशालोक में प्रखंड के चिन्हित दिव्यांगों के प्रमाणीकरण हेतु खजौली सीएचसी में 17 फरवरी से 22 फरवरी 2022 तक शिविर का आयोजन होगा। शिविर में दिव्यांगों के ऑफ लाइन निर्गत प्रमाण पत्रों का सत्यापन होगा एवं उन्हें ऑन लाइन किया जाएगा। वहीं शिविर में शामिल होने वाले सभी दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड निर्माण किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने किया मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण

अमित कुमार, जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा मधुबनी शहर के थाना मोड़ से कोतवाली चौक की सड़क के दोनो तरफ निमार्णाधीन नाले के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने मंगलवार की देर शाम पैदल सड़कों पर निकले। उनके साथ नाले के निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। शहर के मुख्य मार्ग पर आए दिन होने वाले जलजमाव से लोगों को निजात दिलाने के उद्देश्य से लगभग 3930 मीटर की लंबाई वाले नाले का निर्माण उक्त मुख्य मार्ग के दोनो तरफ करवाया जा रहा है। इस नाले के निर्माण से जहां जल जमाव की परेशानी से लोगों को छुटकारा मिलेगा वहीं अतिक्रमण से भी मुक्ति मिलेगी और सड़क का चौड़ीकरण संभव हो सकेगा। मधुबनी शहरी क्षेत्र की वर्षो की अपेक्षा वाली इस योजना पर लंबे समय से कार्य किया जा रहा है। परंतु, कोरोना संक्र मण के प्रभाव से इसमें देरी हुई। अपने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फरवरी चल रही है और मई से वर्षा ऋतु आरंभ हो जाएगी। इससे निर्माण कार्य पुनः प्रभावित हो सकता है। ऐसे में किसी भी परिस्थिति में इसका निर्माण कार्य मानसून से पहले पूरा करना है। थाना मोड़ पर केनाल से जुड़ाव स्थल पर निर्माण का जायजा लेते हुए उन्होंने आ रही कठिनाई की जानकारी ली और कई निर्देश दिए। थाना मोड़ से पैदल कोतवाली चौक की दिशा में बढ़ते हुए रास्ते की हर छोटी बड़ी कठिनाई पर उन्होंने सूक्ष्म जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को इसे प्राथमिकता के स्तर पर निपटाने के निर्देश दिए। कार्य से जुड़े अभियंताओं द्वारा नाले के निर्माण में बाधक जिन दो बड़ी समस्याओं की ओर समाहर्ता महोदय का ध्यान आकृष्ट किया गया, उनमें बिजली के खंभों को स्थापित करना और पेड़ों को काटना शामिल था। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ पेड़ नाले की जद में थे और कुछ सड़क की सीमा के अंतर्गत खड़े थे। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि पेड़ हमारे लिए अमूल्य हैं। इसलिए अत्यंत आवश्यक होने पर ही उन्हें काटा जाए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को भी पेड़ों की आवश्यक कटाई के मद्देनजर निर्देश देते हुए कहा कि जिन पेड़ों से नाले के निर्माण और सड़क की यातायात प्रभावित न होती हो, उन्हें केवल छांट कर कार्य संपन्न किया जाए। बिजली के खंभों को उचित जगह लगाने और तारों के बीच पेड़ो के अवरोध को भी समाप्त करने के निर्देश दिए गए। ताकि भविष्य में बिजली के तारों से किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जनहित को देखते हुए ससमय इसका निर्माण कार्य संपन्न किया जाए। मौके पर श्री अश्वनी कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, मधुबनी, श्री राकेश कुमार, नगर आयुक्त, मधुबनी, श्री अरुण कुमार, उप नगर आयुक्त, मधुबनी, श्री पंचू पासवान, कार्यपालक अभियंता, वुडको, के साथ साथ कार्यपालक अभियंता, विद्युत, मधुबनी, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मधुबनी, अंचल अधिकारी, रहिका, प्रोजेक्ट मैनेजर, क्रूशी इंफ्रा इंडिया लिमिटेड कंपनी, हैदराबाद एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### हिजाब पर हंगामा

कर्नाटक में कुछ छात्राओं के हिजाब पहनने को लेकर विवाद गंभीर होता जा रहा है। उडुपी के एक जूनियर कालेज से शुरू हुए इस विवाद में राजनीति शुरू हो जाने से माहौल बिगड़ रहा है और इसके सांप्रदायिक रूप ले लेने का खतरा है। विवाद अन्य कालेजों तक फैलने लगा है। जिले में कुंडापुर के कई जूनियर कॉलेज में हिजाब के जवाब में भगवा शॉल निकल आई हैं। दो कॉलेज के विद्यार्थियों ने राज्य शिक्षा विभाग के ड्रेस कोड अनिवार्य करने वाले आदेश की अवहेलना करने की कोशिश की। शहर के वेंकटरमण कॉलेज के छात्रों का एक समूह भगवा शॉल पहने जुलूस निकालते हुए कॉलेज पहुंचा। छात्रों का कहना था कि कि यदि छात्राओं को हिजाब पहनकर कक्षाओं में आने की अनुमति दी जाएगी, तो वे भी शॉल पहनेंगे। सरकारी पीयू कॉलेज में भी प्राचार्य ने हिजाब पहनकर आई छात्राओं को सरकार का ड्रेस कोड समझाया, लेकिन छात्राएं हिजाब हटाने पर राजी नहीं हुईं, इसके बाद उन्हें एक निर्धारित अलग कक्ष में भेज दिया गया। आहिस्ता-आहिस्ता यह विवादास्पद मुद्दा राज्य भर में फैलता जा रहा है। विजयपुरा जिले के इंडी शहर में, मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने के विरोध में शांतेश्वर पीयूसी कॉलेज और जीआरबी कॉलेज के हिंदू छात्र भगवा शॉल पहनकर आए। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए दोनों कॉलेजों के प्रबंधन ने छुट्टी घोषित कर दी। विजयपुरा को भाजपा का गढ़ माना जाता है और यह सांप्रदायिक रूप से भी संवेदनशील है। भद्रावती में भी सरकारी कॉलेज में छात्रों ने हिजाब के खिलाफ भगवा गमछा पहन कर विरोध जताया। हिजाब विवाद के बारे में परेशान करने वाली घटनाओं को बारे में खुफिया एजेंसियां और शिक्षा विभाग हाई अलर्ट पर हैं। उडुपी पुलिस ने 5 फरवरी को हिजाब-केसर शॉल विरोध के दौरान चाकू दिखाने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय को हिजाब विवाद पर मुस्लिम छात्राओं की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। राज्य सरकार ने कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद वे यूनिफॉर्म पर एक नीति तैयार करेंगे। राज्य में हिजाब पहनने पर विवाद की शुरुआत जनवरी महीने में हुई थी। उडुपी जिले के प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में 7 छात्राओं को हिजाब पहनने के कारण कक्षा में प्रवेश नहीं दिया गया था। एकाएक शुरू हुआ यह विवाद उचित नहीं है। पढ़ाई में परंपरा के नाम पर खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। सभी राजनीतिक दल इस मामले में निष्पक्ष रवैया अख्तियार करेंगे, यही उम्मीद है।



रूपेश कुमार सिंह
प्रधान संपादक
चौथी वाणी

### दांव से दावेदारी

पंजाब में कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर जो कयासबाजी चल रही थी, उस पर रविवार को विराम लग गया। कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चरणजीत सिंह चन्नी को पार्टी का मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया। हालांकि चन्नी के अलावा किसी और चेहरे पर दांव लगाने की अटकलबाजी तो नहीं थी, मगर नवजोत सिंह सिद्धू की कुछ दिनों से की जा रही बयानबाजी से आलाकमान भी एक बार को संशय में पड़ गया था। दरअसल, कांग्रेस में इस बात को लेकर गहन मंथन हुआ कि 18 फीसद जट्ट सिख वोटों की तुलना में करीब 32 फीसद दलित वोटों को एकजुटता का संदेश देना ज्यादा लाभप्रद होगा। और हुआ भी यही। हालांकि राज्य की सत्ता में लंबे वक्त तक रही शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन ने भी कांग्रेस को यह फैसला लेने के लिए मजबूर किया। वैसे सिर्फ दलित होने की वजह से चन्नी की दावेदारी को मजबूती नहीं मिली। इससे इतर चन्नी का अपने 111 दिन के कार्यकाल में राज्य की जनता से बेहतर संवाद, प्रधानमंत्री की सुरक्षा मामले में खुद को मजबूत तरीके से प्रस्तुत करना और सिद्धू के लगातार उकसाने वाले बयान पर कोई भी जवाब नहीं देना; चन्नी के फेवर में गया। निश्चित तौर पर कांग्रेस के इस दांव से तमाम विपक्षी पार्टियां बैकफुट पर आ गई हैं। साथ ही दूसरे राज्यों के चुनाव पर भी इस फैसले का कांग्रेस के पक्ष में हवा बनेगी। निश्चित तौर पर यह आलाकमान का चतुराई भरा निर्णय है। राहुल ने इसके साथ ही सुनील जाखड़ को 'हीरा' बताकर हिंदू वोटबैंक को भी साधने की सफल कोशिश की है। अगर कांग्रेस पंजाब में सत्ता में वापसी कर लेती है तो वह अपने इस 'फार्मूला' को आने वाले अन्य राज्यों के चुनाव में आजमाने का प्रयास करेगी। दोआबा और माझा इलाकों में सुनने में आया कि यहां के विधानसभा क्षेत्रों में चन्नी को लेकर 'साफ्ट कॉर्नर' है। दोआबा इलाके में जहां वोटरों की पहली पसंद बसपा थी, वहां के लोगों में अब चन्नी के प्रति झुकाव देखा जा रहा है।

# राष्ट्रवाद की जबतक अनदेखी होती रहेगी तबतक देश में गैरजरूरी विवाद होते रहेंगे




लेखिका
सुनीता कुमारी
पूर्णियाँ बिहार



**लोकतंत्र** का पहला नियम राष्ट्रवाद है, जो प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होता है। प्रत्येक व्यक्ति का पहला धर्म राष्ट्रवाद ही है उसके बाद ही कोई अन्य धर्म है ।प्रत्येक व्यक्ति पहले देशहित के लिए देशधर्म का पालन करे देशभक्त बने उसके बाद ही हिन्दु ,मुस्लिम ,सिक्ख या ईसाई बने। जबतक इस भावना को देश का प्रत्येक व्यक्ति समझ नहीं लेता है, अपने हर निजी नियम और स्वतंत्रा से पहले राष्ट्रवाद को नहीं रखता है तबतक लोकतंत्र की सफलता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहेगा। देश की शांति ,सुरक्षा और विकास पर प्रश्न चिह्न लगा रहेगा।आए दिन विवाद होते रहेगें। देश राजनीतिक अस्थिरता या राजनीतिक तानाशाही का शिकार होता रहेगा। राष्ट्रवाद की भावना के अभाव में आम लोग धर्म, आरक्षण ,जातिवाद, क्षेत्रवाद, समुदायवाद को मोहरा बनाकर देश का नुकसान करते रहेगें, खुद का ही नुकसान करते रहेगें। जबतक देश का प्रत्येक व्यक्ति अपनी निजी अवधारणा की जगह देश को महत्व नहीं देगा, राष्ट्र को महत्व नहीं देगा तबतक दिखावे के लिए गणतंत्र दिवस समारोह और स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रगान गाना फिजूल है। चाहे देश धर्मनिरपेक्ष हो, समाजवादी हो, नागरिक समानता का पक्षधर हो , इन सब के बावजूद भी सबसे पहले अगर कुछ जरूरी है तो वह है राष्ट्रवाद की भावना से देश के प्रत्येक नागरिक को सराबोर होना। तभी देश में समुचित विकास होगा। प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग में यह बात कूट-कूट कर भरी होनी चाहिए कि, कोई भी व्यक्ति हिंदू या मुस्लिम सिख या ईसाई बाद में है सबसे पहले राष्ट्रवादी है, हर धर्म का नियम राष्ट्रवाद के नियम के बाद ही है। राष्ट्रधर्म हर व्यक्ति के लिए पहला धर्म होना जरूरी है। उसके बाद देश का विकास , रोजगार ,गरीबी ,भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को देश से हटाया जा सकता है। देश का विकास करने की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति पर है उसके बाद ही धर्म के नियम तथा अन्य सामाजिक नियम है क्योंकि हर इंसान के लिए रोटी कपड़ा और मकान पहले आता है और इन सब जरूरतों की पूर्ति देश की सुरक्षा के बाद ही सही से पूरी हो सकती होती है। वर्तमान में जो देश की स्थिति है,चारों तरफ हिजाब का मामला जोर पकड़ा हुआ है ,चारों ओर मिडिया सोशल मिडिया समाचार पत्र सबमें हिजाब को लेकर ही समाचार प्रसारित हो रहे है । जिससे देश भर में कितने ही कॉलेज में पढ़ाई बाधित है। जितने लोग उतनी बातें हो रही है।आम जनता से लेकर तमाम नेतागण अलग-अलग बयान दे रहे है, इन सब में कुछ गौण है तो वह समाज के नियम, समानता का भाव एवं राष्ट्रवाद की भावना। क्या महज मनमाफिक कपड़े पहनने से देश का विकास हो जाएगा ? वैसे ही हमारे देश में शिक्षा की जो व्यवस्था है, वह संतोषजनक नहीं है। अंग्रेजों की शिक्षा नीति की बैसाखी पर शिक्षा वैसे ही कमजोर स्थिति में है। स्वरोजगार ,व्यवसाय एवं कृषि के विकास की जगह युवा सरकारी नौकरी को बेहतर समझते है।अंग्रेज की वैशाखी पर देश की शिक्षा नीति के कारण बेरोजगारी समस्या ज्यादा है । लोगों का वर्तमान शिक्षा से झुकाव सिर्फ और सिर्फ सरकारी नौकरी को पाना है,जबकि इसके अलावा भी रोजगार के बहुत सारे साधन है।कृषि जनित उद्योग ,लघु उद्योग ,तरह-तरह के व्यवसाय आदि बहुत सारे साधन है जहां युवा धन कमा सकते हैं और देश का विकास कर सकते हैं हमारे देश में नेतागण भी इस दिशा में पूरे के पूरे उदासीन ही पड़े हुए हैं । राजनीति से जुड़े सारे लोग लोगों को जरा सा भी इस परिस्थिति का अंदाजा नहीं है कि ,आज जो शिक्षा व्यवस्था है वह देश को सही दिशा नहीं दे पा रही है बेरोजगारों की भीड़ जमा हो रही है। इस परिस्थिति में शिक्षा के मंदिर में ही तमाशा कराया रहा है। आज के समय में पूरा देश राष्ट्रवाद, समानता सामाजिकता, नैतिकता की बात छोड़ कर कपड़ों पर विवाद कर रहा है ,जो कहीं भी किसी भी तरह से सही नहीं है। यह माना कि धार्मिक स्वतंत्रता आवश्यक है परंतु धार्मिक स्वतंत्रता के भी नियम और वसूल है आप सार्वजनिक स्थान पर जहां समानता की बात होती है, देशभक्ति की बात होती है ,वहां पर कोई एक व्यक्ति भी निजी स्वतंत्र नहीं है ।उसे देश के नियम संविधान के नियम समाज के नियम नैतिक नियम के अनुसार ही चलने होंगे। परंतु हमारे देश में ऐसा नहीं है सारे लोग ववैसे गैरजरूरी विवाद के पीछे पड़े हुए हैं ,जिससे देश में 1% भी विकास या अन्य समस्या दूर ही हो सकती है ।वर्तमान में जो देश का सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य है ,इससे एक बात स्पष्ट है कि यह भविष्य के लिए चिंताजनक है। समुदायवाद को बढ़ावा मिल रहा है। अगर देश में राष्ट्रवाद की भावना को ना बढ़ाया गया तो भविष्य में देश विभाजन जैसी अन्य समस्याओं का सामना देश को कर सकता ना पड़ सकता है। क्योंकि राष्ट्रवाद का दमन करके राष्ट्रवाद की अनदेखी कर-के किसी भी देश का विकास संभव नहीं है ,ना ही सुरक्षा संभव है। हिजाब विवाद में जहां सारे नेतागण को इस पक्ष में एक जैसी संवैधानिक नियम एवं राष्ट्रवाद के नियम समानता के नियम को लेकर बयान देना चाहिए था , वहीं सारे नेता अलग-अलग बयान देकर राजनीति रोटी सेक रहे हैं ?"अल्लाह हु अकबर"बोलने वाली लड़की को इनाम दिया जा रहा है,देश का भावी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है।क्या "अल्लाह हु अकबर" बोलने से ही देश की तमाम तरह की समस्याएं समाप्त हो जाएगी? अगर ऐसा चलता रहा तो भविष्य में कई अन्य समस्याएं देश में सर उठाकर आंदोलन करती रहेंगी ।देश के अंदर फूट पढ़ता रहेगा समुदाय वाद को बढ़ावा मिलता रहेगा धर्म के नाम पर झगड़े होते रहेंगे। लोकतंत्र में पहला धर्म राष्ट्रवाद है उसके बाद ही कोई नियम , कोई कानून या कोई संविधान है । राष्ट्रवाद नहीं तो लोकतंत्र नहीं। परंतु हमारे देश में राष्ट्रवाद का ही हनन होता रहा होता रहता है ।कोई भी नेता कोई भी संघ राष्ट्रवाद के नियमों को संविधान के नियमों को देखकर बयानबाजी करते ही नहीं हैं। हमारे देश में वैसे हर आंदोलन का बहिष्कार होना चाहिए जो संविधान के नियम के विरुद्ध हो समानता के नियम के विरुद्ध हो। हर व्यक्ति स्वतंत्र है परंतु वह अपनी निजी जिंदगी में स्वतंत्र है ।अपनी निजी जिंदगी में वह हर कार्य करने के लिए स्वतंत्र है जो वह करना चाहता है, परंतु समाज और देश के नियम के अनुसार व्यक्ति स्वतंत्र नहीं है। समाज में जो समानता का नियम है उसे बरकरार रखना जरूरी है ।अन्यथा एक ही समाज में अलग-अलग समुदाय अलग-अलग तरह के लोग विवाद करते रहेंगे, और देश विवाद में ही फंसा रहेगा जैसे अभी हो रहा है। सबसे ज्यादा जरूरी है कि,राष्ट्रवाद को बढ़ावा देकर लोगों में जागरूकता फैलाई जाए ।वैसे हर संस्थाओं को विवाद की जगह न बनाया जाए, जहां समानता का नियम लागू है ।संविधानिक नियम लागू है। स्कूल कॉलेज , प्रत्येक सरकारी संस्थान में कोई किसी भी धर्म को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह देश धर्मनिरपेक्ष है। हर किसी का हक बराबर है ,हर किसी को आजादी है परतु,कोई एक समुदाय दूसरे समुदाय समुदाय पर हावी नहीं हो सकता और ना ही अपना निजी नियम देश और समाज पर थोप सकता है । राष्ट्रवाद का दमन किया जाएगा तो देश में दंगा फसाद और गैरजरूरी आंदोलन का शिकार होकर आगे बढ़ने की अपेक्षा पीछे की ओर से खिसकता जाएगा । यह देश के लिए हानिकारक है । राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए, हर एक व्यक्ति को लोकतंत्र में पहले राष्ट्रवादी होना चाहिए। जय हिंद ।।।

# करोना के नये वेरिएंट की फिर एंट्री की संभावना, विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी

**करोना** के अलग-अलग वैरीअंट ने पिछले दो, ढाई वर्षों में पूरे विश्व में दहशत मचाई है। कोविड-19 की दूसरी लहर ने तो मौत का तांडव ही मचा दिया था। संक्रमण की तीसरी लहर में ओमीक्रोन ने भी लाखों लोगों को संक्रमित किया पर राहत की बात यह थी कि इसमें मौतों का सिलसिला कम हुआ है। अब कोविड-19 के ओमक्रोन वैरीअंट की संक्रामकता अब धीरे-धीरे कम हो रही है। पर कोविड-19 एक ऐसी संक्रामक बीमारी है जो कभी न खत्म होने वाली है। जितने नए-नए वैरीअंट पूरे विश्व में मानव समुदाय को परेशान किया है, भविष्य में परेशानी की संभावनाएं भी बहुत हैं। भारत समेत दुनिया के कई देशों में जहां कोविड-19 के संक्रमण का प्रकोप धीरे धीरे कम हो रहा है पर यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इंटरनेशनल न्यूज डेस्क के अनुसार करोना को लेकर विश्व स्वास्थ संगठन ने ताजा जानकारी देकर गाइडलाइंस जारी की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की टेक्निकल टीम के अनुसार अभी कोविड-19 के संक्रमण का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संस्था ने चेतावनी दी है कि हमें अभी भी कोविड-19 के तमाम वैरीअंट से बचने की परम आवश्यकता है, और इस संदर्भ में उठाए गए सारे कदमों को और गाइडलाइंस को सावधानी के तौर पर जारी रखना होगा। विश्व स्वास्थ संगठन की टेक्निकल टीम द्वारा बताया गया है कि भविष्य में और भी कोविड-19 के संक्रमण के वैरीअंट की आने की संभावना है। करोना के म्यूटेशन अभी भी निरंतर लगातार जारी है। विश्व स्वास्थ संगठन की टेक्निकल टीम की चीफ साइंटिस्ट और संचालक सौम्या स्वामीनाथन ने चेतावनी देते हुए कहा की कोविड-19 का संक्रमण खत्म हो गया है,यह कहना अत्यंत निराधार है। हमें अभी भी इसको लेकर बहुत ज्यादा सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि इस संक्रमण के अलग-अलग म्यूटेशन की जानकारी प्राप्त हुई है, और इससे कई और वैरीअंट के आने वाले दिनों में सामने आने की आशंका है। सौम्या स्वामीनाथन की चेतावनी के पहले विश्व स्वास्थ संगठन की टेक्निकल हेड मारिया वेन ने भी करोना को लेकर कुछ बातें कही थी, उन्होंने कहा कि हम इस वायरस के बारे में काफी कुछ जानते हैं, और इसकी प्रगति के बारे में हमें ज्ञान हो गया है कि यह खत्म नहीं होने वाला संक्रमण है। उन्होंने कहा कि हम लगातार इस वायरस को ट्रेस कर रहे हैं,इसका म्यूटेशन कई प्रकार से जनमानस में होने की वजह से इसके आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ओमीक्रोन इसका सबसे आधुनिक वैरीअंट है और यह जरूरी नहीं कि यह आखरी वैरीऐंट हो। इसलिए यह आशंका हमेशा से बनी है कि इसके म्यूटेशन के कारण भविष्य में और भी वैरीएंट सकते हैं। अतः भारत सहित चीन, मलेशिया, अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा, इजराइल और भी कई अन्य देश जहां करोना ने अपना आतंक मानवी जीवन में मचाया था,वहां अभी भी विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा दी गई गाइडलाइंस का अक्षरसः पालन किया जाना चाहिए।अन्यथा फिर इस संक्रमण का खतरा संपूर्ण मानव जाति पर होगा। विश्व स्वास्थ संगठन ने चेतावनी देते हुए हिदायत दी है कि विश्व के सभी देशों को इसे मिलजुल कर समाप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत तथा चीन, मलेशिया जैसे ज्यादा जनसंख्या वाले देश को विशेष रूप से सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अभी भी लोगों को भीड़ में जाने से बचना चाहिए और नाक तथा मुंह पर आवश्यक रूप से मास्क को एक पहनावे के रूप में वस्त्र की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही लगातार हाथ मुंह को हर 1 घंटे में धोकर साफ रखना चाहिए। हालांकि यह भी बताया गया है की आने वाले संक्रमण से वैक्सीन एक बड़े बचाव के रूप में अमोघ अस्त्र की तरह इस्तेमाल होगी। अतः जिन लोगों ने अभी तक अपना वैक्सीनेशन नहीं करवाया है, वे आवश्यक रूप से अपना वैक्सीनेशन करवा कर अपने अपने परिवार की एवं समाज की जान की रक्षा करने का प्रयास करे।





लेखक
संजीव ठाकुर
चिंतक, रायपुर (छत्तीसगढ़)

विध्वंसक महायुद्ध

# रूस यूक्रेन युद्ध संभावना से यूरोप सहित विश्व में खलबली- भारत सतर्क - एडवाइजरी जारी

## महायुद्ध से वैश्विक तबाही रोकने कूटनीतिक, राजनयिक समाधान तक पहुंचने की दिशा में सक्रिय शांति प्रयास तात्कालिक जरूरी : भावनानी

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर दो विध्वंसक महायुद्ध मानवीय योनि ने देखे हैं, जिसके भयंकर परिणाम हमने इतिहास में पढ़ते हैं। दूसरी ओर जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम के हम लोगों को भी पीढ़ी दर पीढ़ी भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि आज भी उसके दुष्परिणाम मानवीय योनि पर असर कर नकारात्मक प्रभावित करते हैं ऐसा मीडिया के द्वारा बताया जाता है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष की करें तो काफी समय से यूक्रेन और रूस का विवाद हम मीडिया में सुनते आ रहे हैं जो आज विध्वंसक महायुद्ध के कगार पर खड़ा है और युद्ध शुरू होने के कयास लगाए जा रहे हैं।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में तो मात्र कुछ घंटों का समय बताया जा रहा है जबकि इस बीच अनेक देश अपने राजनयिकों को वापस बुला रहे हैं और युद्ध को लेकर सतर्क हैं और कई दिनों से कयास लगाए जा रहे थे कि 16 फरवरी 2022 को युद्ध शुरू हो सकता है क्योंकि विस्तारवादी देश में चल रहे अपने ओलंपिक खेलों की समाप्ति होगी। जबकि 16 फरवरी 2022 को देर रात तक टीवी चैनलों पर दिखाया गया कि कुछ क्षेत्रों से रूस अपने सैन्य साजोसामान वापस ला रहा है जबकि नाटो सहित यूरोपीय देशों ने रूसी सेना की वापसी का दावा खारिज किया और कह रहे हैं महज कुछ घंटों में रूस हमला कर सकता है। साथियों बात अगर हम मौजूदा तनाव की करें तो, मौजूदा तनाव के बीज 1999 में बोए गए थे। 1991 में सोवियत यूनियन के विघटन के बाद नाटो (नॉर्थ अटलांटिक ट्रिटी ऑर्गनाइजेशन) ने मध्य और पूर्वी यूरोप से नए सदस्यों को संगठन में शामिल करने का फैसला किया। रूस पश्चिमी देशों से गारंटी चाहता है कि नाटो गठबंधन यूक्रेन और अन्य पूर्व सोवियत देशों को सदस्य नहीं बनाएगा, गठबंधन यूक्रेन में हथियारों की तैनाती रोक देगा और पूर्वी यूरोप से अपनी सेना वापस ले लेगा। हालांकि इन मांगों को पश्चिमी देशों ने सिरे से खारिज कर दिया है। अमेरिका और नाटो रूस की मुख्य मांगों पर किसी भी तरह की रियायत को दृढ़ता से खारिज कर चुके हैं। रूस ने इसका जोरदार विरोध किया लेकिन वह अकेला इस विस्तार को रोकने के लिए बहुत कमजोर था। लिहाजा रूस ने आंशिक रूप से समझौता करते हुए 1997 में नाटो के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए। इस संधि ने नाटो के विस्तार को साफतौर पर प्रतिबंधित नहीं किया लेकिन नाटो ने नए सदस्य देशों के क्षेत्र में सैनिकों और परमाणु हथियारों को तैनात नहीं करने पर अपनी सहमति जताई। इसके बाद, नाटो ने वारसॉ संधि के ज्यादातर पूर्व सदस्यों को शामिल करने के लिए पूर्व की ओर विस्तार किया। साथियों बात अगर हम इस मामले के परिपेक्ष में अमेरिका की करें तो, व्हाइट हाउस की प्रधान उप प्रेस सचिव ने सोमवार को कहा कि अमेरिका संकट को कम करने के लिए एक राजनयिक समाधान तक पहुंचने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा जैसा कि आप सभी जानते हैं, सप्ताहांत में बाइडन ने (रूस के) राष्ट्रपति के साथ बात की और हम अपने सहयोगियों तथा भागीदारों के साथ पूर्ण तालमेल बनाते हुए रूस सरकार के साथ संपर्क में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के प्रशासन ने एक बार फिर रूस को यूक्रेन पर आक्रमण करने के गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि क्रेमलिन रचनात्मक तौर पर चयन करता है तो कूटनीति का मार्ग अभी भी उपलब्ध है। साथियों बात अगर हम इस मामले के परिपेक्ष में भारत की करें तो, रूस और नेटो के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए किसी का पक्ष लेना मुश्किल हो गया है। लिहाजा वह संतुलन बनाने की कोशिश में लगा है। अमेरिका और रूस दोनों भारत के रणनीतिक साझीदार हैं, लेकिन क्या यूक्रेन पर रूस और अमेरिका की अगुआई वाले नाटो के बीच चरम पर पहुंच चुके तनाव को देखते हुए वह राजनयिक बैलेंस बनाने में कामयाब होगा। दरअसल इस मामले में अमेरिका भारत को अपने पाले में देखना चाहेगा, लेकिन भारत रणनीतिक तौर पर रूस का भी करीबी है। वह लंबे वक्त से रूसी रक्षा उपकरणों और हथियारों का खरीदार रहा है, इसलिए रूस पर उसकी निर्भरता बनी हुई है, इसके साथ ही उसे चीन के आक्रामक रुख का भी सामना करना पड़ता है, इस लिहाज से भी रूस का साथ जरूरी है। अमेरिका और रूस के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश में ही उसने 31 जनवरी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन तनाव पर चर्चा के लिए होने वाली वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन जब चर्चा हुई तब वहां मौजूद भारत के प्रतिनिधि ने इस तनाव को कम करने और क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता की अपील की।रूस-यूक्रेन विवाद के बीच भारत में यूक्रेनके राजदूत ने कहा है कि यूक्रेन एक कठिन परिस्थिति का सामना कर रहा है लेकिन वहां स्थिति गंभीर नहीं है। उन्होंने भारतीय छात्रों को वापस बुलाए जाने के मुद्दे पर कहा है कि जल्दबाजी की कोई जरूरत नहीं है, इसके साथ ही उन्होंने भारत के कुछ चैनलों से अपील की है कि वो यूक्रेन-रूस के मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश न करें। उन्होंने एक मासिक पत्रिका से एक विषेश बातचीत में भारत सरकार का धन्यवाद भी दिया. उन्होंने कहा, मैं इस तरह का संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। यूक्रेन में स्थिति कठिन है लेकिन गंभीर नहीं है। साथियों भारत अगर हम इस विध्वंसक महायुद्ध के भारत सहित वैश्विक स्तरपर असर की करें तो, भारत का यूक्रेन के साथ ठीक-ठाक आपसी व्यापार है। भारत यूक्रेन को दवा और इलेक्ट्रिकल मशीनरी आदि बेचता है तो दूसरी ओर खाने के तेल से लेकर खाद और न्यूक्लियर रिएक्टर जैसी जरूरी चीजें खरीदता है। जंग शुरू होने पर यह आपसी व्यापार रुक सकता है, जिससे भारत की परेशानियां बढ़ सकती हैं। साथियों बात अगर हम रूस पर असर की करें तो रूस को एसडब्लयूआईएफटीफाइनेशियल सिस्टम से बाहर किया जा सकता है।इस सिस्टम से दुनियाभर में एक बैंक से दूसरे बैंक में पैसों का लेनदेन होता है इससे रूस की अर्थव्यवस्था को तुरंत झटका लगेगा। रूस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पैसों का ट्रांसजेक्शन नहीं कर पाएगा इससे रूस के तेल और गैस से मुनाफे में कमी आ जाएगी रूस के रेवेन्यू का 40 फीसदी तेल और गैस से आता है अमेरिका रूस पर यूएस डॉलर के लेनदेन पर भी रोक लगा सकता है।रूस यूएस डॉलर में भी ट्रांसजैक्शन नहीं कर पाएगा। साथियों बात अगर हम पूरे यूरोप पर असर की करें तो बड़ा असर यूरोप की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा यूरोप में बिजली महंगी हो जाएगी।यूरोप की 33 फीसदी नेचुरल गैस रूस से आती है। यूक्रेनियन पाइपलाइन के जरिए रूस यूरोप को गैस सप्लाई करता है। जर्मनी में गैस खपत का आधा हिस्सा रूस से आता है युद्ध की वजह से अगर ये सप्लाई चेन प्रभावित होती है तो बिजली उत्पादन में कटौती करनी पड़ सकती है। साथ ही कारखानों को भी बंद करना पड़ सकता है। साथियों बात अगर हम महंगाई पर असर की करें तो सबसे बड़ा असर ये होगा कि महंगाई और बढ़ जाएगी तेल महंगा होग, महंगाई बढ़ेगी ! कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।रूस एक दिन में 1 करोड़ बैरल तेल का उत्पादन करता है,जो दुनियाभर की मांग का करीब 10 फीसदी है।ईंधन की कीमत आसमान छूने लगेंगी दुनिया भर के शेयर मार्केट्स में और ज्यादा गिरावट आएगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विध्वंसक महायुद्ध! रूस यूक्रेन युद्ध से यूरोप सहित विश्व में खलबली मची है! भारत सतर्क है तथा एडवाइजरी जारी जारी की है। महायुद्ध से वैश्विक तबाही रोकने कूटनीतिक राजनयिक समाधान तक पहुंचने की दिशा में सक्रिय शांति प्रयास तत्कालिक ज जरूरी है।



लेखक
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया (महाराष्ट्र)

प्रकाशक, मुद्रक रूपेश कुमार सिंह, रैप एक्सप्रर्टस प्राइवेट लिमिटेड पटना द्वारा मुद्रक, कॉमी तंजीम पब्लिसर्स प्रा. लिमिटेड, अमीन मंजिल, सब्जीबाग, पटना–800004 से मुद्रित।
ज्योति प्रकाश भवन,झकरियापुर, एसएफसी कॉलोनी,जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक : रूपेश कुमार सिंह**, सम्पर्क सूत्रः 9835055017,7004145686
RNI TITLE CODE : BIHHIN/11898

# संत रविदास के विचारों से सम्भव है सम्पूर्ण क्रांति

**आरा(चौथी वाणी)** संत शिरोमणि रविदास के विचारों को जब तक हम आत्मसात नहीं करेंगे तब तक विकास की परिकल्पना अधूरी रहेगी। इन्हीं विचारों के साथ संत रविदास जयंती का आयोजन शहर के जगदेवनगर में संत रविदास सेवा संस्थान के बैनर तले हुआ। अधिवक्ता सत्यनारायण राम ने रविदास जी को पाखंड और अंधविश्वास से लड़ने का अग्रणी नायक बताया। ऋषि शंकर किसलय ने कहा कि रविदास जी सम्पूर्ण मानव समाज के गुरु थे जिन्होंने जातिरहित समाज की कल्पना की थी। सुनील कुमार ने कहा कि इनके विचारों का प्रसार जन-जन तक होना चाहिए। अन्य प्रमुख वक्ताओं में नागेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, बृजभूषण राम, कृष्णानंद राम ने गुरु रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह के अतिथि मैथिली भोजपुरी अकादमी दिल्ली सरकार के सदस्य रवि प्रकाश सूरज ने कहा कि रविदास जी भोजपुरिया समाज के नायक थे जिनके क्रांतिकारी विचारों से भोजपुरी समाज और साहित्य समृद्ध हुआ है। अन्य अतिथि एलआईसी विकास अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि परिवर्तन की सूत्रपात अपने घर-परिवार से करनी होगी तभी समाज में परिवर्तन की रोशनी फैलेगी। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विवि के प्राकृत विभागाध्यक्ष प्रो दूधनाथ चौधरी ने सम्बोधन में कहा कि संत रविदास के विचारों के प्रसार के लिए ऐसे पुस्तकालय की व्यवस्था करनी होगी जहाँ उनके साहित्य आमजन को सुलभ हो। कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्यकार रामयश अविकल ने संत रविदास के बारे में फैली हुई भ्रांतियों पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के अध्यक्ष हरेकृष्ण राम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इसके बाद मैट्रिक की परीक्षा में उच्चतम अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से पास करने वाले विद्यार्थियों शुभम कुमारी, बसंती कुमारी और चिराग राज को संस्थान की तरफ से मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल औ? अंबेडकर की जीवनी देकर सम्मानित किया गया।




# 18 फरवरी से शुरू की जाएगी टेलीमेडिसीन के माध्यम से अपना इलाज करवाने की सुविधा

**बक्सर`** जिले में ई-संजीवनी कार्यक्रम के तहत टेलीमेडिसीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसको लेकर जिलास्तर से लेकर पीएचसी व एपीएचसी स्तर तक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसे और अधिक मजबूत करने के लिए ई-संजीवनी के माध्यम से सभी वीएचएसएनडी सत्र पर पूर्व से दी जाने वाली सेवाओं के अतिरिक्त चिकित्सीय परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध करायी जानी है। वीएचएसएनडी सत्र स्थलों पर टेलीकंस्लटेशन के दौरान गर्भवती महिलायें, अतिकुपोषित बच्चों से जुड़े उच्च जोखिम वाले मामले आदि में रेफरल सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इसके साथ ही रोगी को रेफर किये गये स्वास्थ्य संस्थान से रोगी के स्वास्थ्य की अद्यतन जानकारी को प्राप्त किया जाना है। टेलीमेडिसीन की स्वास्थ्य सुविधा लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीकी चयनित स्वास्थ्य संस्थान पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिसके बाद वहां तैनात एएनएम द्वारा ऑनलाइन विभाग द्वारा जारी पोर्टल के माध्यम के टेलीमेडिसीन स्वास्थ्य सेवा की सुविधा दिलाई जाएगी। जिसके बाद चिकित्सा परामर्श के अनुसार एएनएम मरीजों को दवाई समेत अन्य चिकित्सा सेवा सुनिश्चित कराएंगी।




**मरीजों को अपने नजदीकी चयनित स्वास्थ्य संस्थान पर जाकर कराना होगा अपना रजिस्ट्रेशन**

**जिले के दूर-दराज, कमजोर एवं वंचित तबकों तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी**

**सप्ताह के सभी दिन मिलेगी टेलीमेडिसीन की सुविधा :** डॉ. सुधीर कुमार ने बताया, टेलीमेडिसीन के माध्यम से अपना इलाज करवाने की सुविधा 18 फरवरी से शुरू की जाएगी। जिसके तहत सदर प्रखंड सहित जिले के सभी प्रखंडों में प्रत्येक दिन प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया वर्त्तमान में टेली मेडिसीन की सुविधा ेरल्ल्रीी५ल्ल्र.ल्ल के माध्यम से सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार को एवं ेरल्ल्रीी५ल्ल ओपीडी के माध्यम से मंगलवार, बुधवार एवं शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध है, किन्तु अब यह सुविधा सप्ताह के सभी दिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया इस सेवा के माध्यम से मरीज ऑनलाइन अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच करवा पायेंगे। साथ ही वे कई अन्य प्रकार की अनावश्यक परेशानियों से भी निजात पा सकेंगे।

**दूर दराज इलाकों के मरीजों को होती है सहुलियत :** एएनएम बबिता कुमारी ने बताया, ई-टेलीमेडिसीन के माध्यम से मरीजों को काफी सहुलित से इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इस सुविधा के माध्यम से जिले के दूर-दराज, कमजोर एवं वंचित तबकों तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सुदूर आवासित लोगों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आने-जाने के काफी दूरी का सफर तय करना पड़ता था, जो अब उन्हें नहीं करना पड़ेगा। इसकी सबसे खास बात यह है कि मरीज का ऑनलाइन परीक्षण करने के बाद चिकित्सकों द्वारा पीएचसी पर उपलब्ध दवाएं ही लिखी जाती हैं।

साथ ही, जटिल बीमारियों के लिए दवाएं कुरियर के माध्यम से भी पहुंचाई जाती है। ताकि, मरीज का सफल इलाज किया जा सके। उन्होंने बताया ई-टेलीमेडिसिन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण इलाज तो होता ही है, साथ ही मरीज उच्च योग्य चिकित्सक से परामर्श लेकर काफी सन्तुष्ट होते हैं।

# भोजपुर की बेटियाँ मोहाली में होने वाले तीरंदाजी प्रतियोगिता में लेंगी भाग

**आरा :** तीरंदाजी को लेकर बिहार के तीन बच्चियों का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में सेलेक्शन हुआ जो कि चंडीगढ के मोहाली में होने वाला है तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगी जो की 22 फरवरी से चंडीगढ़ के मोहाली में होगी। तीरंदाजी में भाग लेने वाली लड़कियों में नेहा कुमारी राय के साथ और दो लड़कियों का भी सेलेक्शन हुआ कैटेगरी बाटी गई है जिसमें पूजा कुमारी राय ने पांच नेशनल खेले हैं जिसमें एक सिल्वर पदक पाया नीरज कुमार राय भी खेले जिन्होंने भी अपनी मुकाम हासिल की है। वैसे तो खेल जगत में बहुत सारे क्षेत्र हैं लेकिन तीरंदाजी का अलग ही जगह बना हुआ है ।जो बच्चे यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर कामयाब हू हैं उन्हें सरकारी नौकरी में भी कोटि मिलते हैं



है ।भोजपुर के तीरंदाजी प्रेक्टिस कराने वाली संस्था भोजपुरा श्री एकाडमी के कोच नीरज सिंह ने बताया कि हमारे यहां से बहुत सारे बच्चे तीरंदाजी का प्रशिक्षण लेकर अपने अपने मुकाम को हासिल किए हैं उन्होंने बताया इसमें 7 साल से आगे तक की बच्चे भाग लेते हैं और हमारे यहां प्रशिक्षण पाते हैं हमारे यहां अलग-अलग कैटेगरी बनाई गई है जूनियर सबजूनियर मिनी जूनियर सीनियर भोजपुर राजश्री के कोच निरंक सिंह ने बताया कि हमारे यहां से बहुत सारे बच्चे प्रशिक्षण लेकर मुकाम पर पहुंचे हैं और सरकारी नौकरी में भी हैं उन्होंने कहा कि हमारी संस्था वैसे बच्चे जो बिल्कुल असक्षम है । वैसे बच्चों की मदद भी करती है हमारा एक आदमी चाहता है कि बिहार का हरे बचा ऊंचाइयों पर पहुंचे और तीरंदाजी में अपने साथी बिहार और एक आदमी का नाम पूछा करे

# रमना मैदान में बनेगा वाकिंग व जॉगिंग ट्रैक, शिफ्ट होगा स्टेडियम

**आरा।** शहर के रमना मैदान के दिन बहुरेंगे। बताते चलें कि यहां से स्टेडियम हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जायेगा। मैदान को लाइट से जगमग किया जायेगा। इसके अलावा वाकिंग व जॉगिंग ट्रैक बनेगा। साइकिल, बाइक व टैक्सी स्टैंड हटाया जायेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आरके सिंह की पहल ने अब रंग लाना शुरू कर दिया है। धरहरा पुल से लेकर शीशमहल चौक-गोपाली चौक, शिवगंज मोड़, बड़ी मठिया होते हुए रेलवे स्टेशन तक के पथ को पथ निर्माण विभाग की ओर से अधिग्रहण करने और उसके उत्थान के लिए पीडब्लूडी की स्वीकृति मिल गयी है और टेंडर हो गया है। मंत्री ने रमना मैदान के उन्नयन का भी निर्णय लिया है। इस मैदान को पटना के गांधी मैदान की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। इस कार्य का संपादन सीएसआर के तहत करने की जिम्मेदारी ऊर्जा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनटीपीसी को दी गयी है। रमना मैदान से साइकिल स्टैंड, बाइक व टैक्सी स्टैंड को हटा कर पूरे मैदान को विकसित किया जायेगा। मैदान की क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण किया जायेगा।



मैदान के अंदर चारों तरफ वाकिंग और जॉगिंग ट्रैक बनाया जायेगा। मैदान में लाइटिंग किया जायेगा। एनटीपीसी के पदाधिकारियों ने रमना मैदान जाकर स्थल का निरीक्षण कर लिया है। अब आर्किटेक्ट की ओर से योजना बनायी जायेगी और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों परामर्श के बाद योजना को अंतिम रूप दी की जायेगी और फिर काम शुरू होगा। मैदान के बीच में स्थित स्टेडियम को धनुपरा में ट्रांसफर कर वहां पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जायेगा। इसके अलावा कलेक्ट्रेट तालाब के बीच में हाईमास्ट लाइट भी लगायी जायेगी। वहीं दूसरी तरफ आरा शहर के धरहरा चौक से लेकर नये ओवरब्रिज तक के नहर के विकास के लिए ऊर्जा मंत्री ने बिहार सरकार के सिंचाई मंत्री से वार्ता कर योजना की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। योजना का डीपीआर तैयार कर सिंचाई विभाग को भेज दिया गया है। इस योजना के तहत इस नहर का विकास और सौंदर्यकरण किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री आरके सिंह की पहल पर आरा-बक्सर फोरलेन, आरा- मोहनियां फोरलेन और आरा-सासाराम की फोर लेनिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके साथ ही आरा-सासाराम फोरलेन का संपर्क आरा- मोहनियां फोर लेन के साथ और आरा-बक्सर फोरलेन के साथ किया जा रहा है। इसे बढ़ाकर कायम नगर तक ले जाकर आरा का रिंग रोड बनाने का कार्य भी भारत सरकार की ओर से स्वीकृत हो गया है। इसके बाद कायमनगर से लेकर धरहरा पुल पार कर नई पूर्वी रेलवे गुमटी, जीरो माइल होते हुए तैतरिया मोड़ तक पथ फोरलेन होना शेष रह जाता था। मंत्री ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध कर 98 करोड़ रुपये की लागत से उक्त अंश को फोरलेन कराने की योजना स्वीकृत करा ली है और इसका टेंडर हो गया है।


# महिला की हत्या कर शव को फेंका, पुलिस ने किया बरामद

**चौथी वाणी/मांझी (सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव में घर मे सोई एक महिला की हत्या कर पास के नदी पुल के समीप फेक दिया गया। जिसके चेहरे पर तेजाब से शरीर जला पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका दुमदुमा गांव निवासी रजाक मियां की 30 वर्षीय विवाहित पुत्री शकीला खातून अपने मायके स्थित घर मे सोई हुई थी। अगले सुबह मंगलवार को परिजन जब उठाने गए तो घर में नही मिली। तब परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। तभी किसी ग्रामीण की नजर नदी के पुल पर गयी। देखते ही लोगो ने शोर मचाया। परिजनों ने जब पुत्री शकीला को मृत अवस्था मे देखा तो कोहराम मच गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने दाउदपुर थाना पुलिस को दिया। पुलिस के घटना स्थल पर जांच पड़ताल करने के दौरान शव के नजदीक एक पासपोर्ट साइज फोटो व आधार कार्ड की छायाप्रति प्राप्त हुआ। जिसपर नाम वसीम अली पिता सलीम ठीकरी गांव ठीकरी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश पाया गया। पुलिस को परिजनों ने बताया कि उक्त युवक हमेशा कपड़ा धोने के लिए आता जाता था। पुलिस ने तहकीकात किया तो कार्ड के पहचान पर युवक दाउदपुर थाना के नजदीक कंबल बेचने वाले के साथ रह गांव में फेरी करता था। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृत महिला को एक लड़का और एक लड़की है। वह मायके में रहकर अपने माता-पिता के साथ घरेलू काम मे हाथ बटाती थी।

# शराब के साथ बाइक जब्त, दो गिरफ्तार

**चौथी वाणी/मांझी (सारण)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर करीब 35 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त दो बाइक भी जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष शिवनाथ राम ने बताया कि बाइक सवार एक कारोबारी को बलिया मोड़ से तथा दूसरे कारोबारी को सलेमपुर के समीप बाइक समेत गिरफ्तार किया गया। दोनों पर नई उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## हवन पूजन एवं भंडारे के साथ महायज्ञ सम्पन्न



**चौथी वाणी/मांझी (सारण)।** प्रखंड के ताजपुर फुलवरिया गांव स्थित निमिया माई मन्दिर परिसर में चल रहा सात दिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ हवन पूजन व भण्डारे के साथ मंगलवार को सम्पन्न हो गया। यज्ञ की पूणार्हुति के अवसर पर यज्ञ मण्डप परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ के संयोजक निरंजन सिंह ने बताया कि सात दिनों तक साध्वी राधिका दासी के प्रवचन तथा यज्ञाचार्य के मंत्रोच्चार से आसपास के गांवों में भक्तिमय माहौल कायम रहा। यज्ञ और प्रवचन में भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ में स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल,युवा समाजसेवी हरिमोहन सिंह गड्डू समेत पहुंचे अनेक गणमान्य भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। पूणार्हुति के अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## देसी शराब के साथ एक महिला कारोबारी समेत दो गिरफ्तार

**चौथी वाणी/मांझी (सारण)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर देसी शराब के साथ एक महिला कारोबारी समेत दो लोगो को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मुबारकपुर में छापेमारी कर दशरथ रावत के पुत्र भागेलु रावत को गिरफ्तार किया गया जबकि इसी तरह मरहा टोला पर छापेमारी कर चना लाल चौधरी की पत्नी कविता देवी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 10 लीटर देसी शराब भी बरामद किया गया है। दोनों कारोबारियों से आवश्यक पूछताछ के बाद नए उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया।

# जेपी सिंह बनाए गए हिमाचल प्रदेश का एडीजी, सारण वासियों ने दी बधाई



**चौथी वाणी/छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह)।** सारण जिले के मांझी प्रखंड के टेघरा गांव निवासी और हिमाचल प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जय प्रकाश सिंह, आईजी (पुलिस) को हिमाचल प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सशस्त्र पुलिस एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी है। हालांकि इससे संबंधित अधिसूचना हिमाचल सरकार द्वारा 14 फरवरी को ही जारी कर दी गयी है। बताया गया है कि श्री सिंह की कार्यकुशलता और प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए इस वरिष्ठ पद की जिम्मेदारी दी गयी है।

श्री सिंह मूलतः सारण जिले के टेघरा गांव निवासी एक साधारण किसान परिवार के रहने वाले हैं। वह स्वभाव से काफी सरल है और सारण के लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। वह एक भूतपूर्व सैन्य अधिकारी भी रह चुके हैं। उन्हें दो राज्यपालों और एक केन्द्रीय मंत्री के साथ कार्य करने का भी अनुभव है। एक सैनिक अधिकारी से आईजी (पुलिस) तक के सफर के बाद अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद की जिम्मेदारी श्री सिंह को मिलने से सारण जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है।

## मारपीट के मामले में आधा दर्जन हुए नामजद

**बनियापुर (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूछरी गांव में दलित परिवार को जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते मारपीट कर जख्मी करने के मामले में आधा दर्जन को नामजद किया गया है। घटना में पीड़ित नागेंद्र राम ने बताया है कि पड़ोसी शंकर राम से आपसी कलह में कहा सुनी हो रही थी, तभी बगल के पाण्डेय टोला निवासी सत्येंद्र पाण्डेय, मनिभूषण पाण्डेय, धूमन पाण्डेय, पियूष पंडित, अंकित साह पहुंच कर गाली ग्लौज करते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर मारपीट कर महिलाओ व बच्चियों सहित परिवार को जख्मी कर दिए।वहीं कहने लगे कि वोट में मनमानी करते हो।मामले में एससी, एसटी मामले की नामजद प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित किया गया है।

## पुलवामा हमले में वीर शहीद जवानों के सम्मान में निकाली कैंडल मार्च

**मांझी (सारण)।** विगत चार वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद 44 वीर जवानों के सम्मान में युवा शक्ति घोरहट के तरफ से सोमवार की शाम कैंडिल मार्च निकाला गया तथा नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## हरिओम शोरूम का उद्घाटन

**भोजपुर (चौथीवाणी):** तरारी विधानसभा स्थित नगर पंचायत पीरो में सरोज कुशवाहा के हरिओम ऑटो मोबाईल शोरूम का उदघाटन जननेता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री माननीय श्रीभगवान सिंह कुशवाहा द्वारा फीता काटकर किया गया पूर्व मंत्री ने कहा बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामों के बिच यह बैट्री वाली गाड़ियां मील का पत्थर साबित होंगी साथ हीं लोगों को प्रदूषण से भी मुक्ती मिलेगी इस उदघाटन समारोह में पूर्व मंत्री के साथ जदयू पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह जगदेव सेना के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर महतो जदयू के वरिष्ठ नेता विनय मिश्रा कमल किशोर यादव युवा नेता अनुप पटेल मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुशवाहा मुखिया शिव शंकर सिंह पीरो जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह जदयू पंचायती राज प्रकोष्ठ के बिहिया प्रखंड अध्यक्ष रमाशंकर यादव,जयंत यादव शुभम पटेल, दाढ़ी कुशवाहा, शत्रुघन शरारती, पिंटू नट, राजेश कुशवाहा, मंटू नट, अनील कुशवाहा, संतोष कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गड़हनी( चौथी वाणी) ।** भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप पशु मेला के समीप थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया।जिनके पास से 35 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर मध्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बराप गांव निवासी स्व० राम बहादुर सिंह का पुत्र कमलेश सिंह के सुरेश डोम का पुत्र विजय डोम है।

## महिला को गोली मारने का आरोपित गिरफ्तार

**चरपोखरी ( चौथी वाणी) ।** भोजपुर जिले के चरपोखरी थाने की पुलिस ने बुधवार को गड़हनी थाने के रतनाढ गांव से सुनील सिंह के पुत्र शिवम कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार चरपोखरी थाना क्षेत्र के बजेन गांव निवासी कृष्ण प्रसाद की पत्नी को सुबह में टहलने के दौरान अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था।जिसके बाद थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।पुलिस ने छानबीन कर मामले को उजागर करते हुए पूर्व में ही एक आरोपी मंजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## धूमधाम धाम से मनाया गया संत शिरोमणि रविदास जी का जयंती समारोह


**गड़हनी (चौथी वाणी)** भोजपुर जिले के गड़हनी प्रखंड क्षेत्र में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी की 63वीं जयंती दर्जनों गाव में मनाई गई। इस दौरान रविदास आश्रम नहसी मदुरा गड़हनी सहगी आजमनगर रमडीहरा गांव में लोगों संत शिरोमणि रविदास के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। रविदास आश्रम नहसी में पूर्व न्यायाधीश श्री बैजनाथ राम, लाल मुनीराम ,राम बचन राम सीओ साहब, कन्हैयालाल राम ,सुदर्शन राम ,सुरेंद्र राम, देवेंद्र यादव जिला परिषद प्रतिनिधि, मनोज कुमार ,नंदकिशोर जी ,अनिल राम ,शिव कुमार राम, संतोष राम राजेश राम पूर्व सरपंच,डॉ उमेश प्रसाद ,शशि कुमार, सोमनाथ राम, राजेश कुमार राम मास्टर साहब, यमराज राम ,भूटान राम ,बबलू कुमार ,चंदेश्वर राम सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## पीएनबी गड़हनी में ग्राहकों ने किया हंगामा,12 बजे तक नहीं शुरू हुआ था बैंक का कोई कार्य

**गड़हनी( चौथी वाणी)** भोजपुर जिले के नगर पंचायत गड़हनी में स्थित पंजाब नेशनल बैंक चरपोखरी में बुधवार को उस वक्त लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया जब दोपहर 12 बजे तक भी बैंक में कोई कार्य शुरू नहीं हो सका था। लोग दूर दराज से बैंक में पैसा जमा निकासी करने सहित अन्य बैंकिंग कार्य के लिए आते हैं लेकिन बैंक में स्टाफ की कमी की वजह आये दिन लोगों को बिना काम कराए वापस लौटकर जाना पड़ता है। बालबान्ध निवासी रवि प्रकाश उमेश कुमार राय ने बताया कि सुबह के 10 बजे से ही बैंक में आये हैं लेकिन 12 बजे तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। न तो पैसा जमा किया जा रहा है न ही निकासी लिया जा रहा है।पासबुक अपडेट कराने के लिए महीनों दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं।इस संदर्भ में जब बैंक मैनेजर से दूरभाष पर सम्पर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**चरपोखरी :** श्री तोतादरी मठ लक्ष्मी नारायण मंदिर सोनबरसा में आज बैकुंठ वासी श्री त्रिदंडी स्वामी जी के 35 वें पुण्य स्मृति के उपलक्ष में मठाधीश पूज्य श्री रंगनाथाचार्य जी महाराज के तत्वधान में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसका विधिवत जला हरण शोभायात्रा आज बनास नदी से संपादित हुआ इस जल भरी यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया और



नदी से जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे जहां पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ इसका शुभारंभ किया गया मौके पर उपस्थित मुख्य जजमान जोधन शर्मा ने विधिवत पूजन किया उसके बाद जल लेकर श्रद्धालु भक्त यज्ञशाला पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बाद पूजन किया गया आगामी 24 तारीख तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश के कोने कोने से अनेक संत महात्मा आकर यहां प्रवचन करेंगे वही आज प्रवचन के माध्यम से महाराज श्री ने जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन लाखो योनियों में सबसे उत्तम है और हमें इस जीवन के माध्यम से सत्कर्म करते रहना चाहिए तभी हमें मोक्ष मिल सकता है उपस्थित लोगों में क्रांतिकारी गोविंदाचार्य वैदिक सुरेश पांडे रोहित तिवारी अनंत पांडे गोपी शर्मा समेत आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे.

## वार्ड सचिव चुनाव में धांधली की शिकायत

**चौथी वाणी/बनियापुर (सारण)।** प्रखंड के सहाजितपुर पंचायत के वार्ड संख्या एक में वार्ड सचिव चुनाव में धांधली कर वार्ड सचिव चुने जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की गयी है। जिलाधिकारी को लिखे पत्र में स्थानीय अखिलेश कुमार ओझा ने बताया है कि बिना आम जनता को सूचित किए सहाजितपुर वार्ड- 1 में मनमानी कर वार्ड सचिव का चयन कर लिया गया है। उन्होंने अपने पत्र में डीएम से मामले की जांच कर सही ढंग से चुनाव कराने का आग्रह किया है।

## सामाजिक सहिष्णुता के विकास हेतु सभा आयोजित

**चौथी वाणी/बनियापुर (सारण)।** बनियापुर प्रखंड के मझौली गांव में पारिवारिक, समाजिक समरसता के विकास के लिए परिवार सद्भावना सभा के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां समाज में फैली पारिवारिक मनभेद, मतभेद, आपसी वाद विवाद को मिल बैठ कर सुलझाने, परिवार को स्वर्ग से सुंदर बनाने की पहल को नया आयाम देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज को एक पारिवारिक सूत्र में बांधकर समस्याओं का निदान करने पर जोर दिया। संयोजक विक्रम चौधरी ने समरस परिवार, संयुक्त परिवार, मजबूत राष्ट्र का संदेश दिया।वहीं सेवा धाम आश्रम के योगाचार्य संत सत्येंद्र महाराज, शिवनरायण पटेल, रविंद्र राम, प्रभु कुमार प्रियदर्शी आदि ने समाजिक बुराईयो की चर्चा करते हुए अपनी मजबूत संस्कृति को अपना कर परिवार को मजबूत बनाने की बात कही।

## लालू प्रसाद के दोषी करार होने पर राजद कार्यकताओं में मायूसी

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** डोरंडा कोषागार मामले में राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव को सीबीआई कोर्ट द्वारा दोषी करार देने पर सारण जिला के राजद कार्यकताओं में मायूसी छा गई। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने देश की एनडीए सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से न्यायालय, सीबीआई, ईडी और चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्थाओं की स्वतंत्रता समाप्त हो गई है। नरेंद्र मोदी सरकार इन एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर देश के प्रमुख विरोधीदलों के नेताओं को जेल भिजवाने का काम कर रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद सुप्रीमों द्वारा समाज के शोषित, पीड़ित, वंचित एवं उपेक्षित वर्ग के लोगों को हक दिलवाना एनडीए नेताओं को नागवार गुजरा। जिसका खामियाजा वे आज भुगत रहे हैं। राजद सुप्रीमों पशुपालन घोटाले में पूरी तरह निर्दोष हैं उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### एएलटीएफ की टीम ने दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**चकिया (चौथी वाणी)** एएलटीएफ की टीम ने बुधवार को टीम के प्रभारी लालमोहर राम के नेतृत्व मे थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानो पर छापेमारी कर चुलाइ शराब बनाने वाली समाग्रि को नष्ट कर पचास लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया तथा दो तस्कर को गिरफ्तार कीया। गिरफ्तार किये गए तस्कर की पहचान मणी छपरा गांव निवासी धर्मदेव राम व दूसरे की पहचान उसी गाँव के पप्पु साह के रूप मे हुई है। छापेमारी दल में पीएसआई चंदन कुमार सहित शशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### कनछेदवा निवासी बहुराष्ट्रीय कंपनी के अधिकारी हुए लापता

**हरसिद्धि (चौथी वाणी)।** कनछेदवा पंचायत के मौजे निवासी शिवपुकार (32 वर्ष) गुमशुदा हैं। इसको लेकर उनके पिता मदन सिंह ने थाने में आवेदन देकर अनहोनी की आशंका जताई है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि उनके पुत्र एनसीआर अंतर्गत गुड़गांव की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में अधिकारी हैं। छुट्टी लेकर वे घर आए थे। 13 फरवरी को घर से बेतिया जाने की बात कहकर निकले। वापस नहीं लौटने पर उनकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। इस कारण परिजन सहमे हुए हैं। उनका मोबाइल भी बंद बता रहा है। इस बावत थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कॉल डिटेल्स के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एग्जिट सेटेलमेंट प्लान 2008 के तहत 31 लाभुकों के बीच लगभग 20 लाख 26 हजार बकाया राशि का भुगतान प्रमाण पत्र किया गया वितरण

**मोतिहारी (चौथी वाणी)।** प्रमोद कुमार मंत्री गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार एवं जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा डॉ राधाकृष्णन भवन में गन्ना उद्योग विभाग, बिहार राज्य चीनी निगम लिमिटेड, इकाई सुगौली के कर्मियों का एग्जिट सेटेलमेंट प्लान 2008 के तहत 31 लाभुकों के बीच लगभग 20 लाख 26 हजार बकाया राशि का भुगतान प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

**बकाया राशि प्राप्त कर्ता के नाम इस प्रकार हैं:-**

राजेश्वर साहनी, अमित कुमार, शेख मुस्तफा, नूरैशा खातून, प्रभावती देवी, झलिया देवी, झगरू महतो, गांधी महतो, शंभू महतो, बैजनाथ राम, नईम मियां आदि विदित हो कि बिहार राज्य चीनी विकास लिमिटेड, इकाई सुगौली के कर्मियों का वेतनादि लंबित था, जिसे एग्जिट सेटेलमेंट प्लान 2008 के तहत कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी महोदय के विशेष पहल पर भुगतान की कार्रवाई की जा सकी। शेष कर्मियों के लंबित भुगतान की कार्रवाई भी शीघ्र करने का उन्होंने आश्वासन दिया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जयंती के शुभ अवसर पर समाज के अंतिम व्यक्तियों का डूबा हुआ पैसा जिलाधिकारी की तत्परता के कारण भुगतान किया जा सका है। इस पुनीत कार्य के लिए उन्होंने जिलाधिकारी का आभार प्रकट किए। मोतिहारी चीनी मिल के मजदूर एवं किसानों का बकाया भुगतान के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा, जिला ईख पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित लाभुक उपस्थित थे।

### बिजली विभाग ने डोर टू डोर बिल बकायदारों को थमाया नोटिस

**कोटवा (चौथी वाणी)।** कोटवा थाना क्षेत्र के बिभिन्न पंचायतों में बड़ी संख्या में लोगो के ऊपर बिजली बिल बकाया है। जिसको लेकर बिजली विभाग डोर टू डोर बिजली बिल बकायदारों को नोटिस थमाने का काम शुरू कर दिया है। कोटवा जेई अमित कुमार ने बताया कि वैसे बिजली उपभोक्ताओं को नोटिस दिया जा रहा है जिनके ऊपर 10 हजार से ज्यादा बिजली बिल बकाया है। वही कई वार्डो में ट्रांसफार्मर पर वैनर लटकाकर बिजली सप्लाई बंद कर दिया गया है। बकायदारों को सूचित किया जा रहा है कि सात दिनों के अंदर बिजली बिल जमा करे नही तो अस्थाई रूप से उनका बिजली सप्लाई बंद कर दिया जायेगा।मौके पर डिवीजन मैनेजर गौरव सिंह,मीटर रीडर अर्जुन राय,मानव बल अनिल कुमार, रामु कुमार,सुमित तिवारी आदि मौजूद थे।

### विभिन्न नर्सिंग होमों, अल्ट्रासाउंड जांच घर व एक्सरे क्लिनिकों पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा की गई छापामारी

**रामगढ़वा (चौथी वाणी)।** स्थानीय शहर में चल रहे सभी नर्सिंग होमों,अल्ट्रासाउंड जांच घरों व एक्सरे क्लिनिकों पर असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के निदेशानुसार स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद सज्जाद, चिकित्सा पदाधिकारी व नोडल पदाधिकारी डॉ प्रहस्त कुमार तथा रामगढ़वा थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान सहित अन्य पदाधिकारियों ने छापामारी कर सभी संचालकों से लाइसेंस एवं दस्तावेज की मांग की गई ताकि मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को भेजा जा सके। इस बावत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी डॉ प्रहस्त कुमार ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे किसी भी नर्सिंग होम या जांच घर को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी सुशांत कुमार ब्रजेश कुमार ओझा तथा पुलिस बल के जवान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### ढाका हत्या कांड के पीड़ित परिवार से मिले जाप नेता अभिजीत सिंह

**मोतिहारी (चौथी वाणी)।** बीते दिन ढाका विधानसभा के ढाका बाजार स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के बाहर वरुण सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई थी उनके पीड़ित परिवार से आज ढाका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अभिजीत सिंह मिलने पहुंचे। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी अभिजीत सिंह ने कहा वरुण सिंह की निर्मम हत्या किया जाना बहुत ही चिंताजनक ओर कष्टदाई है। आज जब मै पीड़ित परिवार से मिला तो उनकी स्थिति देख मुझे और भी ज्यादा तकलीफ हुई। क्यूंकि वरुण जी अपने वृद्ध माता पिता और तीन छोटे छोटे बच्चो का एक मात्र सहारा थे। वरुण जी के बाद इस परिवार की स्थिति बहुत खराब हो जाएगी। इसलिए मै सरकार से मांग करता हूं कि मृतक वरुण जी की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए अथवा उनके परिवार को पीडीएस दुकान की सुविधा दी जाए साथ ही साथ 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद की जाय। जिससे कि उन का भरण पोषण हो सके। एवं मै प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द दोषी को पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। अन्यथा आगामी 19 तारीख को हमारे नेता आदरणीय पप्पू यादव जी जब यहां आएंगे उसके बाद जो परिणाम होगा प्रशासन उसके लिए तैयार रहें। साथ ही साथ जो समस्तीपुर से वाया घोड़ासहन होते हुए रक्सौल के लिए क्लोज ट्रेन की शुरूआत की गई है इसके लिए मैं रेलवे अधिकारी सहित अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय पप्पू यादव जी का तहे दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं जिन्होंने लगातार अधिकारियों से बात कर इस ट्रेन के परिचालन को फिर से बहाल करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही साथ घोड़ासहन की जनता को मुबारकबाद देता हूं

### स्वास्थ्य ग्रामीण शिक्षा मिशन का हुआ उद्घाटन

**सुगौली (चौथी वाणी)।** प्रखंड के शुकुल पाकड़ पंचायत के सिकरहना घाट के समीप ग्रामीण शिक्षा मिशन इकाई सुगौली का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सरोज बैठा,अकलियत राजद प्रदेश उपाध्यक्ष रेयाजुल हक मुन्ना व स्थानीय मुखिया अशफाक अहमद ने संयुक्त रुप से किया। स्वास्थ्य ग्रामीण शिक्षा मिशन एक स्वयं सेवी संस्था है जो भारतीय एक्ट 1882 के अन्तर्गत पंजीकृत है। इसको लेकर मिशन के संचालक अजीत कुमार ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य अनाथ बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध है।संस्था अपने कार्ड धरको को मेडिकल में 10-40 प्रतिशत डिस्काउंट देती है।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बेटी जन्मोपरांत 1499/ सहयोग राशि संस्था अपने कार्ड धरको को देती है।बेटी पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ व बाल विवाह के विरुद्ध 18 वर्ष बाद संस्था अपने कार्ड धरको को 5500/ राशि देती है।मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर संस्था 4999/ रुपया छात्रवृत्ति स्वरूप देती है। 3 से 6 माह के बीच में प्रत्येक बच्चों का हेल्थ जांच भी किया जाता है।इन सभी उद्देश्य के साथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वार्ड में जागरूक कर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है साथ साथ पंचायत के वार्डो में इस अभियान को चलाया जा रहा है।एजुकेशन कार्ड धारकों को संस्था फ्री में बैग, कॉपी, कलम,पेंसिल , रबड़ ,कटर, स्लेट आदि प्रदान करती है वहीं कार्ड धारकों को संस्था छात्रवृत्ति के रुप में प्रतिवर्ष 500 रुपया पोषाक खरीदने के लिए प्रदान करती है तथा कार्ड धारकों को संस्था फ्री में शिक्षा प्रदान करती है।अभियान को प्रखंड के विभिन्न पंचायत व वार्डो में लोगों को जागरूक कर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएगी।इस कार्यक्रम में डीपीओ मुन्ना कुमार,सतेंद्र कुमार,मुख़्तार प्रसाद यादव, डाक्टर राजन कुमार,चन्दन कुमार,मोहम्मद इरफान,श्याम बिहारी,अजय कुमार,राम इकबाल राय,कैलाश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा की तैयारी को लेकर सांसद व जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



**मोतिहारी (चौथी वाणी)।** जिला अतिथि गृह, मोतिहारी में सांसद, बेतिया संजय जायसवाल एवं जिलाधिकारी शीर्षक कपिल के द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत दिनांक 27 फरवरी से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा की तैयारी को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सांसद के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि बिहार राज्य में पहली बार सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन कराया जा रहा है, जिसका उद्घाटन 27 फरवरी 2022 को रक्सौल में किया जाएगा। जिसमें उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, मंत्री कला संस्कृति एवं युवा डॉक्टर आलोक रंजन तथा विधायक श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। सांसद के द्वारा यह भी बताया गया कि इस स्पर्धा में पश्चिम चंपारण जिले के अलावा पूर्वी चंपारण जिले के भी पांच प्रखंडों रक्सौल, सुगौली, छौरादानो, बंजरिया एवं बनकटवा में खेल स्पर्धा आयोजित किए जाएंगे तथा इसमें तीनों श्रेणियों में सिर्फ उन्हीं प्रखंडों के निवासी लड़के एवं लड़कियों को ही भागीदारी का अवसर प्राप्त होगा। विदित हो कि यह स्पर्धा तीन श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें पहली श्रेणी 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के होंगे, दूसरी श्रेणी 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के होंगे तथा तीसरी श्रेणी 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें आवेदन हेतु इच्छुक लड़के एवं लड़कियां निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन अपने आधार कार्ड की स्व अभिप्रमाणित प्रति तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट होने के संबंध में एक स्वघोषणा पत्र के साथ समर्पित करेंगे। इस संबंध में किसी भी तरह की जानकारी जिला खेल पदाधिकारी या जिला शिक्षा पदाधिकारी या प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सांसद खेल स्पर्धा के तहत कुल 7 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें 200 मीटर, पंद्रह सौ मीटर, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, लंबी कूद, कबड्डी एवं रस्साकशी की स्पर्धा आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया गया कि सांसद खेल स्पर्धा हेतु पूर्वी चंपारण जिले में सफल आयोजन हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में श्रम अधीक्षक, राकेश रंजन को नामित किया गया है तथा उनके उनके साथ सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, धीरज कुमार तथा जिला समादेष्टा होमगार्ड, डॉ अशोक कुमार प्रसाद भी रहेंगे।इसके अतिरिक्त उक्त स्पर्धा में महिलाओं की भागीदारी भी बराबर की होगी जिसके लिए वरीय उप समाहर्ता, मेघा कश्यप तथा दीपशिखा को भी जिला स्तरीय कमेटी में रखा गया है। जिलाधिकारी के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति, खेल मैदान प्रबंधन समिति आदि का गठन करने का निर्देश दिया गया। सांसद के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित पांचों प्रखंडों के सभी स्कूलों से हर स्पर्धा में कम से कम 5 लड़के एवं लड़कियों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि स्पर्धा हेतु निर्धारित तिथियों के 1 दिन पूर्व तथा 1 दिन बाद तक वहां पूर्ण रूप से तैयार मेडिकल टीम ,डॉक्टर, फिजियोथैरेपिस्ट, फर्स्ट एड किट एवं एंबुलेंस के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। नगर कार्यपालक पदाधिकारी रक्सौल, सुगौली एवं ढाका तथा कार्यपालक अभियंता पीएचईडी पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल तथा चलंत शौचालय की व्यवस्था करेंगे। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा जिला स्तरीय टीम के साथ रक्सौल एवं सुगौली के मैदानों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है तथा विभिन्न स्पधाओं हेतु ग्राउंड की तैयारी करने के लिए जिला खेल पदाधिकारी के नेतृत्व में पीटी टीचर एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों की टीम बनाकर उन्हें समुचित दिशा निदेश दे दिया गया है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि प्रखंड वार अंपायर एवं रेफरी आदि की सूची तैयार कर ली गई है। जिलाधिकारी के द्वारा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को दिव्यांगों के लिए भी एक स्पर्धा का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। जबकि 27 फरवरी को रक्सौल में प्रातः में होने वाले मैराथन की तैयारी का जिम्मा जिला समादेष्टा होमगार्ड को दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त स्पर्धा के सफल संचालन हेतु एसएसबी के जवान, नेहरू युवा केंद्र एवं एनसीसी के वॉलिंटियर्स की सहायता लेने तथा उन्हें स्वयंसेवक के रूप में स्पर्धा के दौरान उपस्थित रहने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को पत्र भेजने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा वरीय उप समाहर्ता मेघा कश्यप तथा दीप शिखा को महिलाओं से जुड़े स्पर्धा के लिए जीविका, आईसीडीएस, प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षिकाओं एवं महिला शिक्षिकाओं को भी प्रखंड स्तरीय टीम में जोड़ने का निर्देश दिया गया। सांसद के द्वारा बताया गया कि स्पर्धा का आयोजन रक्सौल प्रखंड में 27 फरवरी को , सुगौली प्रखंड में 2 मार्च को ,बनकटवा प्रखंड में 4 मार्च को, बंजरिया प्रखंड में 9 मार्च को तथा छौड़ादानों प्रखंड में 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। यदि विभिन्न स्पधाओं में आवेदन अधिक संख्या में आते हैं तथा प्रतिभागियों की संख्या यदि ज्यादा होती है तो उस स्थिति में 2 दिनों तक यह कार्यक्रम किया जाएगा और निर्धारित तिथि के 1 दिन पूर्व ही विभिन्न स्पधाएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी -सह- नजारत उप समाहर्ता, श्रम अधीक्षक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला समादेष्टा होमगार्ड, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, सामान्य शाखा पदाधिकारी, जिला विधि प्रशाखा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बलोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ढाका आदि उपस्थित थे।

## सकारात्मक जीवन शैली व फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**मोतिहारी (चौथी वाणी)।** चकिया प्रखंड अंतर्गत कुरिया पंचायत में कुरिया में भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के द्वारा युवा कल्याण सकारात्मक जीवन शैली व फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ बबलू पाण्डेय,एवं प्रशिक्षक रामनारायण पासवान, समाजसेवी कौशल किशोर पांडेय एन वाई वी रविकांत पाण्डेय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के उद्घाटन के पश्चात प्रशिक्षक इस दौरान युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया।भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय के प्रतिनिधि रविकांत पाण्डेय ने कार्यक्रम के संदर्भ में बताया गया कि डिजिटलाइजेशन व भौतिकवाद के बढ़ते दौर में युवा शारीरिक फिटनेस की गतिविधियों से दूर और अंतमुर्खी होते जा रहे है। इसी संदर्भ में कैसे हम दैनिक गतिविधियों में सुधार लाकर सकारात्मक जीवन शैली को अपना सकते हैं, इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योग प्रशिक्षक रामनारायण पासवान ने अपने उद्बोधन में कहा की स्वयंसेवकों को सकारात्मक जीवन शैली के बारे में बताया साथ ही स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क, स्वस्थ विचारों के समाज को होने वाले लाभों से भी परिचित करवाया। स्वस्थ शरीर में स्वच्छ ऊर्जा का संचार होता है. युवाओं को फिट इंडिया और सकारात्मक जीवन शैली कार्यक्रम के तहत अपने सम्बोधन में कहा कि अपनी दैनिक दिनचर्या में एक खेल का चयन जरूर करें। डॉ बबलू पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वालंटियर समाज सेवा का अहम हिस्सा है हम लालंटरिज्म के मध्यम से ही स्वयं व राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं।



प्रशिक्षक के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीण युवा को फिटनेस व खेल भावना, युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति चेतना, पोषण, स्वास्थ्य और हाइजीन, सैनिटाइजेशन व नशा के प्रति झुकाव आदि विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में समाजसेवी कौशल किशोर पाण्डेय,विभा श्रीवास्तव, मिलन दुबे,निहाल,धीरू श्रीवास्तव, रजनीश गोस्वामी, अभिषे किशन, दीपक, प्रियांशु, बुलेट, सुशांत, डॉली, निधि, खुशबू, अंजली, शिवानी, चंचला, अर्चना, दीपक, सीखा, मुस्कान, पल्लवी, विभा, सीता आदि उपस्थित थे।

## मोहल्ले वासियों तथा दुकानदारों ने सीमेंटेड ईट सोलिंग मे अनियमितता को लेकर किया सड़क जाम



**चकिया (चौथी वाणी)।** शहर के केसरिया रोड में सड़क के दोनों किनारे हो रहे सीमेंटेड ईंट सोलिंग कार्य में अनियमितता को लेकर बुधवार को शहर के केसरिया रोड स्थित बाजार समिति प्रवेश द्वार के निकट मोहल्लेवासियों व दुकानदारों ने सड़क को घंटो जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने पर जेई और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी किया। वही गणमान्य लोगों के कहने पर सड़क जाम समाप्त हुआ। प्रदर्शन कर रहे मोहल्लेवासियों व दुकानदार आकाश सिंह, सनी कुमार, जितेंद्र यादव, सुरेंद्र भगत, पन्नालाल साह, संतोष साह, मोनू पटेल, हसमुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोगों का कहना है कि ठेकेदार की ओर से कराए जा रहे सोलिंग निर्माण कार्य के नाम पर लीपापोती कर बजट ठिकाने लगाया जा रहा है। सोलिंग कार्य में जीएसपी बिछाना है उसके बदले उजला बालू का उपयोग किया जा रहा है रॉलर भी नही चलाया जा रहा है जो बरसात में धंस जाएगा मानकों की अनदेखी की जा रही है। सड़क के किनारे से नाले तक बरसात में कीचड़ ना लगे इसके लिए नाले तक सोलिंग कराने की मांग की। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल ने कहा इसकी सूचना एनएच को दी जायेगी।

## तुरकौलिया थाना परिसर में एसपी का पहली बार लगा जानता दरबार



**तुरकौलिया (चौथी वाणी)।** थाना दिवस के अवसर पर मोतिहारी पुलिस की पहल पुलिस आपके द्वारा की समस्या का त्वरित समाधान हमारा प्रयास कार्यक्रम के तहत पहले दिन तुरकौलिया थाना में एसपी डॉ० कुमार आशीष पहुंचे। और कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग। अपनी फरियाद लेकर एसपी के जनता दरबार में पहुंचे थे। जहां 61 लोगों के आवेदन लिए गए। जिसमें अधिकतर आवेदन जमीनी विवाद से जुड़ा था। जिसमें जबरन कब्जा रास्ते का विवाद हिस्सेदारी सहित अन्य मामले आए। कुछ लोगों ने पूर्व से चली आ रही। किस के निस्तारण में देरी को लेकर शिकायत किया। संजीव कुमार, नंद लाल राय, रामाशंकर सिंह जमीन अतिक्रमण को लेकर उमेश पासवान रास्ता रोकने की शिकायत की राज्य के उपचार में घर नहीं बनने देने शकील अहमद ने हत्या मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर मुरारपुर के संजीव सिंह ने रंगदारी मांगे जाने जयसिंहपुर की राधिका देवी गांधारी देवी शिमला की शाखा सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्या रखी और शिकायत की वहीं लल्लन राय ने अपनी मां की हत्या करने वालों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। जिसको लेकर पिछले नवम्बर में पेड़ के नीचे सपरिवार अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही कुछ नहीं हुआ। इसका आरोप लगाया। जनता दरबार में पुलिस निरीक्षक मोहन चौधरी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार उमेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसपी ने जानता दरबार में अधिकतम मामलों को हाथों हाथ से समाप्त किया। और दर्जनभर मामला को विशेष परिस्थिति के लिए अलग से सुनवाई की वहीं एसपी के जनता दरबार में भेला छपरा के भोला के बेटा ने अपनी बिजली बिल सुधार करवाने को लेकर पहुंचा। जिस पर एसपी से बिजली विभाग से समस्या का समाधान कराने को कहा जनता दरबार में लोगों ने अपनी समस्या लेकर बड़ी उम्मीद के साथ पहुंचे थे। जहां एसपी ने उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए। अधिकतर मामलों का समाधान किया और कुछ के जांच के लिए अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को जिम्मेवारी दी। और त्वरित कार्रवाई करते हुए। उसका समाधान करने को कहा।

## संत गुरु रैदास ने मानवीय संवेदना के साथ जीने की प्रेरणा दी: बीडीओ

**रक्सौल (चौथी वाणी)।** अम्बेडकर ज्ञान मंच के तत्वावधान में बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में संत शिरोमणि गुरु रैदास जी महाराज की जयंती आहुत हुई।इस पावन मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सुनील कुमार( आदापुर) ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पार्चन कर नमन किया तथा कहा कि संत गुरु रैदास अंधविश्वास,पाखंड व सामाजिक कुरीतियों पर आघात करते हुए मानव जीवन को मानवीय संवेदना के साथ जीने की प्रेरणा दी।उनके विचारों से प्रेरित होकर तत्कालीन राजाओं व विचारकों ने भी उनकी शिष्यता कबूल किया।श्री कुमार ने कहा कि गुरुजी वर्णाश्रम व्यवस्था व जात-पात का भी खंडन करते हुए कर्म को प्रधानता दिए तथा कहा कि ईश्वर की अगर चाह रखते हो तो इसके लिए मन चंगा व भेदभाव रहित रखने होंगे।ऐसे संत गुरुओं के कारण ही समाज में भाईचारा कायम है।हमें उनके विचारों को आत्मसात करने होंगे।वहीं, मंच के संस्थापक मुनेश राम ने कहा कि विषमतावादी व्यवस्था के बीच गुरु रैदास की वाणी सामाजिक परिवर्तन का आगाज करती है।उन्होंने तत्कालीन व्यवस्था के पाखंडियों को ललकारते हुए कहा था कि किसी जाति या वर्ण विशेष में जन्म लेने मात्र से कोई व्यक्ति पूजनीय नही हो जाता।उसे ज्ञान गुण से प्रवीण होने चाहिए,वैसा व्यक्ति ही पूजने( सम्मान) के योग्य है,क्योंकि जन्म से कोई ऊंच व नीच नही होता।श्री राम ने कहा कि मानव जीवन भेदभावमूलक व्यवस्था में जीवंत नही रह सकता।ऐसे संत गुरुओं व महापुरुषों के विचारों को अपनाकर ही सामाजिक विषमता का खात्मा किया जा सकता है,जिन्होंने आजीवन सामाजिक भाईचारा को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।जेएसएस मिथिलेश कुमार मेहता ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे तत्कालीन पाखण्डवादी व्यवस्था में भी अपने विचारों से संत शिरोमणि की उपाधि प्राप्त किया था तथा उस समय बनारस जैसे मनुवाद की गढ़ में जातिवादी मानसिकता पर कठोर आघात करने में सफल रहे।गुरु रैदास ने व्यवस्था परिवर्तन का आगाज चौदहवीं सदी में ही कर दिया था,जिसका नतीजा है कि सिक्खों के पवित्र पुस्तक गुरुग्रंथ साहिब में भी उनके 33 पद समाज को संदेश देते है।रविन्द्र कुमार कहा कि संत रैदास के विचारों व आदर्शो पर चलकर ही समतामूलक भाईचारे पर आधारित समाज की स्थापना की जा सकती है।मौके पर मंच के भाग्य नारायण साह,चन्द्रकिशोर पाल,शिक्षक संजीव कुमार,पवन कुमार,मोहन कुमार मण्डल, गौतम कुमार राम,कुंदन कुमार,बैधनाथ राम आदि ने भी उनके तैलीय चित्र पर बारी-बारी पुष्पांजलि अर्पित किया तथा संत की जीवनी से प्रेरणा लेने का संकल्प व्यक्त किया।



## ग्राम कचहरी परिसर में रविदास जी की 645वीं जयंती मनायी गयी

**तुरकौलिया (चौथी वाणी) ।** प्रखंड के जयसिंहपुर पूर्वी पंचायत के ग्राम कचहरी परिसर में रविदास जी की 645 वा जयंती मनाया गया। जहां पंचायत के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य अतिथि जयसिंहपुर पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया कुसुम देवी ने रविदास जी की जयंती के कार्यक्रम पर दीप प्रज्वलित किया। और उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि दी और माल्यार्पण किया। वहीं पंचायत के सरपंच जयसिंहपुर पूर्वी के बृज किशोर राम ने पुष्पांजलि दी कचहरी सचिव नरेश मिश्र, संजय कुमार, शिव शंकर सिंह, उपसरपंच पंचायत समिति सदस्य असरफी महतो, ग्राम कचहरी जयसिंहपुर उत्तरी के सरपंच पति जमशीद आलम, नंदलाल साह सरपंच उमाशंकर सिंह, धनोज ठाकुर, मुकेश कुमार, सहित जमालुद्दीन अंसारी, बिंदा राम, शोभालाल राम, निजाम अंसारी, विनोद साह, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह, लालमति देवी, चंद किशोर राम, सुरेंद्र सिंह, रामबालक सिंह, विनोद कुमार यादव,राजेश राम,अनिता देवी पंच वार्ड नं 06,रामबाबू राय, तुरकौलिया निवासी विनोद राम सहित कई गणमान्य लोगों ने रविदास जी की तैल चित्र पर पुष्पांजलि दी। साथ ही उपस्थित। विशिष्ट अतिथियों ने उन्हें समाज का एक प्रमुख सुधारक बताया। कि सत्य अहिंसा समाज कल्याण के लिये। लोगों की सत्य मार्ग दरशन के रविदास जी के बारे में बताया गया। कि उन्होंने समाज के लिए कई उत्कृष्ट काम किए।



संक्षिप्त खबरें

### समस्तीपुर - रक्सौल डेमू 17 से चलेगी

**चौथी वाणी (मोरवा)।** समस्तीपुर स्टेशन से समस्तीपुर रक्सौल सवारी गाड़ी का फिर से परिचालन होगा । 17 फवरी से अगले आदेश तक समस्तीपुर से रक्सौल के बीच डेमू स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलायी जाएगी । विदित हो कि ट्रेन संख्या 75225 व ट्रेन संख्या 75226 ट्रेन फिलहाल बंद थी ।

### योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

**चौथी वाणी (कल्याणपुर)।** कल्याणपुर मनरेगा की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मंगलवार को मनरेगा भवन में पी आरएस और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बैठक मनरेगा पदाधिकारी महेश भगत की अध्यक्षता में हुई । इसमें मनरेगा की योजना के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया गया । मौके पर मुखिया अनीता देवी , विनोद दास , अनीश कुमार , रामबाबू राय , राजेश कुमार आदि मौजूद थे ।

### 19 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**चौथी वाणी (वारिसनगर)।** वारिसनगर थाना क्षेत्र के लड़बाड़ा गांव से पुलिस ने देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसे लरबारा गांव के समीप गिरफ्तार किया । उसके पास से 19 लीटर देसी शराब मिली ।

### ग्राम कचहरी के मामले निपटाएं

**चौथी वाणी (सरायरंजन)।** सरायरंजन प्रखंड के रायपुर बुजूर्ग पंचायत के पंचायत सरकार भवन में ग्राम कचहरी की बैठक की गई । इसकी अध्यक्षता करते हुए सरपंच अनीता देवी ने न्याय मित्र प्रमोद कुमार सिंह से पूर्व के लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी ली । न्याय मित्र ने पीठासीन पदाधिकारी सरपंच को लंबित सभी मामलों में सम्मन कर सभी वादों का निष्पादन करने का सुझाव दिया । सरपंच ने सचिव मंटुन कुमार गिरि को जल्द से जल्द सभी मामलों का निपटारा करने का सुझाव दिया ।

### बाल शोषण पर मिलकर लगाएं रोक

**चौथी वाणी (समस्तीपुर)।** समस्तीपुर बच्चों की खुशहाली के लिए बाल यौन शोषण मुक्त समाज का निर्माण जरूरी है । इसके लिए सभी स्तर पर प्रयास जरूरी है । उक्त बातें न्याय के लिए बढ़ते कदम बाल यौन शोषण के खिलाफ जन अभियान की शुरूआत करते हुए जिला बाल संरक्षण # इकाई की सहायक निदेशक अमृता प्रीतम ने कही । नोबेल शान्ति पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी के प्रयास से गठित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउण्डेशन और सामाजिक संगठन जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च 2022 तक इसका आयोजन किया जाएगा ।

### कुआं में गिरने से युवक की मौत

**चौथी वाणी (हसनपुर)।** हसनपुर थाना क्षेत्र के बड़गांव स्थित डीह टोला के एक कुआं में गिरने से युवक की मौत हो गई । युवक की पहचान गांव के ही आमोद यादव उर्फ बडकू के रूप की गई । ग्रामीणों ने बताया कि कुआं से गिरने का आवाज पर आसपास के लोग पहुंचे और युवक को निकाला । उन्होंने बताया कि तब तक पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी । उसके बाद कुएं से बेहोशी की हालत में युवक को निकालने के बाद हसनपुर अस्पताल लाया गया । जहां इलाज शुरू होते ही युवक ने दम तोड़ दिया । इस संबंध में अनि अजीत त्रिवेदी ने बताया कि पैर फिसलने से आमोद कुआं में गिर गया था । जिसे ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से निकाला गया । अस्पताल में युवक की मौत हो गई । गांव में मातम छा गया । घटना आठ बजे रात की बतायी जाती है ।

### पीट कर महिला को किया जख्मी

**चौथी वाणी (समस्तीपुर)।** समस्तीपुर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा पंचायत के बलभद्रपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला को मारपीट कर जख्मी कर दिया । स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया । उसकी पहचान बलभद्रपुर वार्ड 8 निवासी दिनेश तिवारी के पत्नी रंजू देवी के रुप में हुई । इस बाबत पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की है । बताया कि सोमवार को लाठी डंडे से लैश कुछ लोगों ने घर में घुसने के बाद उसकी पिटाई की । इस दौरान बीच बचाव में उसका पुत्र भी जख्मी हो गया । पुलिस मामले की जांच में जुटी है । इस मामले में दोषी पर कार्रवाई की जाएगी ।

### 170 बोतल शराब बरामद

**चौथी वाणी (हसनपुर)।** हसनपुर शासन गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक धंधेबाज को गिरफ्तार करने के साथ 170 बोतल शराब बरामद की । थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज अमरजीत कुमार को जेल भेज दिया गया है । छापेमारी में हरियाणा निर्मित शराब मिली थी ।

### पिरौना गांव से अपहृता को ले गयी एमपी पुलिस

**चौथी वाणी (हसनपुर)।** हसनपुर मध्यप्रदेश पुलिस ने मंगलवार को हसनपुर थाना क्षेत्र के पिरौना गांव में छापेमारी कर एक अपहृता को बरामद किया । उसके बाद अपहृता के ससुर को भी अपने साथ मध्यप्रदेश लेती चली गई । बताया जाता है बिछिया थाना रीवा में अपहरण से संबंधित प्राथमिकी दर्ज है । इसी मामले में अपहृता की बरामदगी की गई ।

### कल्याणपुर में वाहन की टोकर से अधेड़ की मौत

**चौथी वाणी (कल्याणपुर)।** कल्याणपुर वारिसनगर - मुक्तापुर मुख्य रोड में गोविंदपुर खजूरी गांव के छठीयारी पोखर के नजदीक सोमवार देर शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से गांव के ही एक व्यक्ति की मौत हो गयी । हादसे के बाद वाहन लेकर चालक भाग निकला । मृतक मो . शम्से आलम ( 45 ) खजूरी चकजाफर गांव निवासी मो . जियाउद्दीन का पुत्र था । बताया गया है कि वह रात में अपने घर आ रहा था । उसी दौरान वाहन ने उसे ठोकर मारा । जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया । सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया । जहां उसकी स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया । ग्रामीणों ने बताया कि समस्तीपुर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई । थाना अध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन के आवेदन देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

# कदाचार मुक्त माहौल में मैट्रिक की परीक्षा आज से शुरू

## भयमुक्त कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा होगी: एसडीओ

**तेघड़ा /बेगूसराय(चौथी वाणी)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा आज 17 फरवरी गुरुवार से प्रारंभ हो रही है।तेघड़ा अनुमंडल मुख्यालय के तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत कुल -5 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। जिन सभी पांच केंद्रों पर करीब 9 हजार के आसपास परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बिहार बोर्ड परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जायेगा। परीक्षा केंद्र पर कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन किया जायेगा। तेघड़ा के एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा का संचालन कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में करवाया जायेगा।परीक्षार्थी हो या परीक्षा लेने वाले किन्ही को भी मोबाइल फोन अंदर ले जाने की इजाजत नहीं होगी। दोनों पालियों के निर्धारित समय के पूर्व ही परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश करने की अनुमति होगी। परीक्षार्थी एडमिट कार्ड के साथ फेस मास्क लगाकर ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि संबंधी सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई है। कुल 5 परीक्षा केंद्र में (1 ) राजकीय कृत ओमर उच्च विद्यालय तेघड़ा जिसमें कुल 2129 छात्रा है प्रथम पाली में 1038 एवं द्वितीय पाली में 1091 छात्रा परीक्षा में शामिल होंगे। केंद्राधीक्षक आभा कुमारी ने बताया कि परीक्षा केंद्र से संबंधित संपूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली गई है।( 2 ) श्री विश्वेश्वर



राष्ट्रीय उच्च विद्यालय तेघड़ा में 798 छात्र एवं 984 छात्रा परीक्षा में शामिल हो रहे है। ( 3 ) जेके हाई स्कूल बरौनी- 1 में कुल 1091 परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में 583 एवं द्वितीय पाली में 508 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। केंद्राधीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि बोर्ड के द्वारा जारी निदेर्शानुसार परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। (4) भाग्य नारायण महिला कॉलेज बरौनी-1 में कुल 1081 छात्र एवं 794 छात्रा परीक्षा में शामिल होंगे।(5) आरकेसी हाई स्कूल फुलवरिया में प्रथम पाली 905 परीक्षार्थी एवं सेकंड पाली में 1089 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगें।

### तेलियाडीह मे मनाया गया संत रविदास की 645 वां जयंती कई लोग रहे मौजूद

**झाझा (चौथी वाणी)।** बुधवार को संत गुरू रविदास जी 645 वां जयंती प्रखंड क्षेत्र के छापा पंचायत के तेलियाडीह गांव मे बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और जूलूस भी निकाला गया।जयंती समारोह का उदघाटनकर्ता बसपा नेता सकलदेव दास, जिला परिषद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, मुखिया पप्पू यादव, पूर्व मुखिया गणेश यादव, फागु रविदास, राजू यादव सहित अन्य अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगो ने संत रविदास के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये मालापर्ण और पूजा अर्चना किया। उसके बाद बारी बारी से लोगो ने संत रविदास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर उदघाटनकर्ताओ ने कहा कि हिंदू पंचायग के अनुसार हर वर्ष माघ महीने की पूर्णिमा तिथि पर संत रविदास की जयंती मनाई जाती है। इस दिन संत रविदास के अनुयायी बड़ी ही श्रद्वापूर्वक संत रविदास की जयंती मनाते है। संत रविदास हमेशा भगवान की भक्ति मे लीन रहा करते थे।उन्होने भगवान की भक्ति मे समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवाहिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### बाथरूम की स्थिति देखकर कॉलेज प्रशासन पर उठता है सवाल

**वीरपुर(चौथी वाणी)**:अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीरपुर के कार्यकताओं द्वारा एल एन एम एस कॉलेज बीरपुर में स्वच्छता को लेकर सवाल,उठने शुरू हो चुके है।कॉलेज अध्यक्ष रमन यादव ने बताया कि अभी वर्तमान में इंटर की परीक्षा एल एन एम एस कॉलेज में हो रही है जिसमें छात्राओं का सेंटर इस कॉलेज में हुआ है, आज कार्यकताओं द्वारा कॉलेज में देखा गया वहां पाया गया कि बाथरूम की ऐसी स्थिति है वहां पांव रखने लायक नहीं है, वही छात्र नेता नितेश जय ने बताया कि छात्राओं द्वारा बाथरूम की स्वच्छता के शिकायतों को लेकर आज परिषद के कार्यकर्ता कॉलेज गए जहां स्वच्छता और बाथरूम की स्थिति देखकर कॉलेज प्रशासन पर सवाल खड़ा होता है , कॉलेज में स्वच्छता कर्मी होने बावजूद कॉलेज की ये स्थिति है इस बाथरूम से अच्छा तो चौराहे पर जो सरकारी शौचालय होता है वह इससे अच्छा होता है लेकिन कॉलेज की स्थिति देखकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तय किया है कि स्वच्छता को लेकर हम सभी स्वच्छता अभियान भी चलायेंगे और स्वच्छता को लेकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ आंदोलन भी करेंगे!

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की 645 वीं जयंती समारोह का आयोजन

**तेघड़ा /बेगूसराय(चौथी वाणी)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 645 वीं जयंती समारोह बुधवार को तेघड़ा बाजार के पश्चिम क्षेत्र स्थित जीवन श्री विवाह भवन में धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवजी दास ने किया। मंच संचालन नवल किशोर सुमन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उमेश दास एफसीआई के पूर्व महाप्रबंधक ने संत शिरोमणि रविदास के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भारत के संतों के संत महासंत थे। इनका जन्म माघ पूर्णिमा 1398 ई. 14 वीं सदी में गोबर्धनपुर काशी, उत्तर प्रदेश में हुआ था।इनके माता का नाम करमा देवी तथा पिता का नाम संतोख(रघु) जाती के चमार थे। संत रविदास का जन्म उस समय हुआ जिस समय भारत में जात -पात, ऊंच-नीच, भेद-भाव, छुआ- छूत तथा पाखंड एवं अंधविश्वास का बोल बाला था। प्रदेश संगठन सचिव संतोष कुमार ने कहा कि



संत शिरोमणि गुरु रविदास जी सामाजिक सुधार के लिये जीवन प्रयत्न भर लड़ते रहे तथा समाज में फैले बुराइयों को दूर करने के लिये सामाजिक समानता समरसता लाने के लिये समाज के सजग प्रहरी के रुप में संतों के माध्यम श्रवण परम्परा का आंदोलन अर्थात संत शिरोमणि रविदास जी ने तथागत बुध के आंदोलन ब्राह्मणों की राजधानी काशी में रहकर प्रारंभ किया। अध्यक्षता करते हुये जिला अध्यक्ष शिवजी दास ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि संत रविदास जी श्रवण संस्कृति को आगे बढ़ाया अर्थात भगवान बुद्ध समता समान मानवता बाद के सिद्धांतों को जिसे तथागत बुद्ध ने 2500 वर्षो पूर्व प्रारंभ किया था। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार ने कहा कि तथागत बुद्ध के आंदोलन के कारण नये युग का प्रारंभ हुआ जिसमें सभी लोगों का समान छुआ-छूत का साम्राज्य को ध्वस्त करने का प्रयत्न किया। मानवाधिकार सर्वेक्षण ट्रस्ट के राज्य मीडिया सचिव अशोक कुमार ठाकुर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी चाहते थे कि बिना गम का समाज हो यह संदेश पूरे देश में फैले 16 फरवरी 2022 को 645 वीं जयंती मनाई जा रही है।आये हुये अतिथियों का स्वागत जिला संरक्षक उमेश दास अनुमंडल अध्यक्ष शिव शंकर कुमार,प्रखंड अध्यक्ष राम प्रकाश दास ने किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोविंद कुमार,अनुमंडल सचिव दिनेश दास, महेश कुमार मानश, सतीश कुमार ने अपना विचार व्यक्त किया। आगत अतिथियों का स्वागत शिक्षक नवल किशोर सुमन, गौरी दास एवं शिव शंकर कुमार के द्वारा किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन राम प्रकाश राम ने की। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एक्ट्रेस निधि झा और भोजपुरी एक्टर यश कुमार ने की सगाई

**बेगूसराय(चौथी वाणी)।** भोजपुरी एक्टर यश कुमार और एक्ट्रेस निधि झा की सगाई हो गई है। दोनों की इंगेजमेंट सेरेमनी का वीडियो और फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में निधि और यश परिवार वालों के बीच एक दूसरे को अंगूठी पहनाते दिख रहे है। बात दें कि पिछले साल 21 सितंबर को यश ने इंटरनेट मीडिया पर निधि झा के लिये अपने प्यार का खुलकर इजहार किया था। इस दौरान उन्होंने दो तस्वीरें भी साझा की थी। तब से यह चर्चा का विषय था कि आखिर इस प्यार का आफिशियल एनाउंसमेंट कब होगा। निधि झा ने इंस्टाग्राम पर अपना इंगेजमेंट सेरेमनी वाला वीडियो शेयर की है। उन्होंने लिखा है अब यह आफिशियल हो चुका है। हम एक हो गये है। वीडियो शेयर करते ही मानो बधाइयां की बाढ़ आनी शुरू हो गई। फैन्स तो उत्साहित है ही, फिल्मी सितारों ने भी इस जोड़ी के लिये प्यार बरसाया है। इस वेलेंटाइन को यश ने काफी यादगार बनाया है। इंगेजमेंट सेरेमनी के ठीक पहले यश कुमार और निधि झा ने अपने नये घर में कदम रखा है। निधि झा ने गृह प्रवेश की भी कुछ तस्वीरें शेयर की थी। यश के साथ वाली इन तस्वीरों में निधि बिल्कुल नई नवेली दुल्हन जैसी दिख रही थी। वहीं महाराष्ट्र के राज्यपाल भगवत सिंह कोशियारी, बीजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष सोनू कुमार झा, सुपरस्टार तुषार झा,जयंत समीर, कुरपा, रंजीत झा,पूनम झा, कार्तिक, शिवम, अदिति, जानवी, रामचन्द्र झा, बालेश्वर झा सहित कई लोगों ने बधाइयां दिया। क्षेत्र में चर्चा का विषय है।



# कोविड टीकाकरण कैंप में फिजियोथेरेपी का आयोजन

**बीहट/बेगूसराय (चौथी वाणी)।** बरौनी के कोविड 19 टीकाकरण कैंप में बुधवार को फिजियोथेरिपी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोग अपने परेशानी को बतातें हुये फिजियोथेरिपी के माध्यम से अपने परेशानियों को दूर किया। लोगों ने इस कैंप में अन्य सेवा का जानकारी प्राप्त किया, और स्वस्थ सुविधा की जानकारी ली। बीपी,शुगर, हिमोग्रोबिन ,वजन जांच की सुविधा का लाभ मिला। इस शिविर के माध्यम से हर समय टीकाकारण कराया जाता है। जिसमें 15 से 17 एवं 18 से ऊपर आयु वर्ग के लाभार्थियों को पर फस्ट डोज,सेकेंड डोज, बूस्टर डोज भी दिया जाता है। प्रतेक सोमवार को योगा, बुधवार को फिजियोथेरिपी ,गुरुवार को मेस्टुअल हाईजीन एजुकेशन मैनेजमेंट की जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर अधिक से अधिक लाभार्थी पहुंच कर शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठायें। मौके पर उपस्थित लाभार्थियों को फिजियोथेरिपी प्रशिक्षक मनोज पंडित ने 20 लाभुकों के माध्यम से फिजियोथेरिपी का महत्व एवं लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर डीपीओ केयर इंडिया कृष्णा कुमार,शिविर प्रबंधक राकेश कुमार , बीएम दीपक कुमार, एएनएम सीमा कुमारी ,अंकिता मोरिया, नीलू , नीतू कुमारी, डाटा ऑपरेटर गौतम कुमार अंकित कुमार , अभय कुमार , रेणु कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।



# गंगा कटाव पीड़ितों ने एन एच-28 जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

**तेघड़ा/बेगूसराय(चौथी वाणी)।** तेघड़ा प्रखंड के रातगांव पंचायत के सीमा से लेकर आधारपुर अजगर बड़ के समीप गंगा के तट पर भीषण कटाव का आलम एक महीने से जारी है। विभागीय अभियंता एवं कनीय अभियंता को कटाव रोधक कार्य हेतु जिम्मेवारी दिया गया था। कटाव रोधी कार्य का स्थाई निदान नहीं होने से कटाव की रफ्तार इतनी तेज है कि वह सभी उपाय कटाव के सामने कम पड़ रहे है। किसानों की लहलहाती सैकड़ों एकड़ में लगी फसल अब तक गंगा की गोद में समा चुकी है। जिस रफ्तार से कटाई जारी है। कटाव रोधी पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई तो बहुत जल्द ही खेतों में लगी किसानों की सभी फसल गंगा की गोद में विलीन हो जायेगी,साथ ही कुछ ही दूरी पर वार्ड संख्या 7 के लोगों का घर भी गंगा की चपेट में आने की प्रबल संभावना तेज हो गई है।धरना और प्रदर्शन से निदान नहीं निकलने के बाद कटाव क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष ने आधारपुर तीन मुहानी के पास बुधवार को एन एच-28 सड़क को घंटों जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। जाम की वजह से



तेघड़ा बछवाड़ा एन एच मार्ग पर पूरी तरह से आवागमन प्रभावित हो गया।गाड़ियों की लंबी -लंबी कतारे लग गई। एन एच जाम का नेतृत्व पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह, किसान नेता दिनेश सिंह, भाकपा के कार्यकारी अंचल मंत्री परमानंद सिंह, चंद्रभूषण उर्फ जुलुम सिंह, बौघु सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामनिवास चौधरी, इंदु कुमार सिंह,संजीव कुमार उर्फ लोली, पंचायत की मुखिया आरती देवी, मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार आदि कर रहे थे। जाम की स्थिति देखकर एसडीओ राकेश कुमार एवं सीओ परमजीत सिरमौर ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों से अभिलंब कटाव रोधी कार्य को मूर्त रूप देने हेतु आश्वासन के आधार रोड जाम को फ्री करवाया। तब जाकर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने वहां से हटने पर मजबूर हुआ। पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस भीषण कटाव को लेकर पंचायत के वार्ड संख्या 7 एवं आसपास के लोग काफी भयभीत और चिंतित है। कटाव रोधी कार्य का स्थाई निदान एवं इन तमाम कटाव प्रभावित क्षेत्र के परिवारों को भूमि अधिग्रहण कर के सभी को जमीन एवं आवास की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने को लेकर मजबूरी में एन एच 28 को जाम कर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया। एसडीओ के आश्वासन के आलोक में अगर त्वरीत पहल नहीं की गई तो प्रखंड एवं अनुमंडल कार्यालय में तालाबंदी की जायेगी।

# गोपालपुर पुलिस ने 133 बोतल शराब के साथ नौ धंधेबाज को किया गिरफ्तार

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** गोपालपुर पुलिस द्वारा शराब धंधेबाजो के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने 133 बोतल शराब के साथ नौ धंधेबाजो को गिरफ्तार किया ।इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन बाइक भी जब्त की।पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार सभी धंधेबाजो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गोपालपुर पुलिस ने शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए गए अभियान के क्रम में चेरोटोला संगवाडीह गांव के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस जांच अभियान में एक बाइक से आ रहे तरेया सुजान थाना क्षेत्र के छपरा अहिरौली गांव निवासी अंकित कुमार कुशवाहा और सरेया खुर्द गांव निवासी नगीना चौहान को 113 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने शराब धंधेबाजों की बाइक भी जब्त की। वहीं एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने 9




बोतल शराब के साथ बाइक से आ रहे गोपालपुर थाना क्षेत्र के सवनही जगदीश गांव निवासी ऐनुल हक ,सोनू हुसैन और मोहम्मद इम्तियाज अली को गिरफ्तार किया। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने 10 बोतल शराब के साथ सेमरा गांव निवासी दीपक कुमार और अनिरुद्ध भगत को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के क्रम में कुचायकोट थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव निवासी अजय कुमार और चैलवा गांव निवासी भोला यादव को एक बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने इन शराब धंधेबाजो की बाइक भी जब्त कर ली। इस प्रकार इस अभियान के तहत गोपालपुर पुलिस ने कुल 133 बोतल शराब के साथ 9 धंधे बाजो को गिरफ्तार करते हुए कुल तीन बाइक जब्त कर ली ।पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार सभी धंधेबाजो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रविदास जयंती मनाया गया

**चौथी वाणी( हसनपुर)** हसनपुर प्रखंड के अहिलवार पंचायत अंतर्गत शंकरपुर गावँ के रविदास मंदिर पर, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 645 वीं जयंती धूम-धाम से मनाया गया । मौके पर रामनारायण मंडल , देवव्रत कुशवाहा, राजेश यादव,किशन



यादव, सुरेश राम, चंदन कुमार, सूरज कुमार राम, रामबाबु रंगीला, अमित कुमार जयसवाल, अरुण यादब, डब्लू यादव, लालबाबू कुमार, संजय कुमार, रामआधार, रामकुमार, संजीव, रवीन, सुनील, रामअशीष, राजेश, रौशन के साथ-साथ कई अन्य गण्यमान लोग उपस्थित रहे।

### वार्ड सचिव का चयन



**चौथी वाणी( विभूतिपुर)** प्रखंड के सिंघिया उत्तर पंचायत के वार्ड नंबर नौ के सचिव आलोक कुमार रंजन बने। बता दे कि वोटिंग के करके इनका चयन हुआ है। इनको 168 मत मिले जबकि विजय कुमार सहनी को 118 मत मिला। बधाई देने वालो में चंदन कुमार, गौरव कुमार, अरुण कुमार, अवधेश कुमार अभिषेक, अमन आदि।

### रविदास जी का 645 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई

**वीरपुर (चौथी वाणी):** बसंतपुर प्रखंड के परमानंदपुर पंचायत के वार्ड नंबर 3 जीरवा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 645 वी जयंती बुधवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत इनके तैल्य चित्रपर मुख्य अतिथि बिपिन कुमार एवं रमेश प्रसाद के द्वारा माल्यार्पण कर की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने रविदास के जीवन चित्रण के साथ इनके द्वारा प्रशस्त मार्गों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।उक्त मौके पर पुष्पांजलि अर्पित करने में पंकज कुमार दास, नारायण राम, सुरेंद्र कुमार, रामानंद राम ,दुर्गा नंद दास ,रामविलास राम ,मुकेश रंजन ,मनीषा, विकास ,रघुनंदन सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत के सभी वार्डो में सभा का आयोजन

**वीरपुर(चौथी वाणी):** कोविड के खिलाफ सबसे कारगर हथियार टीकाकरण को माना गया है। टीकाकरण से वंचित लोगों को टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में 14 से 19 फरवरी तक पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत के सभी वार्डो में सभा का आयोजन तथा 22 फरवरी को एक साथ पंचायत स्तर पर आम सभा की बैठक का आयोजन कर बैठक के ही दिन सभी बंचित योग्य लाभार्थी को कोविड 19 टीकाकरण से आच्छादित करने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव प्रत्यय अमृत के द्वारा जारी किया गया है। उक्त बातें अनुमंडल कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी वीरपुर ने कहा।इन्होंने कहा कि 15 से 18 साल के किशोर किशोरियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर टीकाकरण करवाना है। 60 साल से अधिक उम्र के वृद्ध , पेंशन धारकों का टीकाकरण कर चुके है।

### अज्ञात लोगों के द्वारा जहर डालने से लाखों रुपए के मछली मर कर बर्बाद

**वीरपुर (चौथी वाणी):** शिकापुर के एक जलकर में मंगलवार की रात्रि अज्ञात लोगों के द्वारा जहर डालने से लाखों रुपए के मछली मर कर बर्बाद हो गया जिससे मत्स्य पालक को भरी क्षति हुई। जिसको लेकर वीरपुर थाने में आवेदन भी दिया गया है।वहीं इस घटना को लेकर मंत्री मत्स्य जीवी सहयोगी समिति लिमिटेड बसंतपुर के बिहारी मुखिया ने वीरपुर थाने में बुधवार को अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायत की है। साथ ही इन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी भी कई बार इस तरह की घटना घट चुकी है और हमने वीरपुर थाने में घटी घटना के बारे में लिखित शिकायत भी की बावजूद आज तक कोई परिणाम निकल कर नहीं आया और अचानक मंगलवार की देर रात खुशी कपूर जलकर में अज्ञात लोगों के जहर डाल दिया गया जहां हजारों की संख्या में मछली मर कर बर्बाद हो गया है जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया है।हालांकि इस संबंध में जब बीरपुर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर दीनानाथ मंडल से मोबाइल पर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दिन 4 बजे तक आवेदन प्राप्त नहीं हुई है आवेदन प्राप्त होने के बाद जांच उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

### पद्मश्री भागीरथी देवी ने कुलपति से डॉ. बीरेन्द्र चौधरी प्रकरण में पुनर्विचार की मांग किया

**बेतिया(चौथी वाणी):** रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी ने गृह प्रखण्ड एवं नरकटियागंज अनुमंडलीय क्षेत्र स्थित तारकेश्वर प्रसाद वर्मा महाविद्यालय शिकारपुर में 31 जनवरी 2022 को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नियुक्त प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र चौधरी को हटाकर, 08 फरवरी 2022 को उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को भेजा गया है। विश्वविद्यालय ने एक सप्ताह में बिना किसी कारण के एक दलित शिक्षाविद को जो सारी योग्यता रखते हैं, को हटादिया गया। प्राचार्य पद से डॉ वीरेंद्र चौधरी को हटाना उचित नहीं है। भागीरथी देवी ने कुलपति को प्रेषित पत्र में लिखा है कि किसी दृष्टिकोण से यह न्यायोचित नहीं प्रतीत होता है।

### शाखा कमिटी की बैठक

**बेतिया (चौथी वाणी):** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पश्चिम चम्पारण के योगापट्टी प्रखण्ड के सेमरी शाखा कमिटी की बैठक का. पंचानन्द प्रसाद की अध्यक्षता में हुई । बैठक को बिहार राज्य सचिवमंडल सदस्य का.



प्रभुराज नारायण राव तथा जिला मंत्री का. चांदसी प्रसाद यादव ने बताया कि आज देश संकट से गुजर रहा है। किसानों को धोखा दिया जा रहा है । बेरोजगार नौजवानों को धोखा दिया जा रहा है। किसानों को एम एस पी का लाभ नहीं दिया जा रहा है। बेतिया से नवलपुर की सड़कें टूटी पड़ी है। चलना मुश्किल हो गया है। इसके खिलाफ संघर्ष के अलावे दूसरा कोई विकल्प नहीं ह । बैठक में का. पंचानंद प्रसाद , पारस बैठा, अफाल अंसारी, असगर साहब आदि शामिल थे।

### रेल पुलिस द्वारा संघन जांच के क्रम में विदेशी शराब संग कारोबारी गिरफ्तार

**बेतिया (चौथी वाणी):** रेलवे पुलिस ने संघन जाँच कर एक कारोबारी को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गाड़ी संख्या 05498 कोच संख्या16498



से विदेशी शराब संग सोनू कुमार केसरी पिता सुरेन्द्र प्रसाद साकिन बेला गोला हरिनगर के पास से रायल स्टेज 9और 8 ढ ट रेडिको व्हिस्की बोतल सिर्फ उत्तर प्रदेश विक्रय के साथ गिरफ्तार कर राजकीय रेल पुलिस नरकटियागंज लाया गया राजकीय रेल पुलिस नरकटियागंज द्वारा कांड संख्या 12/22 भारतीय संविधान के धारा 30 अ बिहार मद्य निषेध अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में उपस्थापना हेतु भेजा गया उक्त जानकारी राजकीय रेल पुलिस नरकटियागंज के थानाध्यक्ष संतोष कुमार के द्वारा दी गई।

# कोसी रेंज के DIG शिवदीप लांडे पहुँचे त्रिवेणीगंज,थाना का किया निरीक्षण,तीनों जिले के एसपी को दिए निर्देश

**त्रिवेणीगंज(चौथी वाणी)**:कोसी रेंज के डीआईजी शिवदीप वामनराव लांडे ने आज सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना का निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने थाना के हाजत समेत सभी चीजों का अवलोकन किया.उनके साथ सुपौल के एसपी डी अमरकेश भी मौजूद थे.



डीआईजी शिवदीप लांडे के पहुँचते ही कुछ फरियादी भी अपनी फरियाद लेकर त्रिवेणीगंज थाना पहुँचे.जहां उन्होने सभी फरियादीयों की समस्या को सुना.निरीक्षण के उपरांत डीआईजी शिवदीप वामनराव लांडे ने बताया कि यह एक रुटिंग प्रोसेस है थाना का इंस्पेक्शन वरीय पदाधिकारियों के द्वारा किया जाता है उसी क्रम में मैं यहाँ आया था।मेरे कोशी प्रक्षेत्र का यह पहला थाना है जिसका इंस्पेक्शन मेरे द्वारा किया गया है निरीक्षण के दौरान जो भी बातें सामने आई है उसका एक डिटेल रिपोर्ट जिले के एसपी के माध्यम से एसएचओ औ? एसडीपीओ को भेजा जाएगा औ? जो भी त्रुटियां जो मुझे लगी है वैसे तो मैं संतुष्ट हूँ थाना का काम अच्छा चल रहा है कुछ क्रिमिनल्स हैं जिनको चिन्हित किया गया है उनके बारे में एसएचओ को निर्देश दिया गया है साथ ही शराबबंदी से रिलेटेड जो भी कार्यवाई यहाँ पर हो रही है उसका एक रिव्यू लिया गया औ? पाया गया कि चौकीदारों का यहां पर काफी सहयोग रहा है उनसे भी स्पेशली मिला गया है। वही उन्होने बीते 24 घंटे में सुपौल जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र सुपौल सदर थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के समीप बीते सोमवार को सीएसपी संचालक से 3 लाख 90 हजार की लूट,प्रतापगंज थाना क्षेत्र में ढाई वर्ष की लड़की से रेप मामला में पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के थाना से फरार होने का मामला,छातापुर थाना क्षेत्र के लालगंज वार्ड नम्बर 4 में बरगद के पेड़ से लटकी मिली एक किशोरी की लाश औ? मंगलवार की सुबह जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज दतुआ में मकई के खेत में मिली युवती की लाश मामले पर सवाल पूछा गया तो कोशी प्रक्षेत्र के डीआईजी शिवदीप वामनराव लांडे ने कहा कि मुझे लगता है आपलोगों का नॉलेज थोड़ा अपडेट नहीं है सुपौल के प्रतापगंज में हुई घटना में अरेस्टिंग हुई थी।वास्तव में वह निकल गया था।अभी दुबारा पकड़ा गया है वह थाना में है रही लूट की घटना की तो उसमें भी उद्भेदन होगा क्योंकि मैं पीछे का परफॉर्मेंस देख रहा था।ग्यारह लूट कांड में से नौ लूट कांड का उद्भेदन हुआ है औ? जो एक बड़े नाम के लुटेरे यहाँ कार्यरत थे उनकी भी गिरफ्तारी हुई है औ? उनका भी नियमित मोनिटरिंग हो रहा है मुझे लगता है आपलोगों को अपना नॉलेज अपडेट करना चाहिए।इतना कहकर डीआईजी शिवदीप वामनराव लांडे का काफिला त्रिवेणीगंज थाना से निकला औ? गेट रुका उन्होंने फिर मीडिया कर्मियों को बुलाया औ? कहा कि सीएसपी संचालक के विषय में बोला गया है लेकिन उसके पास से जो छिनतई का मामला है वास्तव में बताना चाहता हूं कि उसके डिक्की में पैसा था।डिक्की से पैसा निकाला गया है मैं यहाँ पर दुबारा स्पेशली आपसे ये बताने आया हूँ कि सीएसपी संचालक जो है उसकी भूमिका भी एक बार जांच व परखनी करनी चाहिए।जबकि मैंने थाना प्रभारी से उस बारे में बात किया तो उनका भी यही कहना है कि पचास हजार रुपये ट्रांजेक्शन होता है औ?

कैश ले जाता है तो ले जाने के क्रम में थाना को सूचित करने के लिए कहा गया है थाना प्रभारी से गार्ड लेकर जाना चाहिए।दूसरी बात ये है कि सीएसपी संचालक जो रुपया लेकर जाते हैं वह रुपया इंश्योर्ड मनी होता है उनका इंश्योरेंस क्लेम मिलता है हमको इस आशंका के साथ भी देखना चाहिए कि अगर ये इंश्योर्ड मनी है तो सीएसपी संचालक का कोई घालमेल तो नहीं है कोई एक प्रोपर प्लानिंग के साथ तो नहीं है अभी एक वीडियो थाना प्रभारी ने दिखाया कि बाइक लगाया गया।बाइक की डिक्की सीएसपी संचालक के द्वारा खोली गई।उसके बाद किसी को फोन कर रहा है आ रहा है औ? वह पैसा निकाल रहा है तो अगर कुछ घटना होती है तो पुलिस सक्षम है उसका उद्भेदन करने में लेकिन अगर हाँ इस तरह से कोई रैकेट कर रहा है इस तरह से इंश्योर्ड मनी को किसी के साथ हाथ मिलाकर थाना को वगैर सूचना दिए सीएसपी संचालक काम कर रहे हैं औ? उसके बाद पुलिस से शिकायत करता है कि मेरे साथ घटना हुई है लूट हुई है तो हम व्यक्तिगत तौर पर तीनों जिले के एसपी को पर्सनली बोला है कि सीएसपी संचालक की भूमिका की भी जांच करनी चाहिए क्योंकि आपलोगों को भी पता होगा उनका जो पैसा होता है इंश्योर्ड होता है अगर घटना होती है तो पुलिस दमखम के साथ कार्यवाई करेगी लेकिन अगर ऐसी संदिग्धता मिलती है तो मेरा क्लियर कट इन्सटेक्शन है उसमें भी आपको सीएसपी संचालक के खिलाफ कार्यवाई करनी है इसके लिए कोशी प्रक्षेत्र के तीनों जिले के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया गया है।

## मैट्रिक की परीक्षा आज से शुरू, सारी तैयारी पूरी

**किसनपुर (चौथी वाणी ):** प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज से शुरू होने वाली मैट्रिक की परीक्षा में 1360 परीक्षार्थी सामिल होंगे। आज से आयोजित होने वाली मैट्रिक परीक्षा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जहां चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षा ली जाएगी। उक्त बातें विद्यालय प्रधान सह केंद्राधीक्षक डॉ राजीव कुमार ने बताया।



उन्होंने कहा कि 17 फरवरी से 24 फरवरी तक चलने वाली इस परीक्षा केंद्र पर 1360 परीक्षार्थी परीक्षा में सामिल होंगे। इस केंद्र पर प्रथम पाली में 05 एवं द्वितीय पाली में चार स्कूल के छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।बताया कि प्रथम पाली सुबह 09.30 बजे से 12.45 बजे तक तथा द्वितीय पाली 01.45 बजे से 05 बजे तक होगा। जहां परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले तक परीक्षा भवन में प्रवेश दिया जाएगा। उसके बाद परीक्षा भवन में प्रवेश पर रोक लगा दिया जाएगा। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए विभागीय स्तर से सीसी टीवी कैमरा, वीडियो ग्राफी की व्यवस्था की गई है। जहां तीसरी आंख के साथ वीडियो ग्राफी के द्वारा निगरानी किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा भवन के चारो तरफ ऊंची दीवार का घेरा किया हुआ है। परीक्षा केंद्र पर उप केंद्राधीक्षक बुद्धदेव पासवान के अलावे 06 कार्यालय सहायक, 02 मोबाइल एप कर्मी परीक्षा कार्य मे सहयोग करेंगे। इस परीक्षा केंद्र पर 56 वीक्षक वीक्षण कार्य करेंगे। जोनल दंडाधिकारी के रूप में भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुनील कुमार रंजन एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में मुकेश कुमार होंगे। गस्ती दल में आरडीओ अजीत कुमार, पुलिस बल के साथ पुलिस केंद्र से पीएसआई सुमित कुमार, वरीय एस्टेटिक मजिस्ट्रेट राजस्व अधिकारी रविकांत कुमार, कनीय एस्टेटिक मजिस्ट्रेट बीसीओ सिकन्दर कुमार होंगे।वहीं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर पुलिस का पुख्ता व्यवस्था रहेगा। केंद्र के चारो तरफ पुलिस का पहरा रहेगा। चाकचौबंद व्यवस्था रहने के कारण परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था का भी चाकचौबंद व्यवस्था किया गया है।

## अचानक आग लगने से 4 घर सहित लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**त्रिवेणीगंज (चौथी वाणी) :** थाना क्षेत्र के महेशुआ पंचायत के पकड़ी वार्ड नम्बर 18 में बुधवार की देर रात अचानक आग लगने से चार घर सहित लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।आग लगने की जानकारी मिलने स्थानीय मुखिया निधि कुमारी ने त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष औ? दमकल कर्मियों को दिए जिसकी सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।महेशुआ पंचायत की जनप्रतिनिधि होने के नाते मुखिया निधि कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महेशुआ पंचायत के पकड़ी वार्ड संख्या 18 में बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भीषण आग लग गई। आग कैसे लगी इसकी पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाई है थानाध्यक्ष और अग्निशामक विभाग दोनों को फोन पर जानकारी देकर दमकल कर्मियों को बुलाया गया तब जाकर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब



तक स्थानीय निवासी मोहम्मद खलील का आवासीय घर सहित घर में रखे कपड़ा,राशन के सामान और तीन बकरी पूरी तरह जल कर राख हो गया।किसी तरह लोगों की जान तो बच गयी मगर लगभग पाँच लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई है काफी नुकसान हुआ है साथ ही आग इतना तेज था कि बगल के घर में भी आग लग गई।

## एसडीएम द्वारा किया गया अस्पताल का औचक निरीक्षण,बिचौलिए को दिए हिदायत

**त्रिवेणीगंज (चौथी वाणी) :** बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज का अनुमंडल पदाधिकारी एसजेड हसन ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि चुकि अब कोविड खत्म हो गया है ऐसी परिस्थिति में अस्पताल में मरीजों की आवाजाही बढ़ गयी है बंध्याकरण ऑपरेशन का भी काम चल रहा है बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन ओवर हो जा रहा है चुकि बहुत दिन से ऑपरेशन नहीं हुआ है लोगों की भीड़ बढ़ जा रही है जो



क्षमता इस अस्पताल की है जैसा कि स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया है कि 25 लोगों के बंध्याकरण ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है मंगलवार को 77 लोगों का पंजीयन हो गया था औ? बुधवार को फिर 33 लोगों का पंजीयन हो गया है जैसा कि बताया जा रहा है मंगलवार को 77 पंजीकरण में से 30 लोगो का बंध्याकरण का ऑपरेशन हुआ था अब उसको लिमिट कर दिया गया है मंगलवार औ? बुधवार का पंजीयन होने के बाद जिनका बंध्याकरण का ऑपरेशन नहीं हो पाया है उनका बंध्याकरण का ऑपरेशन अगले दिन होगा।जब तक ये पूरा बैकलॉग खत्म हो जाएगा।उस दिन से 25 से अधिक लोगों का बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए पंजीकरण नहीं करना है औ? जिनको बंध्याकरण का ऑपरेशन कराना है वह सीधा आयेंगे।किसी बिचौलिया औ? अन्य किसी के साथ नहीं आयेंगे।शिकायत मिली है कि बिचौलिए के माध्यम से पंजीयन कराया जाता है जिसको लेकर अस्पताल के ऑपरेटर को निर्देश दिया गया है अगर इस तरह की शिकायत मिलती है कि बिचौलिया इत्यादि कोई भी पकड़ाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी।इस दौरान सभी कर्मियों को भी सख्त हिदायत दी गयी है।

## ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की हुई मौत

**त्रिवेणीगंज (चौथी वाणी) :** थाना क्षेत्र के बघला कुमियाही सड़क मार्ग पर गैस एजेंसी गोदाम के समीप मंगलवार की सुबह दस बजे के आसपास ट्रक और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना में जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के राजपुर गाँव निवासी अमरेन्द्र कुमार का 21 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार त्रिवेणीगंज से अपनी पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने नाना थाना क्षेत्र के जरेला वार्ड नम्बर 6 निवासी शोभाकांत यादव के घर जा रहे थे। सामने से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार कर घायल कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जख्मी युवक को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।जहाँ ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर उमेश कुमार मंडल ने बताया के जख्मी युवक की स्थिति नाजुक है इनको समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल रेफर किया गया है लेकिन सुपौल पहुंचने से पहले ही जख्मी युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया तथा मृतक के मामा रंजीत



कुमार ने बताया कि मेरे यहां अष्टयाम चल रहा था। अष्टयाम में सम्मलित होने के लिए मेरा भांजा 2 दिन पहले ही अपने गांव से मेरे यहां आया हुआ था और आज सुबह आठ बजे किसी कार्य को लेकर त्रिवेणीगंज बाजार गया हुआ था। बाजार से लौटने के क्रम में बघला एवं कुमियाही मार्ग पर यह घटना घट गई और अपने भांजा को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल से सुपौल ले जाने के क्रम में रास्ते में इनकी मृत्यु हो गई। इस बाबत त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## अस्पताल प्रबंधन के गलती के चलते हरि का मौत हुआ है :स्थानीय ग्रामीण का आरोप

**किशनपुर (चौथी वाणी):** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेहासिमर पंचायत के मधुरा गांव निवासी हरी लाल यादव के प्रखंड अंतर्गत एनएच 327 ए पर चांदपीपर गांव के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से हुए घायल के बाद बेहतर इलाज के लिए सुपौल सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गया था जिसमें जैसे ही हरी का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया मंगलवार को जब स्थानीय ग्रामीण मृतक के घर पहुंचे तो लोगों का आक्रोश सातवें आसमान पर था लोगों का कहना था कि अस्पताल प्रबंधन के गलती के चलते हरि का मौत हुआ है अगर जब समय पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया जाता तो आज इनका मौत नहीं होता अस्पताल प्रबंधन इस मौत का जिम्मेदार है जिस पर 302 का मुकदमा दर्ज होना चाहिए उनके लापरवाही से जो आज इस व्यक्ति का मौत हुआ है अभी इस परिवार का एकलौता कमाई पूत का मौत हुआ है तो इस परिवार का अब भरण पोषण कौन करेगा आक्रोशित लोगों ने लाश को एनएच 327 ए पर लाकर सड़क जाम करने का मन बना रहा था तब तक पंचायत के मुखिया अमृता कुमारी ने मृतक के घर पहुंच कर परिजन को अविलंब आपदा कोष से राशि उपलब्ध कराने व संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के ऊपर कार्रवाई कराने का भरोसा दिलवाया तब लोग माने और शव का अंतिम संस्कार किया इस दौरान लोगों ने बताया कि मृतक के तीन संतान में 2 पुत्र व एक पुत्री है इस संबंध में थाना



अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का सुपौल सदर अस्पताल जाने के क्रम में मौत हो गया जिसका पोस्टमार्टम करवा कर सब परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है वही परिजनों के द्वारा आवेदन के बाद जल्द ही सरकार की ओर से मिलने वाली राशि दी जाएगी वही पीएचसी प्रभारी डॉक्टर अभिषेक कुमार के माने तो पीएचसी में तैनात एंबुलेंस बीते चार दिनो से खराब था जिसका सूचना पत्राचार के माध्यम से सीएस को बीते 12 फरवरी को ही दे दिया गया था जिसमे एम्बुलेंस 11 फरवरी को ही सुपौल गैराज मे ठीक होने के लिए दिए हुए है।

## राजद कार्यकर्त्ता उग्र प्रदर्शन को मजबूर होंगा : पूर्व विधायक

**किशनपुर (चौथी वाणी):** सोमवार को चांदपीपर के निकट एनएच 327ए पर सड़क दुर्घटना में घायल ब्याक्ती का सदर अस्पताल जाने के क्रम मे हुए मौत का ठिकड़ा राजद के राष्ट्रीय सचिव ने अस्पताल प्रबंधन पर फोड़ा है। इस सम्बंध में राजद के राष्ट्रीय सचिव यदुवंश कुमार यादव ने कहा कि विभिन्न दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के मधुरा निवासी निवासी 50 वर्षीय हरिलाल यादव के सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के ठोकर गम्भीर रूप से जख्मी अवस्था में प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र किसनपुर लाने पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लेकिन अस्पताल में एम्बुलेंस नहीं रहने से करीब आधे घंटे तक इंतजार के बाद लोगों के द्वारा पीकअप गाड़ी से सदर अस्पताल भेजा गया। जहां



सदर अस्पताल पहुंचते हीं चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते घायल को सदर अस्पताल ले जाया जाता तो शायद जान बच सकती थी। लेकिन अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं रहने के चलते जख्मी व्यक्ति का जान चली गई। यदि अस्पताल का एम्बुलेंस खराब था तो अस्पताल प्रबंधन को एम्बुलेंस वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए था। लेकिन लापरवाह अस्पताल प्रबंधन के चलते उक्त जख्मी व्यक्ति को अपने जान से हाथ धोना पड़ा। मैं इस कुव्यवस्था का घोर निंदा करता हूं और उच्चाधिकारियों से मांग करता हूं की इसमें दोषी पाए जाने वाले कर्मी के ऊपर कठोर कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजन को सरकार से मिलने वाली सहायता तीन दिनों के अंदर दें नहीं तो राजद कार्यकर्त्ता उग्र प्रदर्शन को मजबूर होंगा।

संक्षिप्त खबरें

## सेवा निवृत प्रधानाध्यापक की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई

**शेरघाटी(चौथी वाणी)** गुरुआ प्रखंड के अतोपुर गांव में बुधवार को पूर्व मुखिया सह सेवा निवृत प्रधानाध्यापक जवाहर प्रसाद की पांचवी पुण्य तिथि मनाई



गई। इसका शुभारम्भ कपुरा देवी,शिक्षक कुमुद रंजन, लखन सिन्हा, प्रोफेसर अरविंद कुमार, अनिता कुमारी,कलावती कुमारी, कुंदन कुमार आदि लोगों ने संयुक्त रुप से उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर मनाया गया। इस मौके पर जरुरतमंद करीब पचास लोगो के बीच कम्बल वितरण किया गया। इसके अलावे सैकडो स्कूली छात्र-छात्राओ के बीच कौपी-कलम आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर दीपनारायण प्रसाद, शत्रुधन प्रसाद,रामानंद प्रसाद, पंचम कुमार, चंदन कुमार, जद-यू नेता नीतीश कुमार, रंजीत कुमार, रघुवीर प्रसाद, रमेश कुमार,कृष्णा प्रसाद आदि मौजूद थे।

## बिकुआकला में मनाया गया संत रविदास की 645 वीं जयंती

**मैगरा (चौथी वाणी)।** श्री श्री संतशिरोमणि रविदास के 645 वीं जयंती पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के द्वारा मैगरा के रविदास आश्रम बिकुआकला में रविदास जयंती का आयोजन किया। मौके पर सभी ने रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।प्रताप दास ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास मध्य काल के भक्ति आंदोलन के रहस्यमयी कवि संत थे। मीरा बाई के भी वे गुरु थे।वे चमत्कारी पुरुष थे।उन्हीं का कथन था कि "मन चंगा तो कठौती में गंगा" आज से लगभग सात सौ साल पूर्व ये जात-पात, रुढ़ीवादिता, ढकोसला, ब्राह्मणवाद आदि के खिलाफ जंग छेड़े थे। मौके पर कई गणमान्य उपस्थित थे।

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय के निरीक्षण दल ने किया विभिन्न कालेजों का दौरा

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत छपरा जिले में संबद्धता के लिए आवेदन करने वाले कालेजों की जांच विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच दल द्वारा की गई। मंगलवार को छपरा जिले के सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत आवेदन करने वाले कालेजों की जांच की गई। इसी क्रम में सोनपुर के पंडित उज्ज्वल मिश्र कॉलेज, सिपाही सिंह गोपाल गिरी कॉलेज सहित कई कालेजों की जांच की गई। संबद्धता के लिए बिहार सरकार के पोर्टल और जयप्रकाश विश्वविद्यालय में आवेदन करने वाले



कालेजों की जांच विश्वविद्यालय द्वारा गठित टीमों द्वारा की जा रही है। आवेदन करने वाले छपरा, सीवान एवं गोपालगंज जिला के कॉलेजों के कागजात की जांच और उपलब्ध संसाधनों के भौतिक जांच के लिए दो अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। छपरा जिले वाली टीम के संयोजक विज्ञान डीन प्रो. उदय अरविंद, विश्वविद्यालय के सीसीडीसी प्रो. हरिश्चंद्र, नोडल ऑफिसर प्रो. सरफराज और सहायक राजेश पाण्डेय शामिल हैं। यह टीम प्रतिदिन कई कालेजों का निरीक्षण कर रही है। टीम द्वारा कालेजों के दस्तावेज तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं सहित भूमि, भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल मैदान आदि की जांच की जा रही है। विश्वविद्यालय के पीआरओ ने बताया कि जिन कालेजों ने आवेदन किया है, उनके दस्तावेज की जांच और भौतिक सत्यापन के बाद कमिटी अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपेगी। इसके बाद इस रिपोर्ट को विश्वविद्यालय के सीनेट सहित विभिन्न विधायी निकायों में रखा जाएगा। वहां से इसके पारित होने के बाद बिहार सरकार को एतदनुसार अनुशंसा भेज दी जाएगी।

## चिकित्सा सुविधा हेतु 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत

**चौथी वाणी/दिघवारा (सारण)।** सांसद राजीव प्रताप रूडी की अनुशंसा पर दरियापुर प्रखंड के ग्राम - सरैया थाना- दरियापुर निवासी देवकुमार सिंह के पुत्र वधु को गंम्भीर बीमारी के इलाज के लिए मिला मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 80000 रुपया की सहायता राशि इलाज के लिए स्वीकृत हुई। स्वीकृत राशि पत्र सांसद के निर्देश पर पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह आदि भाजपा कार्यकताओं के द्वारा घर पर जाकर सौंपा गया।

## कौरुधौरु पंचयात में बने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र व शिशु पार्क को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु प्रशासन ने केंद्र को भेजा

**चौथी वाणी/मांझी/सारण (संजय कुमार पाण्डेय)।** सारण जिला प्रशासन ने मांझी प्रखंड के कौरुधौरू पंचायत स्थित गुदाहाँ खुर्द में मनरेगा योजना से बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र तथा शिशु पार्क को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित कर अनुमोदन के लिए केन्द्र सरकार को भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए कौरु धौरू पंचायत की मुखिया बीना देवी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र को बिहार सरकार के पोर्टल पर पहले ही विशिष्टता के आधार पर अनुबंधित व अनुमोदित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लगभग 17 लाख



की लागत से बने शिशु पार्क व आंगनबाड़ी केन्द्र को नमूना की तरह प्रस्तुत किया गया है। बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक विकास को ध्यान में रखकर किये गए इस निर्माण में दीवाल पर अल्फाबेटिकल पढ़ाई की व्यवस्था के साथ साथ अत्याधुनिक तरीके से बनाया गया शिशु पार्क तथा दीवार पर पशु पक्षी आदि की आकर्षक तस्वीर व विभिन्न प्रजाति के फूलों से पटे शिशु पार्क में खेल कूद के उद्देश्य से लगाई गई तकनीकी व्यवस्था को अनूठा प्रयास बताते हुए जिला प्रशासन ने इसे मानक मानकर इसी मॉडल पर जिले के प्रत्येक पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र सह शिशु पार्क के निर्माण का आदेश निर्गत कर दिया है। मुखियापति उदय शंकर सिंह ने कहा कि स्थानीय उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप वर्षों से डम्प किये गए कचड़े के ढेर पर निर्मित इस प्रयोग को केन्द्र सरकार द्वारा नेशनल अवार्ड के लिए नामित किया जाता है तो यह एक मिशाल बनेगा। पंचायत वासियों को नेशनल अवार्ड के लिए अनुमोदन से उत्साह की लहर है। सारण के डीडीसी अमित कुमार तथा मनरेगा डीपीओ राजेश कुमार की प्रेरणा से इसे मूर्त रूप दिया जा सका है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पंचायत के गुदाहाँ कला गांव में निर्मित मनरेगा भवन के समीप प्रस्तावित पंचायत सरकार भवन तथा प्रसिद्ध दह पुरैना के किनारे पर एक एकड़ में अत्याधुनिक पार्क तथा पांच एकड़ में अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न व मतस्य पालन के लिहाज से हरियाली युक्त तालाब के उत्खनन व सौंदर्यीकरण पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। इस कार्य के लिए सारण के डीएम राजेश मीणा व स्थानीय विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव भी बेहद उत्सुक हैं।

# माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर फल्गु महाआरती

**गया (चौथी वाणी)** शहर के देवघाट स्थान विष्णुपद में बुधवार को माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संध्या 6 बजे फल्गु सेवा समिति के बैनर तले अध्यक्ष केशव लाल की अध्यक्षता में पांच निपुण गयापाल के द्वारा भव्य फल्गु महाआरती की गई। जिसमें ब्राह्मण रंगनाथ बिठल, बलदेव गायब, रोहित पाठक, मानस व मंगल गुर्दा के द्वारा भव्य फल्गु महाआरती किया गया। हिन्दू धर्म मे धार्मिक दृष्टिकोण से माघ मास को विशेष स्थान प्राप्त है, भारतीय संवत्सर चांद्रमास का ग्यारहवा और सौर मास का यह दसवां मास है मघा नक्षत्र से



युक्त होने के कारण इसका नाम माघ पड़ा, माघ पूर्णिमा पर भगवान नारायण क्षीरसागर में निवास करते है। यह पवित्र फल्गु नदी के रूप स्वयं गदाधर नारायण द्रव्य रूप में अवस्थित है। पूर्णिमा के दिन श्री फल्गु नदी में स्नान पूजन, यजन भजन, कीर्तन आरती करने से कोटि गौदान करने का फल प्राप्त होता है। सम्पूर्ण भारतवर्ष के कल्याण हो इसी उद्देश्य से यह महाआरती निरंतर की जा रही है। इस आयोजन के उपरांत महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। इसकी जानकारी मिडिया प्रभारी छोटू बारिक जी ने दिया?।

## जीपीडीपी की द्वितीय व अंतिम बैठक का आयोजन किया गया

**छातापुर (चौथी वाणी):** मुख्यालय पंचायत भवन छातापुर में बुधवार को जीपीडीपी की द्वितीय व अंतिम बैठक का आयोजन किया गया, मुखिया बीवी साजदा खातुन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न वार्डों के वार्ड सदस्य व ग्रामीण सामिल हुए, बैठक के दौरान पंचायत के विकास की विभिन्न योजनायें ली गई और जन समस्याओं को सुचिबद्ध किया गया, बैठक में सामिल ग्रामीणों ने कई विभागों से जुड़े अपनी अपनी शिकायतों की झडी लगा दी, जिसके कारण यह जीपीडीपी की बैठक जनता दरवार में तब्दील हो गया, मनरेगा मजदूरी भूगतान नहीं होने, कोई भूमिहीन रहने तो कोई आवास का लाभ नहीं मिलने की शिकायत लेकर आया, बैठक से अधिकांश विभागों के कर्मियों के अनुपस्थित रहने के कारण समस्याओ को सुचिबद्ध करने तथा स्थितिगत जानकारी मिलने में परेशानी हुई, मुखिया बीवी साजदा खातुन ने बताया कि बैठक में प्राप्त समस्याओ के समाधान हेतू संबंधित विभाग को अग्रसारित किया जाएगा, वहीं तैयार कार्य सुचि पर विभिन्न मद से योजनाओ का कृयान्वयण सुनिश्चित की जाएगी, पंचायत सचिव मो हन्नान ने बताया कि सबकी योजना सबका विकास के तहत जीपीडीपी की बैठक की गई, बैठक में प्रस्तावित योजनाओ की सुचि तैयार कर ली गई है, कार्य



योजना को अनुमोदन के लिए प्रखंड कार्यालय को भेज दिया जाएगा, अनुमोदन पश्चात वित्तीय वर्ष 2022-23 में योजनाओ का कार्यान्वयन कराया जाना है, बैठक में मुखिया पति मकशुद मसन, उपमुखिया संजीव कुमार सहनी, ग्रामीण आवास सहायक नीरज कुमार चौधरी, जीविका के रवि प्रकाश, मनरेगा कर्मी आदि मौजूद थे

## कालाजार उन्मूलन को लेकर ग्रामीण डॉक्टरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**किशनपुर (चौथी वाणी):** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचसी परिसर में मंगलवार को कालाजार उन्मूलन को लेकर ग्रामीण डॉक्टरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पीएचसी प्रभारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें प्रखंड के विभिन्न जगहों से आए ग्रामीण चिकित्सकों को पीएचसी प्रभारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया बैठक में उपस्थित पीएचसी प्रभारी ने कहा कि कालाजार एक खतरनाक एवं जानलेवा बीमारी है जो लिसमैनिया डोनोवाणी नामक परजीवी से होता है एवं जिसका प्रसार संक्रमित बालू मक्खी द्वारा होता है यह परजीवी मनुष्य के रक्त तिल्ली एवं जिगर में पनपता है यदि बालू मक्खी किसी कालाजार रोगी को काटने के पश्चात किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटती है तो परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के अंदर प्रवेश कर जाता है इस प्रकार यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैलता है इस बीमारी का लक्षण है दो हफ्तों से ज्यादा बुखार जो मलेरिया या किसी भी एंटीबायोटिक दवा से ठीक ना हो रहा हो इसके अलावा तिल्ली एवं जिगर का बढ़ जाना रक्त की कमी वजन में गिरावट एवं भूख न लगना जिसका जांच व उपचार है की यदि किसी भी व्यक्ति में कालाजार के उक्त लक्षण दिखाई दे तो रक्त की जांच के लिए



उसे निकटतम सरकारी स्वस्थ केंद्र पर निशुल्क होगा कालाजार रोगी का उपचार चुने हुए सरकारी अस्पताल एवं स्वस्थ केंद्र में निशुल्क किया जाता है यह उपचार एम्बीजोम दवा द्वारा एक ही दिन में पूरा हो जाता है इसके रोकथाम के लिए रोग फैलाने वाले बालू मक्खी को ससमय नष्ट करने हेतु सरकार द्वारा वर्ष में दो बार घर-घर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाना है कालाजार के संदिग्ध रोगी का खोज कर ससमय जांच एवं उपचार करवाना जरूरी है उन्होंने कहा कि डीकेडीएल मरीज की पहचान व उपचार के लिए डीकेडीएल कालाजार के कीटाणु से होने वाला चमड़ी की बीमारी है मरीज के शरीर के हिस्से में सिहुली जैसा सफेद दाग धब्बा या गांठ हो जाता है जो पहले कालाजार का मरीज रह चुका है इस तरह के मरीज पीकेडीएल से ग्रसित हो सकता है उपचार हेतु मरीज को डपसजमविपदम की गोली 84 दिनों तक खानी पड़ती है एवं उपचार के दौरान मरीज को भारत सरकार द्वारा 4 हजार रूपए की श्रम क्षतिपूर्ति राशि भी दी जाती है राजेश कुमार,उदय शंकर,संजीव कुमार,धीरेन्द्र कुमार यादव,राजेंद्र प्रसाद दास,अखिलेश कुमार,अरुण कुमार, रमण कुमार, चंदन कुमार,गुलाब प्रसाद यादव,पप्पू कुमार,उमेश कुमार, धनराज यादव,हशन राजा आदि मौजूद थे।

## टीसीपी भवन मे विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित

**वीरपुर(चौथी वाणी):** बसन्तपुर प्रखंड प्रमुख तरुण राम की अध्यक्षता में मंगलवार को टीसीपी भवन बसन्तपुर में प्रखंड क्षेत्र के निर्वाचित पंचायत समिति के सदस्य, मुखिया एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।नव निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ आयोजित पहली बैठक को संबोधित करते हुए बसन्तपुर आरडीओ कुमार मनीष भारद्वाज ने प्रखंड क्षेत्र के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि बसन्तपुर के जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का गौरवशाली अतीत रहा है। हम चाहेंगे कि यह परंपरा आगे भी कायम रखने की जिम्मेदारी हम सभी निभाये।उनका कहना था कि ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में कार्य करने की नई जिम्मेदारी पंचायत प्रतिनिधियों को इस बार दी गयी है। इसके लिए जिला स्तर पर पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।आप सभी योजनाओं के सम्बंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें।उसके बाद ही कार्य करें।वार्ड सदस्यों को भी इन्वॉल्व किया गया



है।उनको भी कार्य योजना में सम्मिलित करें।तभी योजना धरातल पर उतर सकेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत में जो जल निकासी के लिए नाला बने उसकी बेहतर कनेक्टिविटी होनी चाहिए।वरना नाला बनाने का मकसद पूरा नही हो सकेगा। पीओ मनरेगा ने प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा की बीते एक साल में मनरेगा की ओर से पीएम आवास योजना के अंतर्गत 05 हजार लाभुकों के बीच मनरेगा की ओर से मजदूरी राशि के रूप में उपलब्ध कराई गई है।आज के दौड़ में सभी योजना ऑन लाईन के माध्यम से की जा रही है।मेनुवल आज कुछ भी नहीं हो सकता है।इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को धैर्य रखने की जरूरत है।मिट्टी भराई आदि का काम अभी भी विभिन्न पंचायत में की जा रही है।हमारी कोशिश होती है कि मजदूरों का समय से मजदूरी

## मंडल संसदीय समिति की बैठक में सोनपुर रेल मंडल के विकास हेतु लिए गये कई निर्णय

**चौथी वाणी/दिघवारा/सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)।** सोनपुर में आज मंडल संसदीय समिति की बैठक सोनपुर में रेल प्रबंधक के सभागार में संपन्न हुई सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी की अध्यक्षता हुई। इस बैठक में पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल के क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले 13 सांसदों में से वैशाली सांसद वीणा देवी, मुजफ्फरपुर सांसद अजय निषाद, खगड़िया सांसद महबुब अली कैसर, समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर के साथ सोनपुर विधायक रामानुज प्रसाद और अमनौर विधायक मंटू सिंह भी उपस्थित थे। उच्चाधिकारियों के साथ इस बैठक में जो सांसद उपस्थित नहीं हुए उनके प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। यह बैठक तीन घंटे तक चली। बैठक में कई लंबित मामलों पर सांसदों ने असंतोष व्यक्त किया जिनपर पिछली बैठक पर चर्चा हुई और उन परियोजनाओं को पूरा करना था। अपूर्ण परियोजनाओं के संदर्भ में समिति के अध्यक्ष रुडी ने रेलवे अधिकारियों को कई निर्देश दिये और समय पर काम पूरा करने को कहा।

सांसद रुडी ने कहा कि इस समिति की अगली बैठक अप्रैल माह में होगी जिसके तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी। इस बैठक में हुए निर्णयों के आधार पर प्रगति प्रतिवेदन भी अगली बैठक में रखा जायेगा और उसकी समीक्षा होगी। बैठक में सभी की सहमति से केंद्रीकृत प्रणाली से जुड़े सीसीटीवी कैमरा का नेटवर्क सोनपुर मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर लगाये जाने का निर्णय भी हुआ जिसे सभी सांसद अपने मोबाइल या आइपैड पर देख सकेंगे और उसकी समीक्षा कर सकेंगे। सांसद ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान देश में कई ट्रेनों के संचालन को स्थगित किया गया था तो कई ट्रेनों को सीमित दूरी तक चलाया जा रहा था। इसी के अंतर्गत सोनपुर मंडल के अंतर्गत चलने वाली कई ट्रेनों को भी स्थगित या सीमित किया गया। इसके लिए यह निर्णय लिया गया कि अधिकारियों के साथ गाड़ियों की समीक्षा सांसद करेंगे और ऐसी ट्रेनों को शीघ्र ही पुनः बहाल किया जायेगा। सांसदों ने इस बात पर गहरा असंतोष व्यक्त किया कि टिकट व अन्य माध्यम से अत्यंत कम राजस्व जहां रेलवे को मिलता है वैसे छोटे स्टेशन पर भी गाड़ियों का ठहराव है परन्तु अधिक आमदनी देने वाले कई स्टेशनों से ट्रेने पार कर जाती है वहां उनका अधिकृत ठहराव नहीं है। समिति के अध्यक्ष रुडी ने कहा कि ऐसे स्टेशनों पर गाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित कराना उचित है। रेलवे अधिकारियों के सामने रेलवे के कस्टमर केयर नंबर 139 की विफलता को सांसद रुडी ने व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित कर दिखाया। इससे वहां उपस्थित तमाम उच्चाधिकारी हतप्रभ रह गये और तब सांसद रुडी ने कस्टमर केयर का नं कई बार डायल किया पर किसी भी टेली कॉलर से यह न तो कनेक्ट हुआ और न ही कोई प्रत्युत्तर आया जबकि, फोन से कॉल का रेट 2 रूपया कट भी गया। इस प्रकार सांसद रुडी ने यह प्रदर्शित किया कि इसी प्रकार आम यात्री कॉल करते है उसका पैसा भी फोन से कट जाता है और उनकी समस्या का भी समाधान नहीं हो पाता है।

## पटना रिंग रोड से जुड़ेगा मुजफ्फरपुर, बनेगी नई फोर लेन हाईवे, जानिए रूट

**चौथी वाणी/दिघवारा/सरण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)।** पटना से हर शहर और हर जिले की बेहतर कनेक्टिविटी हो और पटना तक बिहार के हर जिले और हर शहर के लोग बिना जाम की समस्या के आ जा सकें, इसको लेकर कई बड़ी परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। जहां पर गंगा नदी पर कई बड़े-बड़े महासेतु का निर्माण हो रहा है।



इसी बीच पटना रिंग रोड का विस्तार अब मुजफ्फरपुर तक होगा दरअसल पटना रिंग रोड से शेरपुर दिघवारा महासेतु होते हुए मुजफ्फरपुर तक फोरलेन रोड बनाने की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। दरअसल आपको बता दूं कि पटना रिंग रोड से शेरपुर दिघवारा महासेतु होते हुए मुजफ्फरपुर तक फोरलेन हाईवे बनेगा।

केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिघवारा से सोनहो एनएच 102 तक लगभग 25 किलोमीटर ग्रीन फील्ड एलाइनमेंट के लिए फीजिबिलिटी अध्ययन अभी फिलहाल कराया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा वजह है कि वर्तमान में जो रूट है उसको चौड़ीकरण करने के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। इस वजह से पूर्ण रूप से नई सड़क का निर्माण किया जाएगा।

**जानें रूट:** इस ग्रीन फील्ड हाईवे की रूट की बात करें तो यह सड़क छपरा से मुजफ्फरपुर हाईवे में मिलेगा। वही दिघवारा से शेरपुर महासेतु से शेरपुर की तरफ यानी पटना की ओर में शेरपुर कन्हौली पटना रिंग रोड का हिस्सा होगा यह हाईवे। आपको बता दूं इस हाइवे के लिए छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया था। जिसके बाद यहां पर ग्रीन फील्ड एलाइनमेंट यानी कि पूरी तरह नई सड़क के एलाइनमेंट पर काम शुरू हो गया है।

## लालू प्रसाद को दोषी करार होने पर राजद कार्यकताओं में मायूसी

**चौथी वाणी/छपरा/दिघवारा (सारण)।** डोरंडा कोषागार मामले में राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव को सीबीआई कोर्ट द्वारा दोषी करार देने पर सारण जिला के राजद कार्यकताओं में मायूसी छा गई है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने देश की एनडीए सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से न्यायालय सीबीआई ईडी और चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्थाओं की स्वतंत्रता समाप्त हो गई है। नरेंद्र मोदी सरकार इन एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर देश के प्रमुख विरोधीदलों के नेताओं को जेल भिजवाने का काम कर रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद सुप्रीमो द्वारा समाज के शोषित पीड़ित वंचित एवं उपेक्षित वर्ग के लोगों को हक दिलवाना एनडीए नेताओं को नागवार गुजरा, जिसका खामियाजा वे आज भुगत रहे हैं। राजद सुप्रीमो पशुपालन घोटाले में पूरी तरह निर्दोष हैं, उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। वहीं दिघवारा में भी राजद कार्यकताओं के अंदर मायूसी छाई हुई है। जगह जगह सीबीआई कोर्ट द्वारा लालू यादव को दोषी करार दिए जाने की चर्चा हो रही है। राजद के प्रखंड अध्यक्ष बिंदेश्वरी पासवान कोर्ट के फैसले के बारे में कहा कि हम कोर्ट का सम्मान करते हैं लेकिन यह पिछड़े गरीब दलितों एवं अल्पसंख्यकों के हित में आवाज उठाने वाले मसीहा जो निर्दोष था को इसमें फंसाया गया। राजद के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शब्बीर हुसैन ने कहा कि हम सभी कोर्ट के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में जाएंगे ।

## खबरें एक नजर में

### राम चरित्र मानस महायज्ञ में शामिल हुए पूर्व विधायका



**सोनो (चौथी वाणी)।** सोनो प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गंदर पंचायत के कटावत गांव में हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नौ दिवसीय राम चरित्र मानस महापुराण महायज्ञ का आयोजन किया गया, इस मौके पर उपस्थित चकाई विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व विधायक श्रीमती सावित्री देवी ने यज्ञ मंडली में पहुंचकर मंगलवार को उन्होंने माथा टेका और अपने क्षेत्र वासियों की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ आयोजन होने से शांति मिलती है,। जहां भगवान की गुनगान होती है। उनकी गुनगान की आवाज जहां तक सुनाई पड़ती है वहां तक के लोगों की खुशहाली आती है। इस यज्ञ में अयोध्या से पधारे साध्वी मूर्ति के मीठी वाणी से यज्ञ कथा की जाती है और श्रद्धालुओं इनकी मीठी वाणी से भगवान की गुणगान को सुनकर भक्ति में जय जय कार के नारे गुंज रहें हैं। यज्ञ कमिटी के द्वारा पूर्व विधायक श्रीमती सावित्री देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक कपिल देव प्रसाद माथुरी, समाजसेवी रंजीत यादव, शिक्षाविद मुकेश कुमार यादव, समाजसेवी ब्रह्मदेव यादव, रोहित कुमार,बरूण मंडल समेत कमिटी के सभी सदस्य व प्रबुद्ध लोग मौके पर उपस्थित थे।

### अलीगंज बाजार मे नासुर बनीं जाम की समस्या

**अलीगंज (चौथी वाणी)।** अलीगंज बाजार में जाम की समस्या दिनोंदिन नासुर बनती जा रही है। हर रोज जाम लगने के कारण जनता हलकान होने को विवश है। हर रोज-रोज जाम की समस्या से हलकान जनता को राहत प्रदान करने के मामले मे एक तरफ जहाँ प्रशासन उदासीन है। वहीं जनप्रतिनिधियों पर इसका कोई प्रभाव नही है इसका परिणाम जनता को झेलना पडता है मंगलवार को अम्बेडकर चौक से लेकर पंप तक घंटो जाम लगा रहा। चौक पर जाम मे फसे लोग नाकाम सिस्टम को लेकर प्रशासन के कार्यकलाप को कोसते रहे आलम यह रहा कि एक मिनट की दुरी घण्टे मे तय करनी पडी ।बाईक सवार से लेकर पैदल राहगीर पतली गली मे अपनी राह तलाशते हुए नजर आए। इसके पीछे का कारण सडक पर फुटपाथी दुकानदारो का कब्जा, अतिक्रमण से सिकुडी सडकें, बेतरतीब तरीके से सडक किनारे वाहनो की पार्किंग जहाँ आटो खडी कर दिया जाता है।

### प्रिया बनीं निरविरोध वार्ड सचिव

**अलीगंज (चौथी वाणी)।** प्रखंड के सहोडा पंचायत के वार्ड न 13 धनामा गांव में वार्ड सदस्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंध समिति गठन को लेकर शुक्रवार को वार्ड सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव के पद पर प्रिया देवी निर्विरोध चुनी गयीं। मौके पर पंचायत सचिव संजय सिंह,जिप सदस्य चंपा देवी,मुरारी यादव,प्रकाश साव के अलावे दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

### जीपीडीपी तैयारी को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**अलीगंज (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज अलीगंज पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया गायत्री देवी की अध्यक्षता में वितीय वर्ष 22-23 के ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को लेकर जीपीडीपी तैयारी को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत में सोलर लाईट, सात निश्चय गली, नली, छठ घाट, कुआं, तालाब, विधवा एवं वृद्धा पेंशन, कबीर अंत्येष्टि सहित पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कई विकास योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर पंचायत सचिव,रोजगार सेवक अजय कुमार,मुखिया प्रतिनिधि बाईपी सुमन,उप मुखिया प्रतिनिधि गोपाल सिंह ,पंचायत कार्यपालक सहायक,किसान सलाहकार ,लेखापाल एवं तकनीकी सहायक के अलावे दर्जनो गणमान्य लोग व वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने गलत ढंग से वार्ड सचिव चुनने का लगाया आरोप

**सोनो (चौथी वाणी)।** सोनो प्रखंड के अंतर्गत लौहा पंचायत के वार्ड संख्या तीन में ग्रामीणों ने गलत ढंग से वार्ड सचिव चुनने का लगाया आरोप। ग्रामीणों ने वार्ड सचिव चुनाव गलत तरीके से ग्रामसभा करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। आवेदन ग्रामीण आवेदन कर्ता दिनेश यादव ,राम यादव, जितेंद्र कुमार, सुजीत यादव, नंदू यादव ,सोनू यादव, सुमन यादव, विदेशी यादव, समेत दर्जनों वार्ड संख्या तीन के ग्रामीणों ने पंचायत के वर्तमान मुखिया के भतीजे विकास कुमार सिंह को गलत तरीके से वार्ड सचिव बनाया गया।

### मारपीट में एक घायल

**खैरा (चौथी वाणी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कगेश्वर गांव के हंसु चौधरी के पुत्र सकिंद चौधरी ने थाने में लिखित आवेदन देकर गांव के ही रात लोगों पर मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है, गांव के रविंद्र कुमार राम कुमार राम जवार्धन राम वीरेंद्र नाम सहित सात लोग हमारे बेटे का शादी था जो बीते दिन गांव के ही काली मंदिर के पास घर के सभी लोग पूजा करने के लिए गई थी और मेरी चचेरी बहन भी मंदिर गई थी उसी समय ये सभी आरोपी मंदिर के पास पहले से घात लगाए बैठे थे जब हम लोग पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो ये सभी हरिजन कह कर गाली गलौज करने लगे कि तुम लोगों को मंदिर में पूजा करने का नियम नहीं है जब मैं इसका विरोध किया तो ये सभी मेरी बहन को जालंधर से छेड़छाड़ करने लगा जब मैं इसका विरोध किया तो जान मारने की नीयत से लोहे के डर से मारपीट कर घायल कर दिया परिजनों की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया थानाध्यक्ष सिधेश्वर पासवान ने बताया कि आवेदन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी बिरेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बासंती दुगार्मंदिर मे मॉ दुर्गा का मनाया गया 23 वां वर्षगाठ

**झाझा (चौथी वाणी)।** श्री श्री 108 बासंती दुगार्मंदिर पुरानी बाजार मे मॉ दुर्गा का 23 वां वर्षगाठ बडी ही धूमधाम के साथ श्रद्वालुओ के द्वारा मनाया गया। सुबह से ही मंदिर मे मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना को लेकर श्रद्वालुओ के पहुॅचने का सिलसिला जारी रहा। जहॉ लोगो ने मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना करते हुये सुखमय जीवन की कामना किया। मौके पर मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन किया गया। जिसमे पंडित के रूप मे प्रभाकर झा और प्रधान पूजारी पंडित कूलदीप ने मॉ दुर्गा का श्रृंगार पूजन, हवन किया। पूजा मे यजमान के रूप मे लक्ष्मण झा, उदयशंकर झा, नवलकिशोर झा, मनोहर सिन्हा, नंदलाल , केंएन झा, मीना झा, वीना देवी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शशिकांत झा आदि रहे। इस दौरान लोगो ने मॉ की विशेष पूजा करने के बाद हवन पूजन संपन्न किया। पूजन संपन्न होने के बाद मंदिर मे कन्या कुंवारी भोज का आयोजन किया गया। जहॉ सर्वप्रथम लोगो ने मॉ दुर्गा को भोग लगाया। लक्ष्मण झा ने कहा कि मंदिर के स्थापना वर्ष से ही प्रत्येक वर्ष मॉ दुर्गा का वर्षगाठ पूजन किया जाता है।इस बार भी पूजन को लेकर मंदिर मे पॉच दिन पूर्व से ही दुर्गा पाठ,पूजन शुरू हुआ था। वही बड़ी संख्या मे श्रद्वालुओ ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया।



### घर मे घुसकर मारपीट का मामला दर्ज

**झाझा (चौथी वाणी)।** घर मे घुसकर एक व्यक्ति एवं उसकी मॉ के साथ मारपीट किये जाने का मामला थाना मे दर्ज हुआ है। थानाक्षेत्र अंतगर्त रानीकुरा गांव के जहीर अंसारी ने बताया कि वे अपने घर से निकलकर बाजार जा रहा था कि तभी गांव के संजय ठाकुर, दीपक ठाकुर, संतोष ठाकुर तीनो तलवार, लकड़ी का बैट से हमला कर दिया जिसमे वह बचकर घर भाग आया। वही उनलोगो ने घर पर आकर मारपीट करते हुये मेरी मॉ को बैट से मारा जिससे वह घायल होकर बेहोश हो गयी जिसे ग्रामीणो की मदद से रेफरल अस्पताल लाकर ईलाज करवाया। पीड़ित ने बताया कि बीते 2018 मे संजय के पुत्र की हत्या हो गया था और उस मामले मे मुझे फंसा दिया। बदले की भावना से उनलोगो ने मुझपर और मेरी मॉ पर हमला किया।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीनो नामजदो को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत मे भेज दिया।

### पंडाल में आग लगाने का मामला थाना में दर्ज

**झाझा (चौथी वाणी)।** नगर क्षेत्र स्थित पुरानी बाजार मे शादी समारोह मे बने पंडाल मे आग लगा दिये जाने का मामला थाना मे दर्ज हुआ है। पीड़ित प्रभु चरण बरनवाल ने दर्ज आवेदन मे बताया कि सोनू कुमार माथुरी के छत पर पंडाल बनाया। जहॉ कुछ लोगो ने आग लगा दिया जिसके बाद मुहल्ले के लोगो ने आग बुझाया। मौके स्थल पर किरासत तेल से सना कपड़ा, माचीस मिला।

# 30 परीक्षा केंद्रों पर 27908 परीक्षार्थी होंगे शामिल, मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा 17 से 24 फरवरी तक होगी संचालित




**मैट्रिक परीक्षा में रहेगी कड़ी चौकसी , गेट पर ही होगी जांच। तीसरी आंख से होगी परीक्षा केंद्रों की निगहबानी। कदाचार में लिप्त परीक्षार्थी या वीक्षक पर होगी कार्रवाई। मैट्रिक परीक्षा को लेकर सीट प्लान करें सुनिश्चित।**

**जमुई (चौथी वाणी)।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के संवाद कक्ष में अहम बैठक आहूत की गई, जिसमें बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा 2022 को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिकांश प्रतिनियुक्त अधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं अन्य सम्बंधित जन उपस्थित थे। जिलाधिकारी श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा 2022 को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि सम्बंधित परीक्षा 17 - 24 फरवरी तक संचालित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला में कुल 30 केंद्रों का गठन किया गया है जहां 27908 परीक्षार्थी शामिल होंगे और अपना भाग्य आजमाएंगे। मैट्रिक परीक्षा के दरम्यान कड़ी चौकसी बरती जाएगी। प्रवेश द्वार पर ही जांच का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों की निगहबानी सीसीटीवी कैमरे से कराई जाएगी। नियमानुकूल परीक्षा के संचालन के लिए सीट प्लान हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है। कदाचार में लिप्त पाए जाने पर परीक्षार्थी अथवा वीक्षक पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि परिंदा भी पर न मार सके , इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था में परीक्षा का संचालन किया जाएगा। श्री सिंह ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम पाली पूर्वाह्न 09 : 30 से अपराह्न 12 : 45 तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 01 : 45 से संध्या 05 : 00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा के दरम्यान बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी गाइडलाइंस का अक्षरशः अनुपालन किया जाना है। कार्य में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी श्री सिंह ने गाइडलाइंस की चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में मोबाइल सहित अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स गेजेट्स का प्रवेश परीक्षा केंद्र में वर्जित है। इसके अनुपालन के लिए सख्ती की जरूरत है। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों के साथ सभी सम्बंधित जनों को इसके लिए सजग रहने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र के बाहर निर्धारित दूरी तक विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि अवांछित तत्वों पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। श्री सिंह ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा को लक्ष्य के अनुरूप संचालित किए जाने के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, चलंत दंडाधिकारी और केंद्राधीक्षकों को विशेष तौर पर सचेत रहने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी आरिफ अहसन, एसडीएम अभय कुमार तिवारी, जिला कोषागर पदाधिकारी, एएसडीएम प्रकाश रजक, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मो. शफीक, डीईओ कपिलदेव तिवारी, डीपीओ सीमा कुमारी समेत सभी दंडाधिकारी एवं सम्बंधित कर्मी उपस्थित थे। सबों ने जिलाधिकारी के निदेशों को आत्मसात किया और उसे धरा पर फलीभूत किए जाने का संकल्प लिया।

## कोदवरिया पंचायत में सात निश्चय योजनाओं में ग्रामीणों ने किया डीएम से अनियमितता की शिकायत

**पंचायत अंतर्गत 15 वें वित से कुआं मरम्मति कार्य में अनियमितता।**

**अलीगंज (चौथी वाणी)।** एक ओर सरकार विकास योजनाओं को बेहतर कार्य के लिए मानिटरिंग के लिए हर विभाग में अधिकारियों की सख्त निर्देश दे रखी है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व अनदेखी के कारण विकास योजनाओं में घटिया सामग्री के प्रयोग कर अनियमितता बरते जाने की शिकायत किया जा रहा है। अलीगंज प्रखंड के कोदवरिया पंचायत में मुखयमंत्री सात निश्चय योजनाओं में जल जीवन हरियाली के पंचायत में 15 वित आयोग के द्वारा कुआं मरम्मति में घटिया ईट ,सीमेंट व बालू का प्रयोग कार्य किया जा रहा है।ग्रामीण विजय यादव,संजय कुमार,श्रवण कुमार,भीम यादव,नीतीश यादव,राम यादव,मनीष कुमार ,दरबारी यादव सहित दर्जनो लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर,मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव बिहार, तथा जिलाधिकारी,जिला पंचायतीराज पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त जमुई को लिखित आवेदन देकर कोदवरिया पंचायत में चल रहे मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण जल जीवन हरियाली सहित 15 वें वित आयोग के द्वारा कुआं मरम्मति कार्य में घटिया सामग्री के साथ गुणवत्ताहीन ईट ,सीमेंट,बालू का प्रयोग किया किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में मनरेगा योजनाओं में भी जमकर अनियमितता बरती जा रही है। मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीनों से काम करवाया जा रहा है। जिसकी चर्चा पंचायतों में आमजनों के बीच किया जा रहा है। ग्रामीणों ने योजनाओं की जांच कराने की मांग किया है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है मामले की जांच करवाकर दोषियों पर सख्त कारवाई किया जाएगा।

## जयंती पर याद किये गये संत रैदास, वे युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे



**अलीगंज (चौथी वाणी)।** अलीगंज प्रखंड के एक निजी भवन में भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मकेश्वर यादव की अध्यक्षता में मनायी गयी। सर्व प्रथम लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। समाजसेवी सह अधिवक्ता शशि शेखर सिंह मुन्ना ने कहा कि संत रैदास जी का जन्म माघी पूर्णिमा के दिन हुआ था।उन्होने देश के लोगों को आपस में प्रेम से रहने की समाज के बीच शिक्षा परोसने का काम किया।उनकी शिक्षाए आज भी प्रेरणादायक है। प्रखंड अध्यक्ष मकेशवर यादव ने कहा कि संत जी का कथन था मन चंगा तो कठौत गंगा। जिसका अर्थ है अगर मन पवित्र है तो सब पवित्र है।उससे बडा कोई तीर्थ नही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह सिकंदरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी धर्मेद्र पासवान उर्फ गुरूजी ने कहा कि संत रैदास जी समाज में छोटा व बडा जन्म के कारण नहीं बल्कि अपने कर्म के कारण होता है। व्यक्ति के कर्म ही उसे ऊंचा एवं नीचा बनाता है। वे समाज को एक सम्मान भाव से रहने की शिक्षा परोसने का काम किये। जो कभी भूलाया नहीं जा सकते हैं। मौके पर कई वक्ताओं ने उनके व्यक्तितव एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।मौके पर डा दिनेश कुमार, परमेश्वर यादव, नरेश यादव, मंटू सिंह, लखन राम, नगीना चंद्रवंशी ,अशोक कुमार, प्रो आनंद लाल पाठक, राजेश पासवान, अवधेश यादव के अलावे दर्जनो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ पौधारोपण कर अपना जन्मदिन ओबीसी मोर्चा प्रदेश क्षेत्र के प्रभारी ने मनाया

**झाझा (चौथी वाणी)।** नगर ग्राम चरघरा में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी सिंटू कुमार राज ने अपने जन्मदिवस पर नागरिकों से मिले अपार प्यार, प्रेम व आशीर्वाद के लिए उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी जन्मदिन के अवसर पर नागरिकों को स्नेह, आशीर्वाद व शुभकामनाएं प्राप्त हो रही है, प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी सिंटू कुमार राज कि जन्मदिवस के अवसर पर सामाजिक व संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ पौधारोपण कर अपना जन्मदिन सादगी के साथ मनाया प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी सिंटू कुमार राज ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास, अपने क्षेत्र में एक पौधा लगाकर जीवन भर उसकी देखभाल करें, यही उनकी तरफ से जन्मदिन का उपहार मेरे लिए होगा। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आपका एक प्रयास हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन व अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि लगाए गए पौधों की देखभाल व संरक्षण भी अच्छे तरह से करें। क्षेत्रीय प्रभारी सिंटू कुमार राज ने नागरिक जल संरक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। जल को व्यर्थ न जाने देना और ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना पर्यावरण संरक्षण की पहल के साथ-साथ पुण्य का कार्य है इस मौकों पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ पुर्व जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार, एसबीआई बेंक पुर्व प्रबंधक वनारासी पासवान, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश यादव, भाजपा नेता मुन्ना साव, समाजसेवी सुरेंद्र साव, पुर्व प्रबंधक केन्द्रा बैंक जय प्रकाश पासवान,अशोक साव, मुंशी साव,धीरज यादव, वीके सिंह,विष्णुदेव साव,दिनेश कुमार साव, रंघुनंदन साव, प्रवीण कुमार सूर्य,गुड्डू कुमार, वीरेंद्र कुमार रोहित कुमार यादव एवं सहित दर्जनों कि संख्या में उपस्थित होकर पौधारोपण कर जन्मदिन कि बधाइयां दी।

### डायन आरोप लगाकर मारपीट किये जाने का मामला दर्ज

**झाझा (चौथी वाणी)।** महिला पर डायन आरोप लगाकर उसके साथ कुछ लोगो के द्वारा मारपीट किये जाने का मामला थाना मे दर्ज हुआ है। थानाक्षेत्र अंतगर्त सुंदरीटांड की रहने वाली दुलारी देवी ने बताया कि मेरे पड़ोस मे एक 18 वर्षीय लड़के की मौत बीमारी के कारण हो गया। जिसके बाद लड़के के पिता डिलो दास, बुधनी देवी आदि मे मुझको डायन कहते हुये मुझे अपने घर पर बुलाया और मेरा बाल पकड़कर मेरे साथ मारपीट करने लगा। साथ ही धमकी दिया कि मुझे और मेरे पोते को जान मारकर फेंक दिया जायेगा।महिला की शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस आगे की कारवाई मे जुट चुकी है।

## रेलवे बी क्लास भूमि पर अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर रेल भूमि का सर्वे

**सिमुलतला (चौथी वाणी)।** आसनसोल रेल डिवीजन में रेल प्रशासन एवं स्फाउट सॉल्यूशन कम्पनी के द्वारा रेलवे की बी क्लास भूमि का आन्तरिक सर्वे किया जा रहा है। रेलवे के विश्वस्त सूत्रों की माने तो एक सांसद ने रेलमंत्रालय को आवेदन देकर अवगत कराया था कि रेलवे का खाली पड़ा रेलभूमि का सदुपयोग को लेकर रेल प्रशासन एवं स्थानीय जिला प्रशासन के द्वारा रेलवे की बी क्लास भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये सर्वे किया जाय। रेल मंत्रालय ने आवेदन को संज्ञान में लेते ही रेलवे भूमि का सर्वे कार्य को संजीदा तरीके से कराने का निर्देश दिया। जिसमें जसीडीह झाझा रेल खण्ड सहित जसीडीह बांका एवं जसीडीह दुमका रेलखण्ड के मध्य अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सर्वे किया जा रहा है। रेलवे के विश्वशत सूत्रों की माने तो जसीडीह झाझा,जसीडीह बांका, जसीडीह वैधनाथ धाम तथा दुमका रेलखण्ड किनारे बी क्लास की भूमि पर दबंगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण कर पक्का मकान एवं दुकान निर्माण कर किराये पर लगाये हुऐ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सर्वे का कार्य जसीडीह वैधनाथ धाम रेल खण्ड पर फिलहाल जारी है।

यहां बता दें कि रेलवे का स्थापना काल में ईस्ट इंडिया कम्पनी के द्वारा रेल लाइन के लिये जमीन का अधिग्रहण किया गया था, उस समय रेल ट्रैक एवं स्टेशन परिसर की भूमि को ए क्लास एवं रेल ट्रैक के दोनों किनारे खाली जमीन बी क्लास जमीन के श्रेणी रखा गया था। ए श्रेणी के जमीन पर रेल अपने निर्माण तथा परिचालन करती है तथा बी श्रेणी के जमीन पर रख रखाव मिट्टी उठाव आदि जैसे अन्य कार्य के लिये उपयोग किया जाता है। मुख्य रूप से उक्त बी क्लास की भूमि का सदुपयोग के लिये आन्तरिक सर्वे किया जाना है।

## जमुई में डीडीसी ने किया बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा का फीता काटकर उद्घाटन



**जमुई (चौथी वाणी)।** बुधवार को जमुई शहर के बाई-पास रोड में बैंक ऑफ महाराष्ट्र सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक के नए शाखा का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीडीसी आरिफ अहसन, पटना जॉन के डीजीएम व जोनल हेड सी. बी. सिंह, बैंक के शाखा प्रबंधक खुशबू कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर व फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही वहीं मौके पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे डीडीसी आरिफ अहसन को पटना जॉन के डीजीएम व जोनल हेड सी. बी. सिंह ने चादर व गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। साथ ही शाखा प्रबंधक खुशबू कुमारी ने भी उन्हें गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वही मौके पर पहुंचे आगत अतिथियों का शाखा प्रबंधक खुशबू कुमारी ने स्वागत किया। वही मौके पर शाखा शुभारंभ के दौरान हर्ष व्यक्त करते हुए पटना जॉन के डीजीएम व जोनल हेड सी. बी. सिंह ने कहा कि जमुई जिला में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की अत्याधुनिक नई शाखा स्थानीय लोगों के लिए उनकी सभी बैंकिंग और वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि सत्र 1935 को पंजीकृत हुए यह बैंक 8 फरवरी 1936 को इसने सक्रिय रूप से व्यापार शुरू किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का स्वप्न है कि आम आदमी तक पहुंचना और उनकी सेवा करना और उनकी सभी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करना बैंक और इसके कर्मचारियों के सफल नेतृत्व में उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास किया है। आज हमें खुशी हो रही है कि बिहार में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कई शाखाएं हो गई है। जिसमें जमुई जिला का भी एक नाम आज से जुड़ गया है। जो आज से प्रारंभ हो गयी है, हालांकि यह बैंक विगत 3 महीनों से जमुई में कार्य कर रही थी। पटना जॉन के डीजीएम व जोनल हेड सी. बी. सिंह ने यह भी कहा कि शाखा सभी बुनियादी बैंकिग संव्यवहार करने के साथ ही साथ ग्राहकों की विशिष्ट बैंकिग आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी। रिटेल, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों को कवर करने वाली वित्तीय सेवाएं एवं बैंकिग उत्पादों का पूरा स्पेक्ट्रम के साथ-साथ पीएमईजीपी जैसी योजनाओं को भी प्रदान करेगी। श्री सिंह ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को उनकी जरूरतों के आधार पर विशिष्ट उत्पाद प्रदान करता है। जैसे एटीएम सह डेबिट कार्ड, सुरक्षित इंटरनेट बैंकिग, 24 घंटे ग्राहक सेवा केंद्र और मोबाइल बैंकिग जैसी सेवाओं को बेहतर रूप से प्रदान करेगी। श्री सिंह ने आगे कहा कि क्षेत्र में एक नई शाखा खोलने से अन्य चैनलों के तेजी से विस्तारित होते हुए नेटवर्क के माध्यम से रिटेल ग्राहकों को बैंकिग सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने की हमें अत्यधिक खुशी है। यह ग्राहक की बैंकिग जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप होगी। और इस शाखा के माध्यम से हमारे ग्राहकों के अनुभव में संवर्धन होगा। वही मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीडीसी आरिफ अहसन ने हर्ष व्यक्त करते हुए एवं निर्देश देते हुए कहा कि हम आशान्वित हैं कि बैंक अपने कार्यों पर खरा उतरेगी। बैंक द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न योजनाओं को पूरा करेगी। उन्होंने अपने वक्तव्य कहा कि जमुई जिला के उद्यमियों को बढ़ावा देने में बैंक ऑफ महाराष्ट्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री अहसन ने यह भी कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाने वाले एमएसएमई योजनाओं का लाभ एवं पीएमईजीपी जैसे लाभों को धरातल पर उतारेगी। जिससे यहां के नव युवकों एवं व्यापारियों में खास उत्साह देखा जाएगा और लोग काफी उत्साहित होकर कार्य कर सकेंगे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शुभारंभ में मुख्य अतिथि डीडीसी आरिफ अहसन, पटना जॉन के डीजीएम व जोनल हेड सी. बी. सिंह व बैंक के शाखा प्रबंधक खुशबू कुमारी द्वारा ऋण लेने वालों ग्राहकों को कार लोन, हाउसिंग लोन, व्यवसायिक लोन जैसे ऋण प्रदत किया गया। कार्यक्रम में बैंक के उप - शाखा प्रबंधक दीपक कुमार, क्लर्क प्रभाश कुमार, क्लर्क अमृत कुमार के अलावे बैंक के कई अधिकारी व कर्मी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।